धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार

11.12.2024

* नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net

मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 150



12 संजय मल्होत्रा आज बनेंगे आरबीआइ गवर्नर

## न्यूज डायरी

### जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की हो सीबीआइ जांच : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाल में जेएसएससी के जारी परिणाम में कई विसंगतियां पाई गई हैं। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र सीजीएल परीक्षा में सीट बेचने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से छात्रों की संतुष्टि के लिए जीएसएससी-सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच का निवेदन किया।

### रामगढ़ की चुटूपालू घाटी में ट्रेलर पलटा, दो की मौत

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में मंगलवार को सरिया लदा एक ट्रेलर खाई में जा गिरा। इस हादसे में ट्रेलर के ड्राइवर और खलासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि ट्रेलर अनियंत्रित हो गया जिसे ड्राइवर संभाल नहीं सका और वह खाई में जा गिरा। क्रेन की सहायता से मलबे को हटाया गया और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### पीएम आज स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के प्रतिभागियों से करेंगे बातचीत

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार 11 दिसंबर 2024 को शाम करीब 4:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ह्यस्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के ग्रैंड फिनाले में युवा इनोवेटर्स से बातचीत करेंगे। ग्रैंड फिनाले में 1,300 से अधिक छात्र टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।

## सीएम हेमंत और बाबूलाल ने स्पीकर की कुर्सी पर कराया आसीन

# लगातार दूसरी बार स्पीकर बन रबींद्र नाथ महतो ने बनाया रिकार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नाला विधानसभा सीट से झामुमो के निर्वाचित विधायक रवींद्र नाथ महतो सर्वसम्मति से लगातार दूसरी बार स्पीकर चुन लिये गये। स्पीकर पद के निर्वाचन को लेकर सोमवार को निर्धारित समय के भीतर पक्ष-विपक्ष की ओर से कुल सात सेट में नामांकन भरा गया था। सभी सेट में रवींद्र नाथ महतो का नाम प्रस्तावित किया गया। सर्वसम्मति से सदन से प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने रवींद्र नाथ महतो के स्पीकर चुने जाने की घोषणा की। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के वरिष्ठ विधायक बाबूलाल मरांडी ने उन्हें सम्मानपूर्वक स्पीकर की कुर्सी पर आसीन कराया।

**मिथक भी तोड़े :** विधायक रबींद्रनाथ महतो दूसरी बार स्पीकर बनते ही एक नया इतिहास रच दिया है। वे पहले ऐसे विधायक हैं, जिन्होंने लगातार दूसरी बार स्पीकर का दायित्व संभाला है। रवींद्र नाथ महतो ने विधानसभा चुनाव में चौथी बार जीत हासिल की है। स्पीकर बनते ही उन्होंने इस मिथक को तोड़ दिया, इसमें हमेशा यह देखा जाता रहा है कि कोई भी स्पीकर रहते दोबारा विधायक नहीं बनता।

**अब तक के झारखंड विस के स्पीकर**

| | |
|---|---|
| रवीन्द्र नाथ महतो | 7 जनवरी 2020 से 4 दिसंबर 2024 |
| दिनेश उरांव | 7 जनवरी 2015 से 24 दिसंबर 2019 |
| चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह | 6 जनवरी 2010 से 19 जुलाई 2013 |
| आलमगीर आलम | 20 अक्टूबर 2006 से 26 दिसंबर 2009 |
| मृगेन्द्र प्रताप सिंह | 18 अगस्त 2004 से 11 जनवरी 2005 |
| इन्दर सिंह नामधारी | 22 नवंबर 2000 से 29 मार्च 2004 |

**आज सदन में पेश होगा अनुपूरक बजट,कल विश्वास मत** : विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन 11 दिसंबर को दिन के 11.30 बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद वित्त वर्ष 2024-25 का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जायेगा। 12 को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद, सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया होगी।

## कल्याणकारी नीतियां और कानून बनायें : स्पीकर

> मेरी कोशिश होगी कि मैं सभी सदस्यों को पर्याप्त समय दूं, पर्याप्त अवसर दूं। यह सदन सभी पक्षों के विचारों वाली सदन हो। सभी पक्षों के विचार यहां आने चाहिए।
>
> **रबींद्रनाथ महतो, स्पीकर**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर रवींद्रनाथ महतो ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों, सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया। विस अध्यक्ष ने सदन के सदस्यों से लोक कल्याण के लिए नीतियां, कानून और अधिनियम बनाने का आग्रह किया जिससे समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित वर्गों का उत्थान हो सके। श्री महतो ने कहा कि सदन पक्ष और विपक्ष दोनों से मिलकर चलता है। विपक्ष सरकार का आईना होता है। लोकतंत्र की यही ताकत है कि सबकी बातें सुनी जाए। सहमति से सदन चले और मेरी अपेक्षा है कि मैं सबकी सहमति से सदन चलाऊं।

स्पीकर श्री महतो ने कहा कि मैं यहां अपने अन्तर्मन से यह कहना चाहता हूं कि जनता की बहुत सारी अपेक्षाओं के साथ हमलोग यहां चुनकर आते हैं। साढ़े तीन करोड़ जनता की इस सदन से आशाएं बंधी हैं कि उनके हित में और उनके लिए इस महापंचायत से समुचित कार्य हो। इसके साथ विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को बुधवार पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण के साथ शुरू होगी। इसके बाद राज्य सरकार के जरिये सदन के पटल पर चालू वित्त वर्ष के द्वितीय अनुपूरक बजट को लाया जायेगा। अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद इसे पारित करने की कार्यवाही होगी। हेमंत सरकार सदन में बहुमत साबित करने का काम करेगी।

चार दिनों का यह सत्र राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद 12 दिसंबर को समाप्त होगा।

# राज्य के विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका भी अहम : सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को सदन में कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका अहम है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि इस चुनाव के दौरान राज्य की जनता ने जो निर्णय सुनाया है, उस निर्णय का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि ये लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। सीएम ने रवींद्र नाथ महतो को फिर से स्पीकर चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्री महतो की अध्यक्षता में पंचम विधानसभा सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से आपने सदन की गरिमा को और मजबूत रखने में अहम भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सर्वसम्मति से आपको षष्टम विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। भरोसा है कि इस राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हमसब मिलकर इस मंदिर में एकत्र होंगे।

**संसदीय व्यवस्था मजबूत दिखेगी : राधाकृष्ण-** इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रवींद्र नाथ महतो को स्पीकर चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपकी अध्यक्षता में मिलकर काम करेंगे और संसदीय व्यवस्था की सुचिता दिखेगी। उन्होंने कहा कि आपके जैसे व्यक्तित्व को आसन पर देख सभी सदस्य गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने सदन के सहयोग का पूरा भरोसा दिया।

**विपक्ष को अधिक अवसर मिले : बाबूलाल मरांडी -** भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने रवींद्र नाथ महतो को शुभकामनाएं दी और अपील की कि विपक्षी सदस्यों को अधिक अवसर दें। इससे राज्य की ज्वलंत समस्याओं की पहचान और समाधान में मदद मिलेगी। (शेष पेज 8 पर)

## उच्च सदन के इतिहास की पहली घटना

# रास के सभापति धनखड़ के खिलाफ इंडी का अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** इंडी समूह ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर सदन में कार्यवाही के दौरान पक्षपात का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। प्रस्ताव पर करीब करीब सभी विपक्षी दलों के 60 नेताओं के हस्ताक्षर हैं। संसद के दोनों सदनों से प्रस्ताव पारित होने के बाद ही उन्हें हटाया जा सकता है। राज्यसभा के 72 वर्ष के इतिहास में किसी सभापति के खिलाफ पहली बार अविश्वास का प्रस्ताव लाया गया है। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अब तक तीन बार अविश्वास प्रस्ताव लाया जा चुका है। सत्तापक्ष ने इस प्रस्ताव को लेकर इंडी गठबंधन की कड़ी आलोचना की है।

**आगे क्या होगा :** राज्यसभा में सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए 14 दिन का नोटिस देना होता है। (शेष पेज 8 पर)

### झारखंड में आज से कड़ाके की ठंड

**रांची।** बंगाल की खाड़ी से आये पश्चिमी विक्षोभ ने झारखंड के कई जिलों में जनजीवन को प्रभावित किया है। बारिश से कनकनी बढ़ गयी। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार से आसमान साफ हो जायेगा। वहीं तापमान में तीन से पांच डिग्री से. की गिरावट होगी जिससे कड़ाके की ठंड पड़ेगी। कोहरे को लेकर येलो अलर्ट वहीं कई हिस्सों में कोहरे को लेकर भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार को गढ़वा, पलामू, चतरा, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, गिरिडीह, पूर्वी व पश्चिम सिंहभूम, हजारीबाग, कोडरमा सरायकेला-खरसांवा में कोहरा रह सकता है।

मीडिया मार्केटिंग इनिशियेटिव

# शारदा ग्लोबल स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

## थीम – 'एब्लेज इवाल्व इट्स टाइम टू चेन्ज' पर आधारित कार्यक्रमों ने अभिभूत किया दर्शकों को

*रविवार, 8 दिसम्बर को शारदा ग्लोबल स्कूल में बहुप्रतीक्षित वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ जिसमें थीम एब्लेज 'इवाल्व इट्स टाइम टू चेन्ज' के आधार पर नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों के माध्यम से अतिथियों को अभिभूत एवं भाव विभोर कर दिया एवं लोगों के विचार में बदलाव लाने का संदेश भी अपनी प्रस्तुति अधिकार (वुमेन सेफ्टी) के माध्यम से दिया।*





भिन्न-भिन्न गानों के रिदमों पर बच्चों का उत्साह।



विपरीत परिस्थितियों में ईश्वर पर श्रद्धा



शिक्षा हो या सम्मान, दोनों है नारी का अधिकार



काल्पनिक लोक में ले जाकर रचनात्मक एवं तार्किक गुणों का विकास



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री परवीन कुमार टोप्पो (आई॰ए॰एस॰, सेक्रेटरी पर्सनल, एडमिनिस्टेजटिव रिफार्म एवं राजभाषा डिपार्टमेन्ट गवर्मेंट ऑफ झारखण्ड) एवं श्रीमती निक्की टोप्पो, गेस्ट ऑफ ऑनर श्री अमित कुमार (आई॰ए॰एस॰ डिपार्टमेन्ट ऑफ फायनान्स एवं कॉमर्शियल टैक्सेस, गवर्मेन्ट ऑफ झारखण्ड एवं श्रीमती प्रेरणा मेहता, श्री शशि रंजन (आई॰ए॰एस॰ डिपार्टमेन्ट ऑफ झारखण्ड एजूकेशन प्रोजेक्ट काउन्सिल गवर्मेन्ट ऑफ झारखण्ड एवं डॉ॰ (श्रीमती) श्रेया रंजन के अतिरिक्त अन्य विशिष्ट अतिथियों में श्री आदित्य स्वरूप (आई॰ए॰एस॰), श्रीमती मन्नु झा, अन्य विद्यालयों के डायरेक्टर्स एवं प्रिंसिपल एवं अभिभावकगण ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में छात्रों ने भिन्न-भिन्न जीवन्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अतिथिगण को सम्मोहित कर दिया। अभूतपूर्व नृत्य एवं संगीत, भजन, इन्स्ट्रूमेन्टल, सूफी संगीत, फ्यूजन, प्रस्तुतियों के साथ-साथ नृत्य-नाटक प्रस्तुत किया। परिवर्तन प्रकृति का नियम है अतः हमें इन चुनौतियों को स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए, यह संदेश छात्रों की प्रस्तुतियों द्वारा स्पष्ट किया गया। वार्षिकोत्सव पर विद्यालय की प्राचार्या महोदया ने विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित अतिथिगण ने छात्रों की अद्भुत प्रस्तुतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय एवं विद्यालय के छात्र सही एवं सटीक निर्देशन में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं यह अत्यन्त हर्ष का विषय है।



**संजय शारदा,चेयरमैन** - शिक्षा एक छात्र की सम्पूर्णता की खोज का वह साधन है जो उसकी पूर्णता में सहायक है। अपनी स्थापना के नवें वर्ष में यह विद्या का मन्दिर शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में उच्च मानदंडों को स्थापित करने में सफल रहा है। इस सफलता का श्रेय विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ॰ (श्रीमती) रंजना स्वरुप, विद्यालय की प्राचार्या महोदया श्रीमती जसमीत कौर एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षकों को जाता है, जिनके मार्गदर्शन में छात्र नित नए कीर्तिमान गढ़ने में सफल हो रहे हैं।



**दीपक बंका, डायरेक्टर** - आज हमें यह बताते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि 2015 में स्थापित शारदा ग्लोबल स्कूल ने इतने अल्प समय में जो सफलता का इतिहास रचा है वह अपने में अद्वितीय है यहां के छात्र साल-दर-साल इसकी प्रतिष्ठा को अपनी सफलता से नए आयाम दे रहे हैं।




**अनुज रंजन, डायरेक्टर** - आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्र केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं वरन् अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में विद्यालय का परचम लहरा रहे हैं यह विद्यालय की शिक्षण पद्धति एवं उचित निर्देशन का द्योतक है।



**रंजना स्वरुप, डायरेक्टर एकेडमिक** - शिक्षा मनुष्य के शरीर मन एवं आत्मा के सर्वोत्तम गुणों को सामने लाता है। शिक्षण के साथ-साथ विद्यालयी गतिविधियां छात्रों में आत्मविश्वास, मानसिक एवं शारीरिक विकास, संवेगात्मक, सहयोग एवं आत्म-नियन्त्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



**जसमीति कौर, प्रिंसिपल** -- आज की नवीन शिक्षण प्रणाली छात्रों को ज्ञान के साथ-साथ जीवन को अच्छे से जीने की तैयारी है। शारदा ग्लोबल स्कूल शिक्षण के साथ अपने छात्रों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफल होने की तैयारी एवं प्रेरणा देता है।



राक्षसों का वध करने वाली आदि शक्ति, महिषासुर मर्दनी का भव्य रूप





भारत को मिटाने वाले मिट गए, यह है इतिहास हमारा। शाश्वत अखण्ड रहे इसे यह है प्रण हमारा




पुरानी पीढ़ी का नई पीढ़ी से तालमेल।



गिटार, तबला, ढोलक, शंख और हारमोनियम पर जीवंत प्रस्तुति छात्रों ने दी



**मुख्य अतिथि श्री प्रवीण कुमार टोप्पो (आई॰ए॰एस॰)** ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 'शिक्षा वह संस्कार है जो हमें अपने कर्त्तव्यों को समझने में मदद करता है। शारदा ग्लोबल स्कूल अपने छात्रों में शिक्षण के साथ-साथ संस्कार के बीज का रोपण कर रहा है जो उनकी अद्भुत प्रस्तुतियों के माध्यम से दृष्टिगत हो रहा है। विद्यालय के छात्रों का भविष्य उचित निर्देशन एवं मार्गदर्शन में हो रहा है जिसका परिणाम है कि छात्र जीवन के विविध क्षेत्रों में नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। उन्होंने छात्रों को अधिक से अधिक ज्ञानवर्धक पुस्तके पढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए मेरी शुभकामनाएं।



**गेस्ट ऑफ ऑनर श्री अमित कुमार (आई॰ए॰एस॰)** - शिक्षा सही मायनों में अज्ञानता के अंधकार को मिटाता है। शारदा ग्लोबल स्कूल छात्रों के भविष्य निर्माण में हर कदम उनके साथ है। छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुतियों ने विद्यालय की गरिमा बढ़ा कर विद्यालय को नई ऊंचाइयां दी है यह अत्यन्त हर्ष का विषय है।



**श्री शशि रंजन (आई॰ए॰एस॰)** - आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में किताबें पढ़ना एवं उनमें दी गई सीख को जीवन में लागू करना अत्यन्त आवश्यक है। शारदा ग्लोबल स्कूल ने अपने छात्रों के शैक्षणिक स्तर के साथ-साथ सह पाठ्यक्रम गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया है। वह यहां के मैनेजमेन्ट एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षकों की ही देन है। विद्यालय के इस अदभुद प्रगति के लिए मेरी हार्दिक बधाइयां।

## झारखंड के विकास का तैयार हो रहा रोड मैप, सीएम करेंगे समीक्षा

**रांची।** हेमंत सोरेन की पार्ट-2 सरकार झारखंड के चहुंमुखी विकास का रोड मैप तैयार कर रही है। जल्द ही इसकी समीक्षा की जायेगी। इसे लेकर मुख्य सचिव कार्यालय ने सभी विभागों से पूरा ब्यौरा मांगा है। मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से कहा गया है कि सभी विभागों के योजना बजट के विरूद्ध निर्गत की गयी स्वीकृत्यादेश, आवंटन आदेश व खर्च की स्थिति का ब्यौरा उपलब्ध कराया जाये। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विभागों द्वारा तैयार किये जा रहे योजनाओं की भी रिपोर्ट मांगी गयी है। कोशिश की जा रही है कि 31 मार्च के पहले बजट उपबंध की राशि खर्च की जाये। मुख्य सचिव जल्द ही इसकी समीक्षा भी करेंगी।


### कमर्शियल वाहन की खुली नीलामी

टाटा मोटर्स फाइनेंस द्वारा जब्त किए गए कमर्शियल वाहनों की खुली नीलामी दिनांक 11 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक नीचे दिए गये पते पर आयोजित की गई है। पता : होटल जेनिस्टा इन डायमंड प्लाजा पुरुलिया रोड, नियर फ्रेंड्स ऑटोमोबाइल काटा टोली चौक, रांची झारखंड। नीलामी में भाग लेने के लिए आप सादर आमंत्रित है। अधिक जानकारी के लिए 7209071956, 9525182395 पर कॉल करें।

### कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**–:रद्द संबंधी सूचना:–**

कार्यालय पत्रांक 1585/जि0प0, दिनांक 30.11.2024 द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 17/24–25 (PR No. 341110 District (24-25)#D) के ग्रुप संख्या–02 में वर्णित कार्य (प्रखण्ड–सिमरिया, पंचायत–सबानो, ग्राम–सबानो में चमरी आहर का जीर्णोद्धार) अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 341682 District(24-25)#D

### Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER
Transmission Zone-V, Hazaribag,
Sringari Complex 1st Floor, Canary Hill Road,
Near Mont Fort School, Hazaribag– 825301, JH
Email: esetcirclehzb@gmail.com Contact No.: +91 06546-270375

**CORRIGENDUM – 01**

In eNIT No.- 305/PR/JUSNL/2024-25 the Earnest Money Deposit amount published may be read as Rs.**46,500.00** instead of Rs.6,500.00.

**Kindly note that all the other details will remain the same**

PR No. 341246

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-V, Hazaribag

PR 341619 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D


## माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने सीएम से की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## कोल लिंकेज प्राप्त एमएसएमई इकाइयों के भौतिक निरीक्षण का निर्देश

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में नई कोयला विवरण नीति को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इसमें कोल लिंकेज प्राप्त एमएसएमई इकाइयों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान आयुक्त ने विभिन्न कंपनियों के भौतिक निरीक्षण के निर्देश दिए। कहा कि जांच के दौरान संबंधित कागजातों में जेएसएमडीसी से कोल लिंकेज से प्राप्त कंपनियों की ओर से वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 में आपूर्ति किए गए कोयले का विवरण प्राप्त करें। साथ ही जेएमएमडीसी की ओर से कोयला आपूर्ति के लिए अपनाये जाने वाले प्रावधान/विधि का विवरण भी प्राप्त करें। उन्होंने शीघ्र भौतिक निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा है। बैठक में खान उप निदेशक अमरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक श्रीनिवासन, खान निरीक्षक आकाश कुमार सिंह सहित कई अन्य उपस्थित थे।


### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(जिला योजना)

**ईच्छा की अभिव्यक्ति से पूर्व Pre-Bid परिचर्चा हेतु "आमंत्रण सूचना"**

Niti Aayog, Award Money अन्तर्गत किस्को एवं पेशरार प्रखण्ड में आयस्टर मशरूम उत्पादन एवं Solar Drying Unit की स्थापना की जानी है। उक्त आलोक में उच्चतम गुणवत्ता का मशरूम एवं आवश्यक उपकरणों के क्रय एवं अधिष्ठापन तथा उपकरणों के संचालन का सामान्य प्रशिक्षण (एक वर्ष के रख–रखाव सहित) हेतु Turnkey Basis पर निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रण से पूर्व इच्छुक प्रस्तावकों को दिनांक 18.12.2024 को पूर्वा 11:30 बजे से समाहरणालय सभागार, लोहरदगा में निर्धारित Pre-Bid परिचर्चा में भाग लेने हेतु आमन्त्रित किया जाता है।

उक्त Pre-Bid बैठक में इच्छुक प्रस्तावकों से आयस्टर मशरूम उत्पादन, Drying एवं विपणन से संबंधित परिचर्चा तथा प्रस्तावकों द्वारा तकनीकी बिन्दुओं, कार्य योजना आदि के संदर्भ में Power Point Presentation प्रस्तुतीकरण या सुझाव के आधार पर बेहतर तकनीक, अतिरिक्त आवश्यक उपकरण एवं विकल्प आदि का निर्धारण करते हुये जिलास्तरीय क्रय एवं मूल्यांकन समिति द्वारा परियोजना हेतु आवश्यक मानक उपकरणों के क्रय हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जायेगी।

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 341658 Lohardaga (24-25)_D

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice(2nd Call)
Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 55 /2024-25 Date:-09-12-2024

| Sl.No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Toilet Block inUtkramit Ucch Vidyalaya, Hendegir, (Part -02) Block- Keredari, District- Hazaribag. | 641200/- | 13000/- | 1250/- | 4 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 12-12-2024 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 18-12-2024 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,Building Division, Hazaribag

PR 341666 (Building)24-25*D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

प्रपत्र संख्या–1

**अल्पकालीन ई– निविदा**

निविदा संख्या :- 06/JMT/2024-25 दिनांक 10-12-2024

| क्र0 सं0 | विवरणी: कार्य का नाम | विवरणी: ग्रुप/संख्या | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि | विस्तृत विवरणी: अग्रिम जमानत की राशि | विस्तृत विवरणी: परिमाण विपत्र का मूल्य | विस्तृत विवरणी: कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for **Reorganization Urban Water Supply Scheme Jhumritelaiya** under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2025-26 | JMT/ URBAN | 59,45,040/- | 1,19,000.00 | 10,000.00 | 12 Month |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | | 16-12-2024 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :– | | 26.12.2024 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | | 26.12.2024 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– | | 28.12.2024 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :– | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :– | | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :– | | 08002536460, Email-id – eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 9 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | | 0651-2480345 | | | |

- परिमाण विपत्र की राशि घट/बढ़ सकती है।
- स्वीकृत्यादेश की प्रत्याशा में निविदा की जा रही है। स्वीकृत्यादेश के उपरांत ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
- विस्तृत विवरण बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है !स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया

PR 341680 Drinking Water and Sanitation(24-25).D


# झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी के लिए बनेगी नियामक संस्था : डॉ. इरफान अंसारी

- इलाज के अभाव में अब कोई मौत नहीं होगी, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सख्त कदम
- मंत्री ने निजी स्वास्थ्य संस्थानों की मनमानी पर सख्त कदम उठाने की घोषणा की



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने निजी नर्सिंग होम, निजी अस्पतालों और जांच केंद्रों द्वारा की जा रही मनमानी पर चिंता व्यक्त करते हुए सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। राज्य भर से आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने व्यापक स्तर पर जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने घोषणा की है कि निजी नर्सिंग होम, अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों पर नियंत्रण रखने के लिए राज्य स्तर पर एक नियामक संस्था का गठन किया जाएगा। यह संस्था इन स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी करेगी और आम नागरिकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

मंत्री ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से निजी अस्पतालों की निगरानी के लिए सक्षम अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। यह अधिकारी निजी स्वास्थ्य संस्थानों की सेवाओं की देखरेख करेंगे ताकि गरीब और जरूरतमंद मरीजों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय और लापरवाही न हो।

डॉ. इरफान अंसारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि झारखंड राज्य को पहली बार एक डॉक्टर स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर मिला है, और इसका लाभ पूरे राज्य को मिलना चाहिए। अब गरीब मरीजों को इलाज के अभाव में जान गंवानी नहीं पड़ेगी। स्वास्थ्य विभाग आम लोगों के हितों के साथ किसी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगा। इस निर्णय से झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा जाएगा, जहां सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

## विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना प्राथमिकता : चमरा लिंडा

- एसटी,एससी एवं ओबीसी कल्याण मंत्री ने किया मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स का भ्रमण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स कार्यालय का भ्रमण किया। मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा तथा अन्य अधिकारियों ने उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री लिंडा का कार्यालय में उपस्थित सभी कर्मियों ने भी हार्दिक स्वागत किया। मौके पर मंत्री ने कल्याण परिसर के सभी कार्यालयों के सभी कर्मियों से परिचय लिया तथा विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की जानकारी ली।

**अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना प्राथमिकता :** मंत्री ने कहा कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ ससमय पूरी पारदर्शिता के साथ लाभुकों तक पहुंचे इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्यों का संपादन करें। सभी प्रकार की छात्रवृत्ति राशि का वितरण, साइकिल वितरण, मुख्यमंत्री रोजगर सृजन सहित विभाग द्वारा चलाए जा रहे अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्र गरीब जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि राज्य के भीतर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के बच्चों को भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का समान अवसर प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, प्रबन्ध निदेशक नेलसम बागे, प्रबन्ध निदेशक सुधीर बाड़ा, टीआरआई से उपनिदेशक मोनिका टूटी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

झारखंड हाईकोर्ट ने कहा

## संविदा कर्मियों को नहीं हटा सकते, पेयजल विभाग में आउटसोर्स नियुक्ति के आदेश पर रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पेयजल स्वच्छता विभाग में अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों को हटाकर आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति करने के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

दरअसल स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन में ब्लॉक वॉश कॉर्डिनेटर के पद पर कार्य कर रहे लोगों को हटाकर पूरे राज्य में आउटसोर्स के जरिए नए लोगों को रखने का आदेश इसी वर्ष 16 सितंबर को हुआ था। जिसके खिलाफ राम किशून एवं अन्य ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि संविदा कर्मियों को नहीं हटा सकते। अधिवक्ता नवीन कुमार ने प्रार्थियों की ओर से बहस की।

### छवि रंजन समेत नौ की हिरासत अवधि दो जनवरी तक बढ़ी

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री कर मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े मामले में जेल में बंद आरोपी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी गई है। इससे पूर्व मामले में जेल में बंद नौ आरोपियों को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अगली पेशी की तारीख 2 जनवरी निर्धारित की गई है। अदालत ने छवि रंजन, कारोबारी अमित अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन दलाल बरियातू के मिल्लत कालोनी निवासी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, डोरंडा के मनी टोला का निवासी इम्तियाज अहमद, बड़ागाईं निवासी मो. सद्दाम हुसैन, तल्हा खान एवं फैयाज अहमद की हिरासत अवधि बढ़ा दी है। वहीं, एक आरोपी दिलीप घोष जमानत पर चल रहा है।

## डीएसपीएमयू में डॉ अमृता लाल की पुस्तक का किया गया लोकार्पण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) रांची के कांफ्रेंस हॉल में मंगलवार को विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ अमृता लाल की पुस्तक-ए टेक्स्टबुक ऑफ इंवायरनमेंटल स्टडीज एंड अंडरस्टैंडिंग इंडिया का संयुक्त लोकार्पण कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, साइंस डीन, डॉ ईश्वरी प्रसाद गुप्ता और सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन डॉ सर्वोत्तम कुमार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पुस्तक आज के संदर्भ में विद्यार्थियों के लिए और अधिक प्रासंगिक हो जाती है, क्योंकि यह पुस्तक नई शिक्षा नीति के अंतर्गत वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम को ध्यानगत करते हुए लिखी गयी है। यह नयी शिक्षा नीति के स्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए काफी लाभकारी होगी। इस पुस्तक की प्रस्तावना कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने लिखी है, जिसमें उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर एक ही पुस्तक में दोनों खंडों का लेखन इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बनाती है। यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी, ऐसा उनका विश्वास है। पुस्तक की लेखिका डॉ अमृता लाल ने कहा कि यह पुस्तक पूरी तरह से नई शिक्षा नीति के अंतर्गत वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम में शामिल एनवायरमेंटल स्ट्डीज और अंडरस्टैंडिंग इंडिया पर आधारित है। इस अवसर पर डॉ जीसी बास्की, डॉ सजलेंदु घोष, डॉ पीयूष बाला, डॉ देबू मुखर्जी, संदीप प्रसाद, डॉ आईं एन साहू के अलावा पर्यावरण विज्ञान विभाग के सभी शिक्षकों की मौजूदगी रही। यह जानकारी पीआरओ प्रो. राजेश कुमार सिंह ने दी।

## हाईकोर्ट का आदेश : राज्य के सभी जेलों में हेल्थ कैंप लगाकर बंदियों का करायें इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए झालसा (झारखंड लीगल सर्विस अथारिटी) एवं डालसा (डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथारिटी) को राज्य के सभी जेलों में हेल्थ कैंप लगाकर बंदियों का समुचित इलाज कराने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद एवं जस्टिस नवनीत कुमार के कोर्ट ने यह आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि मेडिकल जांच में मोतियाबिंद, डाइबीटीज, ब्लड प्रेशर तथा अन्य बीमारियों की चिकित्सीय जांच कराकर समुचित इलाज की व्यवस्था की जाये।

**झालसा ने सभी कारागृह से रिपोर्ट मंगायी है :** बेंच ने यह भी आदेश दिया है कि जेल अदालत के दिन झालसा यह सुनिश्चित करेगा कि मेडिकल जांच कैंप लगे तथा कोई भी जागरूकता कार्यक्रम जो कारागृह में झालसा एवं डालसा के द्वारा आयोजित किया जायेगा, तो उसमें सभी वृद्ध एवं बीमारियों से ग्रसित बंदियों के लिए निश्चित रूप से मेडिकल जांच कैंप भी आयोजित किया जायेगा। झालसा ने सभी कारागृह से रिपोर्ट मंगायी है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के बंदियों की संख्या 164 है तथा गंभीर बीमारी से ग्रसित बंदियों की संख्या 11 है। झालसा ने सभी डालसा को दिशा-निर्देश दिया है कि उनकी मेडिकल जांच सुनिश्चित करें तथा उन्हें तत्काल आवश्यकतानुसार चिकित्सीय सहायता प्रदान करें।

## बीआईटी मेसरा में सरफेस इंजीनियरिंग पर संगोष्ठी आज

- देश के 100 से अधिक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और शोधकर्ता होंगे शामिल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआईटी, मेसरा के भौतिकी विभाग की ओर से दो दिनी द्वितीय इंडो-यूरोपीय संगोष्ठी ऑन सरफेस इंजीनियरिंग का आयोजन बुधवार से होगा। 11 और 12 दिसंबर को आयोजित यह संगोष्ठी भारत, ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड, पुर्तगाल, अमेरिका और अन्य देशों के 100 से अधिक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और शोधकताओं को एक मंच पर लाएगी। संगोष्ठी में 12 प्रमुख वक्ता अपने नवीनतम शोध और उद्योग संबंधी अंतर्दृष्टियां साझा करेंगे। संगोष्ठी का उद्घाटन निदेशक (सीएसआईआर-केंद्रीय यांत्रिक इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुर) डॉ. नरेश चंद्र मुर्मू करेंगे। यह महत्वपूर्ण आयोजन सतह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रगति, नवाचार और उभरते रुझानों पर केंद्रित होगा, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग और ज्ञान साझाकरण को बढ़ावा देना है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता बीआईटी, मेसरा के कुलपति प्रोफेसर इंद्रनील मन्ना करेंगे। प्रोफेसर अल्बानो कैवलेइरो (यूनिवर्सिटी ऑफ कोइंब्रा, पुर्तगाल) से सह-अध्यक्ष के रूप में योगदान देंगे। संगोष्ठी के सहायक प्रोफेसर संयोजक डॉ. ऋषि शर्मा और सह-संयोजक डॉ. सोमक दत्ता हैं। संगोष्ठी में भारतीय और यूरोपीय शोधकर्ता सतह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवाचार एवं इसके अनुप्रयोगों को तलाशने के लिए एकत्रित होंगे। इसमें विशेष रूप से एयरो स्पेस, स्वास्थ्य, ऊर्जा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सतह इंजीनियरिंग के उपयोग पर चर्चा की जाएगी। संगोष्ठी में ज्ञानवर्धक व्याख्यान, रोचक चर्चाएं, और प्रतिभागियों के लिए नेटवर्किंग के अनमोल अवसर उपलब्ध होंगे। यह कार्यक्रम शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ सतह इंजीनियरिंग अनुसंधान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेरित करेगा।

# पोटका प्रखंड कार्यालय व बैंक ऑफ इंडिया की मेचुआ शाखा के बीच पिस रहा जादूगोड़ा का दिव्यांग हचाई बास्के

## बीते पांच सालों से नहीं पा सका पेंशन की राशि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जादूगोड़ा।** एक ओर जहां झारखंड की हेमंत सरकार कमजोर व विकलांग को सशक्त बनाने को लेकर कई योजनाएं चला रही है, लेकिन योजनाओ का लाभ लाभुक तक कितना पहुंच रहा है, इसका जीता-जागता उदाहरण पोटका प्रखंड के डोमजूडी पंचायत स्थित राजदोहा गांव (जादूगोड़ा) के बाड़ेघुटू टोला में देखने को मिला। गांव के 17 वर्षीय विकलांग हचाई बास्के, जो चलने में असहाय है।

बीते पांच सालों से पेंशन की राशि पाने के लिए पोटका प्रखंड कार्यालय और बैंक ऑफ इंडिया की जादूगोड़ा मोड़ के पास स्थित मेचुआ शाखा के बीच



दिव्यांग हचाई बास्के।

चक्कर काट रहे है व पेंशन से वंचित है। मां धानी बास्के विकलांग बेटे को लेकर उसे पेंशन की राशि दिलाने को संघर्ष कर रही है,लेकिन उनकी सुधि लेने वाला कोई नही। इस बाबत मां धानी किस्कू कहती है कि कोरोना से पहले बेटे को विकलांगता पेंशन मिलती थी, लेकिन अचानक बंद हो गया।

इस सिलसिले में जब पोटका प्रखंड कार्यालय जाती हूँ तो उसे बताया जाता है कि आपका पैसा बैंक ऑफ इंडिया की मेचुआ शाखा, खाता संख्या 453910100006162 में बीते कई सालों से भेजा जा रहा है, वही बैंक जवाब देती है की पैसे किस खाते में भेजा जाता है, प्रखंड कार्यालय जाकर पता कर। 17 वर्षीय आदिवासी विकलांग हचाई बास्के दो बार केवाईसी भी जमा कर चुका है। बहरहाल देखना यह है कि सरकार की योजनाओं का लाभ कब तक विकलांग हचाई बास्के को मिल पाता है। सरकार के नुमाइंदे क्या इसका संज्ञान लेंगे, यह गौर करने वाली बात होगी।

# मानगो वसुंधरा स्टेट में शिव कथा 25 से

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा स्टेट में सात दिवसीय त्रिशूल शिव महापुराण कथा आगामी 25 दिसम्बर से 01 जनवरी तक होगा। श्रीधाम वृन्दावन के स्वामी वृजनंदन शास्त्री जी महाराज श्री शिव कथा का प्रसंग रोजाना संध्या 04 से 07 बजे तक करेंगें। महाराज जी द्वारा व्यासपीठ से कथा वाचन के दौरान भगवान के अलग-अलग रूपों की झांकियों का दर्शन भी कराया जायेगा।

इसका आयोजन किरण-उमाशंकर शर्मा परिवार द्वारा किया जा रहा हैं। इसे सफल बनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह जानकारी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा काली ने मंगलवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने



वृजनंदन शास्त्री जी महाराज।

बताया कि प्रथम दिन बुधवार 25 दिसम्बर को कलश यात्रा से श्री शिव कथा का शुभारंभ होगा। अंतिम दिन एक जनवरी बुधवार की शाम को भव्य भंडारा के साथ इस धार्मिक कार्यक्रम का समापन होगा। काली शर्मा ने बताया कि शिवकथा महोत्सव का प्रसंग आस्था चैनल पर सीधा प्रसारण होगा।

## जागर्स पार्क मैदान में भागवत कथा का शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्री कुसुम मधुबन बिहारी गौ सेवा संस्थान द्वारा भागवत कथा का शुभारम्भ मंगलवार से गोलमुरी स्थित जागर्स पार्क मैदान में हो रही है जो निरंतर 17 दिसंबर तक चलेग। भागवत कथा में वृन्दावन के कथावाचक पंडित पवन कृष्ण गौतम जी ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराया और प्रभु की लीला का वर्णन किय। पंडित ने कहा कि धर्म की रक्षा हेतु आप सदैव तैयार रहे, आप सभी अपने अपने धर्म से प्रेम करे, गौ रक्षा का संकल्प ले, यही भागवत गीता का उद्देश्य है, भगवान से जिन्हें प्रेम है, उन्हीं का आगमन इस कथा में होता है क्योंकि



भगवान के कथा में जब भी मौका मिले पूरी मन से भगवान की कथा में आना चाहिए, क्योंकि जब मन ही नहीं होगा तो कथा में आना व्यर्थ हैं। आयोजन में मुख्य यजमान के रूप अप्पू तिवारी, सपत्नी श्वेता तिवारी पूजा पाठ का आयोजन करते हुए आरती कर कथावाचक का स्वागत किय। भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकली जो जागर्स पार्क से भालूबासा स्थित राधा कृष्ण मंदिर तक गयी।

# जमशेदपुर की दो सगी बहनों की हत्या में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी, कई राज अभी भी दफन

## डबल मर्डर केस में अन्य कई लोगों की तलाश जारी : संदीप भक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जादूगोड़ा।** जमशेदपुर के बमार्माइंस की रहने वाली दो सगी बहनों की हत्या कर बीते 14 नवंबर को जादूगोडा स्थित नरवा पहाड़ के गुरा नदी ने फेके जाने के मामले में रिटायर्ड आरपीएफ कर्मी दीनाकांत ठाकुर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की इस सफलता का लोग प्रशंसा कर रहे हैं।इधर डीएसपी इस डबल हत्याकांड के खुलासे के बाद पुलिस उपाध्यक्ष संदीप भक्त ने कहा कि दोनों सगी बहने की हत्या के कई राज अभी भी दफन है। जिसके खुलासे के लिए पुलिस टीम बनाकर काम कर रही है, जिसका परिणाम जल्द सामने आयेगा। उन्होंने खुलासा किया कि इस हत्या में केवल पूर्व



आरपीएफ कर्मी दीनाकांत ठाकुर ही शामिल नहीं है। कई लोगों की पुलिस तलाश कर रही है। इसमें उपयोग में लाए गए वाहन व हत्या में उपयोग की गई हथियार को भी पुलिस जल्द बरामद कर लेगी।

घटना के बाबत बताया जाता है कि जमशेदपुर बर्मामाइंस की रहने वाली दो सगी बहनें पुष्पा (60) व प्रतिभा दास (45) का परसुडीह निवासी सह पूर्व आरपीएफ कर्मी के साथ पूर्व में पारिवारिक संबंध था। इस बीच पुष्पा दास से आरोपी दीना नाथ ठाकुर ने उधार में कई बार पैसे लिए लेकिन वापस नहीं किया। पैसे को लेकर दबाव बढ़ा तो दीना कांत ठाकुर ने खतरनाक कदम उठाया व अपने ही घर पर दोनों ही बहनों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। मामले का राज नहीं खुले इसलिए उसकी छोटी बहन प्रतिभा दास की भी हत्या कर, दोनों शव को जादूगोड़ा के गुरा नदी ने फेक दिया। जादूगोड़ा पुलिस को हत्या के तीन सप्ताह बाद मामले खुलासा करने में सफलता मिली। इस टीम में डीएसपी संदीप भक्त, जादूगोड़ा थाना प्रभारी राजेश मंडल, आंनद मरांडी समेत कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

### पुलिस अधीक्षक ने जानी चांडिल थाना की हकीकत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**चांडिल।** मंगलवार को सरायकेला-खरसावां पुलिस अधीक्षक द्वारा चांडिल पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कार्यालय में संधारित अभिलेखों की गहनता से जांच करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने थाना में लंबित कांडों/ वारंट/ इश्तेहार/ कुर्की आदि के त्वरित निष्पादन करने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वारंटियों/ फरारियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी अभियान चलाने, बैंक एवं एटीएम पर विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ क्षेत्रों में अड्डा बाजी, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु सघन गश्ती अभियान चलाने का निर्देश दिया।

# विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु 23 उम्मीदवार किये गये शॉर्टलिस्ट

- जिला नियोजनालय सरायकेला में रोजगार शिविर का आयोजन
- झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का किया गया अनुपालन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को जिला नियोजनालय सरायकेला-खरसावां परिसर में जॉब कैम्प का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी श्री आलोक कुमार टोपनो ने बताया कि भर्ती कैम्प में टैलेंटनेक्सा सर्विसेज लिमिटेड़ एवं युवा शक्ति फाउंडेशन के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से फिटर, विएमसी



ऑपरेटर, सीएनसी ऑपरेटर व मिग वेल्डर सहित विभिन्न पदों नियुक्ति हेतु कुल 23 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। नियुक्तियों में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन किया गया। उन्होंने बताया कि जिला नियोजनालय के सौजन्य से नियमित रूप से रोजगार शिविर एवं रोजगार मेला लगाया जाता है।

# पूर्व सैनिकों ने किया विधायक सरयू राय और पूर्णिमा दास का अभिनंदन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर ने झारखण्ड विधानसभा चुनावों में विजयी विधायक सरयू राय एवं पूर्णिमा दास का अभिनंदन किया। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय को उनके बिष्टुपुर स्थित आवास पर जाकर उन्हें जीत को बधाई देते हुए सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विधायक सरयू राय से मांग करते हुए कहा की टाटा स्टील, राज्य, समस्त निजी संस्थानों की सुरक्षा कार्यों में पूर्व सैनिक को कोई प्राथमिकता नहीं दी जा रही



हैं। जमशेदपुर जैसे शहर में सिर्फ एक अस्पताल ही सूचीबद्ध है, लौहनगरी का सबसे प्रमुख अस्पताल टाटा मेन हॉस्पिटल को एउएलर में सूचीबद्ध करने की मुहीम पिछले 7 वर्षों से मिल रही से मुहिम वर्षों से विफल रही है।

जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास को उनके आवास एग्रिको पर जाकर उन्हें जीत की बधाई दी। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर का एक ऐसा कल्याणकारी संगठन जो समाज व राष्ट्रहित हेतु पूर्ण रुपेण समर्पित है, नवनिर्वाचित विधायक से आग्रह करते हुए शहर में संगठन का एक कार्यालय उपलब्ध करवाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में संस्थापक वरुण कुमार, दया भूषण, एसके सिंह, जसवीर सिंह, शशि भूषण सिंह, गौतम लाल, कमलेश कुमार, अनिल कुमार सिंह, सुखविंदर सिंह, एलजी सिंह, किशोर प्रसाद, जयप्रकाश, उमेश सिंह, सतीश प्रसाद, हरि सिंह, दया भूषण सिंह, हरेंद्र भारती भी थे।

# जनता दरबार : उपायुक्त ने सुनी जनसमस्याएं

- यथोचित और समयबद्ध कार्रवाई को लेकर किया आश्वस्त

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल ने आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान 60 से ज्यादा फरियादियों ने सामाजिक व व्यक्तिगत समस्याओं को लेकर मुलाकात की तथा समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। फरियादियों ने इलाज में आ रही आर्थिक समस्या को लेकर आयुष्मान कार्ड बनाने, जमीन संबंधी विवाद, जाति प्रमाण पत्र, बकाया बिल भुगतान, पेंशन भुगतान, रास्ता विवाद, विदेशी दारू दुकान संचालक की शिकायत व दुकान बंद करने के संबंध में विद्यालय में नामांकन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। इस दौरान कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारी को अग्रसारित कर समयबद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

# पूर्व प्राचार्या डॉ अनीता के निधन पर वीमेंस विवि में हुई शोकसभा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भूतपूर्व प्राचार्या डॉ अनीता गुप्ता के निधन पर जमशेदपुर वीमेन्स यूनिवर्सिटी में शोक सभा का आयोजन किया गया। डॉ अनीता



डॉ अनीता गुप्ता।

जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज में भूतपूर्व प्राध्यापक रही थी। 9 दिसंबर की सुबह उनका निधन हो गया। डॉ अनीता गुप्ता लम्बे समय से कैंसर से पीड़ित थीं। जमशेदपुर वीमेन्स कॉलेज में उनका कार्यकाल लंबे समय तक रहा। अंग्रेजी विभाग में प्राध्यापक के रूप में भी इन्होंने कार्य किया, उन्होंने 10 साल तक प्राचार्य के पद पर सेवा दी। प्रसिद्ध शिक्षविद डॉ अनीता गुप्ता एक कुशल प्रशासक थी, वह एसोशिएशन ऑफ ब्रिटिश स्कॉलर की संस्थापक व रोटेरियन थी उन्होंने विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में योगदान दिया था। विवि परिसर में आयोजित शोक सभा के दौरान कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता ने डॉ गुप्ता के निधन पर शोक प्रकट किया।

# केरला पब्लिक स्कूल में मना वार्षिक प्री-प्राइमरी दिवस समारोह

## नैनिहालों की रंगारंग प्रस्तुतियों से समूचे देश को जोड़ने का दिया संदेश

खबर मन्त्र ब्यूरो







**जमशेदपुर।** कदमा स्थित केरला पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक प्री-प्राइमरी दिवस समारोह आयोजित किया गया। जो अराइज, अवेक और एक्ट के थीम पर आधारित था। जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत विकास और सामाजिक दायित्व की अवधारणा के इर्द-गिर्द, युवा मस्तिष्कों को चुनौतियों का सामना करने और समाज में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बनाने को प्रेरित करना रह। मंगलवार को केपीएस, कदमा में आयोजित प्री-प्राइमरी दिवस में नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों ने कई रंगारंग प्रस्तुतियां दी, जो राष्ट्रीय गौरव, एकता के मूल्यों का उत्सव मनाते हुए हमें एक देश के रूप में एक साथ जोड़ते हैं। कार्यक्रम ने शिक्षकों, छात्रों और परिवारों को शैक्षिक गतिविधियों, कलात्मक अभिव्यक्ति और भावात्मक प्रदर्शनों से परिपूर्ण दिवस के द्वारा एक सूत्र में बांधने की एक उत्तम पहल की और देशभक्ति और सामुदायिक भावना के महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों ने खादी, जूट और अन्य सामग्रियों से बने पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर एक फैशन शो में भाग लिया। रैंप वॉक भारत की शिल्प कौशल को प्रदर्शित करता है। देशभक्ति से ओतप्रोत सामूहिक गायन और नृत्य अत्यंत मनमोहक था। छात्र अन्ना हजारे की कहानी को चित्रित करते हैं क्योंकि वह ग्रामीणों को जंगल की रक्षा के लिए प्रेरित करते हैं। वे पेड़ों, वन्यजीव आवासों और प्रकृति के संतुलन के महत्व पर चर्चा करते हैं। जंगल में बारिश और जीवन की वापसी का जश्न मनाने के लिए बच्चे एक जीवंत मानसून नृत्य प्रस्तुत किए यह दृश्य प्रकृति द्वारा लाये गये आनंद और कायाकल्प को उजागर करता है।

## स्पीड न्यूज

### मधुसूदन पब्लिक स्कूल के वातावरण से प्रभावित हुए आयुक्त

**चक्रधरपुर।** मधुसूदन पब्लिक स्कूल के शैक्षणिक वातावरण ने मुझे व्यक्तिगत रूप से प्रभावित किया है। स्कूल ने केवल बच्चों ही नहीं बल्कि देश गढ रहा है। उक्त बातें कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त सह कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति हरी कुमार केशरी ने कही। आयुक्त मंगलवार को मधुसूदन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

### डीसी के निर्देश पर मानगो नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण

**जमशेदपुर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर मानगो में ट्रैफिक समस्या के निदान को लेकर मानगो नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। मानगो चौक से डिमना चौक के रास्ते में सेंट्रल वर्ज के किनारे सड़क से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान अवैध तरीके से सड़क किनारे अस्थायी रूप से बैठने वाले सब्जी विक्रेताओं, ठेला-खोमचा संचालकों व अन्य दुकानदारों से सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया साथ ही सख्त चेतावनी दी गई कि जानमाल की सुरक्षा को देखते हुए खुले स्थान पर दुकान लगायें।

### ज्वलंत मुद्दों से जनता को राहत देने की गुहार

**जमशेदपुर।** दिनों दिन बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, श्रम कानूनों में बदलाव कर ठेका प्रथा को बढ़ावा देना, किसानों की बदहाली जैसी अनगिनत ज्वलंत समस्याएं है जो जनमानस के जीवन में कठिनाइयां बढ़ा रही है, इन मुद्दों से जनता परेशान है, लेकिन जनप्रतिनिधियों व सरकार इनका कोई स्थायी समाधान निकालने का प्रयास नहीं करती। इन्हीं मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने हेतु भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सिंहभूम जिला परिषद् के जिला सचिव अंबुज ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिधिमंडल ने जमशेदपुर उपयुक्त पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंप भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने देश के ज्वलंत मुद्दों का स्थायी समाधान निकालकर देशवासियों की सहायता करने की गुहार लगायी।

### डीसी और एसपी ने किया गुदड़ी का भ्रमण

**जमशेदपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन के द्वारा पोड़ाहाट चक्रधरपुर अनुमंडल अंतर्गत सुदूरवर्ती गुदड़ी प्रखंड का भ्रमण किया गया। भ्रमण के क्रम में जिला प्रशासन की टीम ने लोढाई स्थित अपग्रेड उच्च विद्यालय जाते लोढाई का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कक्षा में बच्चों से पढ़ाई व विद्यालय में मिलने वाले सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही पाकशाला में तिथिवार मैन्यु चाट को देखकर बन रहे भोजन का स्वयं निरीक्षण किया।

### झारखंड प्रशासनिक सेवा के दीपू का निधन

**जमशेदपुर।** दीपू कुमार, झारखंड प्रशासनिक सेवा के राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार के उपसचिव के पद पर पदस्थापित थे। मंगलवार की सुबह पारस हॉस्पिटल धुर्वा, रांची में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे सरायकेला-खरसावां जिला में इचागढ़ के बीडीओ एवं एलआर डीसी, डीएलओ की सेवा दे चुके हैं।

## एक नजर में

### आईडी नहीं होने से इंटर के छात्रों को हो रही दिक्कत, ज्ञापन सौंप की समाधान की मांग



**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन के जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज इकाई ने अपार आईडी को लेकर छात्रों को हो रही समस्या के संदर्भ में कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है। कॉलेज कमिटी कोषाध्यक्ष रिंकी ने कहा कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा 11वीं में पंजीयन और 12वीं का परीक्षा फॉर्म भरा जा रहा है, जिसमें अपार आईडी मांगा गया है। काफी छात्र-छात्राएं ऐसे हैं, जिनका जन्म वर्ष 2007, 2008, 2009 में है। उनका अपार आईडी नहीं बन रहा है। जिससे वे छात्र छात्राएं पंजीयन और परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित है। जिसका समाधान न तो कॉलेज प्रशासन के पास है और न ही जिला शिक्षा पदाधिकारी के पास। एआईडीएसओ ने ज्ञापन से मांग की है कि इस समस्या का समाधान जल्द किया जाये। अन्यथा छात्र समुदाय आंदोलन को बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने में विशाल महतो, समीर महतो, पिंकी कुमारी, पूर्णिमा पुष्टि, सुमन, सृष्टि सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मानगो पुल की जाम समस्या पर उपाय सुझाते हुए



### राजेश अग्रवाल ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर।** गौ सेवक एवं समाजसेवी राजेश अग्रवाल ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मानगो पुल पर रोजाना होने वाली जाम की समस्या से आमजन को राहत दिलाने के लिए कई सुझाव प्रस्तुत किये हैं। मंगलवार को राजेश अग्रवाल ने उपायुक्त को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी शिकायत के बाद मानगो पुल की जाम समस्या में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर 2024 को उन्होंने इस समस्या को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई की गयी। हालांकि, अभी भी कुछ सुधारों की आवश्यकता है। उन्होंने चार प्रमुख सुझाव दिए हैं। राजेश ने सुझाव दिया कि मानगो बस स्टैंड के गेट नंबर 1 से छूटने वाली सरकारी बसें 20 मीटर आगे बढ़कर रूक जाती हैं, वह नहीं रुकें। गोलचक्कर के पास साकची से मानगो की ओर जाने वाले मार्ग में जाम को कम करने के लिए यह आवश्यक है। उन्होंने बताया कि डिमना रोड और आजाद बस्ती मार्ग से गुजरने वाली बसें मानगो पुल पर पांच मिनट रुकती हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इसे नियंत्रित करने के लिए विशेष कदम उठाने की जरूरत है। मानगो पेट्रोल पंप के पास और मंदिर के सामने स्थित पुलिस चेक पोस्ट आधे रोड को अवरुद्ध करते हैं, जिससे जाम की समस्या बढ़ती है। उन्होंने इन चेक पोस्ट को अन्यत्र स्थानांतरित करने का सुझाव दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने धोती नाला के पास बसों की अव्यवस्थित पार्किंग को भी जाम का मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि यदि यह पार्किंग एरिया है तो इसे व्यवस्थित किया जाए, अन्यथा बसों को वहां खड़ा होने से रोका जाए। ज्ञापन में उन्होंने उपायुक्त से त्वरित समाधान की मांग की, जिससे मानगो पुल पर यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके।

### जेएफसी स्टार प्रतीक चौधरी ने कव्यापाटा ग्लोबल स्कूल जाकर छात्रों को किया प्रेरित



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर फुटबॉल क्लब (जेएफसी) के डिफेंडर प्रतीक चौधरी ने मंगलवार को जमशेदपुर के कव्यप्ता ग्लोबल स्कूल का दौरा किया। यह दौरा जेएफसी के स्कूल एंगेजमेंट प्रोग्राम का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य छात्रों को खेलों से जोड़ना और उन्हें समर्पण व अनुशासन के साथ अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना था। प्रतीक चौधरी ने स्कुल में कई कक्षाओं का दौरा किया और छात्रों से बातचीत की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, श्जो भी करो, जुनून और अनुशासन के साथ करो, हमारी यही आदत जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं। कार्यक्रम में छात्रों के लिए कई रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं। कक्षा 3 से 5 तक के छात्रों ने जेएफसी-थीम पर पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में भाग लिया। चौधरी ने तीन सर्वश्रेष्ठ पोस्टर चुने और विजेताओं को जेएफसी के विशेष उपहार दिए। कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें चार छात्रों को उनके प्रेरणादायक स्लोगन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि कक्षा 3 से 5 के कुछ छात्रों को 13 दिसंबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पंजाब एफसी के खिलाफ जेएफसी के आगामी मैच में खिलाड़ियों के साथ मैदान पर जाने का मौका दिया गया। इसके अलावा, सभी छात्रों को मैच के लिए मुफ्त टिकट भी वितरित किए गए। चौधरी ने स्कूल की फुटबॉल टीम से भी मुलाकात की और अपने पेशेवर अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा कि फुटबॉल और जीवन दोनों में अनुशासन और टीमवर्क का विशेष महत्व है। उनकी बातें छात्रों के दिलों में गूंज उठीं। स्टील की दीवार के नाम से मशहूर प्रतीक चौधरी जुलाई 2022 में जेएफसी से जुड़े और तब से टीम का एक अहम हिस्सा रहे हैं। अपने आईएसएल सफर के बारे में उन्होंने कहा, फुटबॉल ने मुझे दृढ़ता और कड़ी मेहनत का मूल्य सिखाया है।

## स्पीड न्यूज

### डॉ शशिभूषण ने दी स्पीकर को बधाई



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने रविंद्रनाथ महतो को पुन: झारखंड विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई दी है। कहा कि नव निर्वाचित स्पीकर रबिन्द्र नाथ महतो को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। श्री महतो के मार्गदर्शन में विधानसभा की कार्यवाही सुचारु रूप से चलती रहेगी। साथ ही वे पक्ष विपक्ष के बीच समन्वय बनाये रखने में महती भूमिका का निर्वहन करते रहेंगे।

### रेलवे ट्रैक के समीप वृद्ध का शव मिला



**मोहम्मदगंज पलामू।** भजनिया के पास मंगलवार की सुबह रेलवे ट्रैक किनारे एक शव होने की सूचना पर मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश सिंह के निर्देश पर एएसआई शेख अमानुल्लाह दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। घटना की जानकारी रेल पुलिस को दी। आरपीएफ पोस्ट जपला के आरपीएफ पुलिस पहुंची। तबतक ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। शव की शिनाख्त भाली के योगेन्द्र कुमार सिंह उर्फ पप्पू (55) के रूप में की गयी। उसके पास से डाल्टनगंज से मोहम्मदगंज का एक टिकट मिला है।

### क्रांतिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने दी विधायक टाइगर जयराम को बधाई



**रांची, पलामू।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह नवनिर्वाचित डुमरी विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक जयराम महतो से मिलकर बधाई दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष दिलीप मेहता ने अपने साथियों के साथ मिलकर बधाई दी। गौरतलब हो कि टाइगर जयराम महतो ने कल ही रांची विधानसभा में शपथ ग्रहण किया है।

### किसानों का हक मारते नजर आये बीएओ



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड कृषि कार्यालय में किसानों को प्रखंड कृषि पदाधिकारी बीज दे रहे हैं, लेकिन अधिकारी किसानों की जगह अपने घर ले जा रहे हैं। ऐसा ही मामला चैनपुर कृषि कार्यालय के समक्ष सोमवार शाम लगभग छह बजे देखने को मिला। जहां कृषि पदाधिकारी शिव नारायण उरांव अपने गाड़ी पर लादकर जिप्सम और बीज ले जाते नजर आये। जिस गाड़ी (जेएच 01 ईटी 5541) से बीज लाया जा रहा है वह प्रखंड कृषि अधिकारी का ही है। इधर इस संदर्भ में प्रखंड कृषि विभाग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने कहा कि जांचोपरांत अगर दोषी पाये गये, तो वैसे अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### ऑक्सफोर्ड में भाषा उत्सव 'फिएस्टा' संपन्न



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विद्यालय सभाकक्ष में भाषा उत्सव पखवाड़ा के संदर्भ में भाषा फिएस्टा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि भारतीय भाषा उत्सव, एक बहु-भाषाविद स्वतंत्रता सेनानी कहाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर मनाया जाता है। भारत में बोली जाने वाली भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए 11 दिसंबर 2022 को स्वतंत्रता सेनानी कहाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर भारतीय भाषा दिवस मना। 11वीं के छात्रों ने विभिन्न प्रदेश के व्यंजनों का प्रस्तुतिकरण किया। जिसमें लिट्टी चोखा (बिहार), धुसका, बड़ा (झारखंड), बड़ापाव (महाराष्ट्र), मक्के की रोटी, सरसों का साग और लस्सी (पंजाब), पोहा चूड़ा, रसगुल्ले (कोलकाता), इडली-डोसा (दक्षिण भारत) का प्रदर्शन किया गया।

### बेटियां पढ़ें तो परिवार शिक्षित : दीपक



**विश्रामपुर (पलामू)।** केतात स्तरोन्नत उवि की छह छात्राओं को विद्यावती बालिका पारितोषिक की राशि दी गयी। इसकी शुरुआत 2009 में एकीकृत बिहार के सेवानिवृत्त अभियंता प्रमुख महेंद्र चौबे ने अपनी मां की स्मृति में की थी। इसके तहत प्रत्येक वर्ष छह मेधावी छात्राओं को दो किस्तों में पारितोषिक दी जाती है। इस योजना की शुरुआत बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महेंद्र चौबे ने किया है। मंगलवार को स्कूल परिसर में महेंद्र चौबे के प्रतिनिधि दीपक चौबे ने टॉपर छात्रा तन्वी कुमारी, नंदनी कुमारी, रिया कुमारी, निकिता कुमारी, आयुषी कुमारी व अंजली कुमारी को पारितोषिक की राशि दी। दीपक चौबे ने कहा कि बेटियां पढ़ेंगी तो दो परिवार शिक्षित होता है। मौके पर प्राचार्य मनोज द्विवेदी, सहायक शिक्षिका पूनम देवी, शिक्षक रंजीत कुमार, विनोद कुमार मंडल, स्वयंसेवी शिक्षक अनंत कुमार, चौबे गुड्डू चौबे व कई लोग मौजूद थे।

### बिना हेलमेट, ट्रिपल लोड और बिना लाइसेंस के दो दर्जन बाइक जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शहर के छह मुहान चौक पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। 24 बाइक को चालान फाइन हेतु व्यवहार न्यायालय पलामू भेजा गया है। एक ब्लैक शीशा कार को जिला परिवहन कार्यालय फाइन हेतु भेजा गया है। मंगलवार को टोटल चालान फाइंन राशि 39000 हजार रुपये आया है।

### देवम इंस्टीट्यूट अनुष्ठान को पढ़ायेगा

**मेदिनीनगर।** गुरुकुलीय परंपरा का वाहक देवम इंस्टीट्यूट वैसे बच्चे जिनके सर से माता -पिता का साया उठ गया है वे बच्चों के लिए देवम इंस्टीट्यूट मसीहा बन कर उभरा है। आज वैसे ही एक चौदह वर्षीय बच्चा अनुष्ठान कुमार को देवम इंस्टीट्यूट परिवार नि:शुल्क पढ़ाने का बीड़ा उठाया। इस शहर व प्रमंडल के लिए देवम इंस्टीट्यूट शिक्षा का सरताज बना हुआ है, जहां बच्चों के उज्ज्वल भविष्य से सूर्य की तरह ललाट चमक रहा है।

# आरपी सिन्हा क्लिनिक के सामने खाली जमीन पर शीघ्र बनेगा इनडोर स्टेडियम, डीपीआर तैयार

**शहरवासियों के लिए खुशखबरी**

- टाउन हॉल में भी मल्टी परपज हॉल बनाने की योजना
- डीडीसी और नगर आयुक्त ने स्थल का लिया जायजा
- पूर्व में उपायुक्त ने भी स्थल का किया है निरीक्षण





खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहरवासियों को बहुत जल्द इनडोर स्टेडियम और मल्टी परपज हॉल की नयी सौगात मिलेगी। दोनों को अमलीजामा पहनाने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं। मंगलवार को डीडीसी शब्बीर अहमद और नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने प्रस्तावित स्थलों का जायजा लिया। दो सप्ताह पूर्व उपायुक्त भी दोनों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं। वार्ड 23 में डॉ आरपी सिन्हा की क्लिनिक के सामने करीब 1.5 एकड़ जमीन पर इनडोर स्टेडियम बनाने को लेकर डीपीआर भी तैयार कर लिया गया है। यहां कुछ अतिक्रमण हटाना है। कुछ जर्जर भवनों तोड़ा जा रहा है।

**इनडोर स्टेडियम सह हेल्थ क्लब में होगा स्विमिंग पूल, चेस व लॉन टेनिस की भी व्यवस्था** : वार्ड 23 में बनने वाले इनडोर स्टेडियम सह हेल्थ क्लब में कई तरह की गतिविधियां संचालित की जायेंगी। इसके लिए क्लब को विभिन्न प्रकार के उपकरणों से लैस किया जायेगा। इस इंडोर स्टेडियम में योगा केंद्र, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस कोर्ट, चेस सहित अन्य प्रकार के इनडोर गेम्स की व्यवस्थाओं से लैस किया जायेगा।

**नगर आयुक्त को डीपीआर बनाने के दिये निर्देश** : इनडोर स्टेडियम के अलावे टाउन हॉल में एक मल्टी परपज हॉल बनाने की योजना पर भी काम जारी है। इस हॉल के निर्माण हो जाने से शहरवासियों को विभिन्न तरह के आयोजनों हेतु सहूलियत होगी।

# जिला खान निरीक्षक ने किया अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

- जगतपुरवा बेदानी मुख्य मार्ग के मवि कवलकेड़िया के समीप अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को किया जब्त
- जब्त ट्रैक्टर में तीनों ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट का है, जो ओरिया निवासी संजीत मेहता, अजीत मेहता, अभय कुमार का है



बालू लदे जब्त ट्रैक्टर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** जिला खान निरीक्षक की अगुवाई में लेस्लीगंज थाना अंतर्गत जिला खनन विभाग द्वारा गठित टीम ने थाना क्षेत्र के जगतपुरवा बेदानी मुख्य मार्ग के मध्य विद्यालय कवलकेड़िया के समीप अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया। जो जब्ती के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु लेस्लीगंज थाना को सौंप दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डीएमओ को गुप्त मिली थी कि लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध खनन किया जाता है। तत्काल सूचना के आधार पर कार्रवाई हेतु एक टीम गठित किया गया जिसका नेतृत्व खान निरीक्षक हरेंद्र कुमार गुप्ता शुभम कुमार एवं लेस्लीगंज थाना से ए एस आई अजय कुमार सशस्त्र बल के साथ कर रहे थे। अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गयी। जिला खान निरीक्षक हरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि तीनों ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए उपयुक्त न्यायालय को सूचनार्थ कर दिया गया है। जब्त सभी ट्रैक्टर ओरिया घाट से बालू लेकर चला था। जब्त ट्रैक्टर में तीनों ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट का है, जो ओरिया निवासी संजीत मेहता, अजीत मेहता, अभय कुमार का है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने सांसद से की चियांकी कृषि फर्म को केंद्रीय कृषि विवि के रूप में अधिगृहित कराने की मांग

# पलामू जिले में विकास को अब मिलेगी गति : अमित तिवारी

- चियांकी में 1926 से संचालित किया जा रहा है कृषि फर्म
- केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के रूप में इसे अधिगृहित कराने की मांग की
- ऐसा होने से पलामू क्षेत्र के विकास को मिलेगी नयी गति
- विकट जलवायु वाला प्रक्षेत्र होने के बावजूद बेहद ही मेहनती हैं पलामू के किसान



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने पलामू सांसद बिष्णु दयाल राम से पलामू प्रमंडल मुख्यालय मेदिनीनगर क्षेत्र के उपनगरीय इलाका चियांकी में 1926 से संचालित कृषि फर्म को केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के रूप में अधिगृहित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा हो जाने से पलामू क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान होगी।

उन्होंने कहा कि पलामू विकट जलवायु वाला क्षेत्र है लेकिन यहां के किसान मेहनती हैं। पलामू प्रमंडल पड़ोसी राज्य बिहार के औरंगाबाद, यूपी के सोनभद्र व छतीसगढ़ के बलरामपुर निवासियों के लिए भी शिक्षा का केंद्र बाजार आदि के लिए प्रयोग किया जाता है। चियांकी फर्म अपने पर्याप्त विस्तार गौरवशाली यात्रा व बेहतरीन रिसर्च कार्यों के बावजूद समुचित सम्मान नहीं प्राप्त कर सका है। इस फर्म को क्षमता के अनुरूप व्यवस्था नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने सांसद से कहा कि इस केंद्र को अगर भारत सरकार अधिगृहित कर केंद्रीय कृषि विवि का दर्जा दे तो पलामू क्षेत्र कृषि के क्षेत्र में और भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। साथ ही राष्ट्र के उन्नति में अधिक योगदान देने में सक्षम हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश के किसानों के कायाकल्प करने हेतू कई लाभकारी योजना चला रहे हं जिससे किसानों की आय दोगुनी हो सके। सांसद से मांग करनेवालों में ओम प्रकाश, विजय ठाकुर, मनीष कुमार समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

# सीआरपीएफ हवलदार नंदकिशोर का शव लेस्लीगंज इटहे पहुंचा, परिजनों में कोहराम

- मृतक के माता पिता ने पतोहु पर हत्या का आरोप लगाया





इस हालत में पड़ा मिला शव और नंदकिशोर की फाइल फोटो।

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ कैंप में तैनात हवलदार नंदकिशोर सिंह का शव लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इटहे में पहुंचा। शव पहुंचते की घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। नंदकिशोर सिंह का पार्थिव शरीर अमानत नदी घाट पर दाह संस्कार कर दिया गया।

**लोगों का पसंदीदा थे नंदकिशोर** : ग्रामीणों ने बताया कि नंदकिशोर सिंह काफी मिलनसार व्यक्ति थे वह जब भी गांव आते थे सभी से उनका मिलना जुलना होता था। नंदकिशोर सिंह की पत्नी एवं बच्चे मेदिनीनगर स्थित किराए के मकान में रहते थे। नंदकिशोर सिंह के दो बच्चे थे जिसमें अंश कुमार (14) नमी कुमार (9) के थे। हालांकि मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज के बगल में नंदकिशोर सिंह ने नया मकान बनवाया था।

**...और माता-पिता ने बहू पर लगाया आरोप** : नंदकिशोर सिंह के माता-पिता ने अपनी ही पतोहु पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनका बेटा नंदकिशोर सिंह पिछले कुछ दिनों से पत्नी को लेकर तनाव में रहता था। नंदकिशोर सिंह बात-बात में कहते रहते थे कि पत्नी हमें जीने नहीं देगी और सारा धन संपत्ति अपने नाम करवा रही है। वह मुझे मरवा कर ही छोड़ेगी।

### मंदिर में चोरी का असफल प्रयास



**मोहम्मदगंज पलामू।** गीता मंदिर परिसर स्थित शिव मंदिर से पीतल का घन्टा आदि चोरी करने का असफल प्रयास बीती रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा किया गया। जिसमें लोहे के गेट के हैंडल को टेढ़ा कर दिया गया है। इसके पूर्व मंदिर से पीतल की एक बाल्टी चोरी हो गई थी।

### पिकअप के धक्के से बाइक सवार की मौत

**नावा बाजार पलामू।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर नावा बाजार थाना क्षेत्र के ईटको के पास पिकअप के धक्के से बाइक सवार की मौत हो गयी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर वाहन को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी चिंटु कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के रिश्तेदारों के अनुसार दीपक सदर थाना क्षेत्र के बारालोटा का निवासी था।

### सीएसपी में लूटपाट का प्रयास विफल




**पाटन पलामू।** हाई स्कूल के पास संचालित एक सीएसपी में अपराधियों ने घुसकर पैसा लूटने का असफल प्रयास किया। अपराधी पिस्टल दिखा संचालक रत्नेश कुमार से पैसे मांगे। पैसे नहीं देने पर अपराधियों ने पिस्टल से फायर किया, लेकिन गोली नहीं छूटी। इसमें सीएसपी संचालक बाल बाल बच गया। अगर गोली छूटती तो बड़ी घटना हो सकती थी। घटना के बाद संचालक सीएसपी केंद्र छोड़ भाग गया। इससे दहशत है। पाटन थाना क्षेत्र के केल्हार निवासी सीएसपी संचालक रत्नेश कुमार ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर अपराधियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आज



**विश्रामपुर (पलामू)।** पूनम तिवारी एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बिश्रामपुर के संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल में बुधवार 11 दिसंबर को विज्ञान प्रदर्शनी लगेगा। इसकी जानकारी देते हुए स्कूल के निदेशक एन के तिवारी ने बताया कि स्कूली बच्चे प्रदर्शनी को लेकर खासे उत्साहित हैं। पिछले एक सप्ताह से बच्चे कई तरह के वैज्ञानिक मॉडल तैयार कर रहे हैं जिसमें उनके कई अपने आविष्कार भी शामिल हैं जिनका प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने अभिभावकों और आम लोगों से विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल होकर बच्चों को उत्साहित करने की अपील भी किया है।

## पंचायत समिति की बैठक में अधूरी योजनाएं पेयजल और सड़क का मामला उठाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड प्रमुख प्रेमनी देवी की अध्यक्षता में पंससों की बैठक हुई। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित बैठक में उप प्रमुख मालती देवी भी थीं। संचालन बीडीओ चंद्रशेखर कुणाल ने किया। बैठक में नावाडीह पंचायत समिति सदस्य पिंकी सोरेन में बताया कि पंचायत क्षेत्र में दो धुमकुड़िया भवन अभी तक अधूरे पड़े हैं एवं एक हरगड़ी की चाहरदीवारी भी अधूरी पड़ी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक जाने के लिए पहुंच पथ नहीं है और पानी की समस्या है। इसी तरह पूरे प्रखंड क्षेत्र में जल मीनार तो लगे हैं लेकिन पानी की समस्या अभी भी दूर नहीं हुई है। अबुवा आवास, पीएम आवास संबंधित मामले को उठाया।

## शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 67वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 67 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हरिहरगंज, अररूआ खुर्द, मझिगावां, बघना, पड़रिया, माडादाग, दुबरीडीह, निकटवर्ती महाराजगंज संडा, सरईवार, भलूवाड़ी, इब्राहिमपुर सहित कई राज विद्या केन्द्रों पर बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। अररुआ खुर्द केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने प्रेम रावत जी के चित्र की आरती उतारी व पूजा अर्चना कर जन्म दिवस मनाया। वही युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम रावत जी एक ख्याति प्राप्त शांति का संदेश देने वाले महापुरुष हैं। इनके अनुयायी पूरे दुनिया में प्रेम का संदेश फैलाने में सहायक हैं। साथ ही राज विद्या केंद्र संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य संपूर्ण विश्व के चलाया जाता है। इनके बताए मार्ग पर चलकर, हम जीवन को सफल बना सकते हैं। उक्त सभी राज विद्या केंद्रों में शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी ने अंजन टीवी के माध्यम से शांति का संदेश प्रसारण किया।

## सुधा डेंटल हॉस्पीटल ने लहसुनिया स्कूल में लगाया दंत चिकित्सा शिविर

- गरीब बच्चों के लिए लाभप्रद होगा शिविर : डॉ सुधा कुमारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सुधा डेंटल हॉस्पीटल द्वारा दूसरी बार सदर प्रखंड क्षेत्र के लहसुनिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ सुधा डेंटल हॉस्पीटल की दंत चिकित्सक डॉ सुधा कुमारी ने किया। शिविर में 150 स्कूली बच्चों के जांचों की जांच कर इलाज किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने कहा कि फ्लोराइड पानी पीने के कारण बच्चों के दांतों में त्रुटि पाई गई है। कुछ बच्चों के डबल दांत तो कई के दांत में परेशानी थी। उन्होंने कहा कि सुधा डेंटल हॉस्पीटल प्रबंधन ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूली बच्चों के दांतों की जांच शिविर लगाकर कर रही है। साथ में दांतों का इलाज भी किया जा रहा है।

## संविधान से देश व पौधा से संसार की संरचना : ट्री मैन डॉ कौशल



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के मेराल कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने भिपिएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के उपरांत पौधरोपण कर किया। डॉ कौशल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ नेपाल के रुद्राक्ष, व सुपारी, बारहमासी कटहल का पौधा रोपण कर कार्यक्रम का समापन बृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया। उन्होंने उपस्थित बच्चों व शिक्षकों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। उन्होंने बच्चों के बीच कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा है कि धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनि जीवन की जीने की संरचना ही ऑक्सिजन होती है।

# प्रशासन ने सरकारी जमीन पर किये गये अतिक्रमण को हटाया



अतिक्रमण हटाती जेसीबी मशीन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड मुख्यालय सतबरवा में नेशनल हाईवे किनारे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा हटाने का काम मंगलवार से शुरू कर दिया गया है। प्रथम चरण में सतबरवा पुराना थाना भवन से लेकर रामघाट यात्री शेड जोड़ा तक सरकारी भूमि पर कब्जा जमाए हुए लोगों के दुकान तथा मकान पर बुलडोजर चलाया गया। अंचल पदाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में सीआई विकास कुमार, राजस्व उप निरीक्षक यमुना पंडा, जितेंद्र कुमार, अंचल अमीन अरविंद कुमार, एसआई विश्वनाथ कुमार राणा, एएसआई वसंत कुमार दुबे के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान और लोग मौजूद थे। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा सीओ तथा अन्य पदाधिकारी के पास अतिक्रमण जल्द हटा लेने का निवेदन तथा काफी अपील करते देखे गए। सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके अतिक्रमण किए जाने की सूचना तीन माह पहले दी गयी थी। इस दौरान दो बार जमीन की मापी की गई और अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए कई नोटिस दिया गया था। परंतु इस दौरान अतिक्रमण नहीं हटाया गया। वाहन जाम लगने के कारण रांची तथा डाल्टनगंज ले आने जाने वाले मरीजों का एंबुलेंस फंस जाता था। इसके कारण अकारण कई लोगों की जान भी चली जाती थी। बताया गया कि एनएच पर हर समय वीवीआईपी तथा अन्य बड़े अधिकारियों का आना जाना रहता है। इस दौरान सड़क में जाम रहने के कारण हमेशा फंस जाते थे।

सीयूजे की छात्रा से रेप के प्रयास के खिलाफ आइसा का राज्यव्यापी प्रतिरोध

# मजदूर किसान इंटर कॉलेज में प्रदर्शन



कॉलेज में विरोध-प्रदर्शन करते विद्यार्थी और शिक्षक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी पलामू।** झारखंड के सेंट्रल यूनिवर्सिटी (सीयूजे) की एक छात्रा के साथ रेप के प्रयास के विरोध में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने इस घटना को झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला बताया। कहा कि जब स्कूल और कॉलेज जैसी जगहें असुरक्षित हो गयी हैं, तो महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान कहां बचते हैं? सीयूजे की छात्रा के साथ छेड़खानी होती है, प्रदर्शन के बाद छात्र को निलंबित किया गया है, पीड़ित छात्र को न्याय दिलाने के बजाए विश्वविद्यालय प्रशासन और पुलिस पर आरोपी को बचाने की पूरा प्रयास कर रही है। क्योंकि आरोपी एबीवीपी का सक्रिय सदस्य है। साथ ही, आंदोलन कर रहे छात्रों को धमकाया जा रहा है। प्रशासन की पूरी लापरवाही साफ झलक रही है जिसका उदाहरण देख रहे है कि आरोपी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो रही है? झारखंड से ही केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री इस मामले पर चुप क्यों हैं? भाजपा का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा क्या सिर्फ एक दिखावा है? वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि आरोपी को सजा नहीं दी गयी, तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। प्रदर्शन के माध्यम से मांग करते हैं कि दोषियों को अभिलंब गिरफ्तार किया जाये, पीड़िता को सुरक्षा और न्याय देने की गारंटी किया जाए, महिला सुरक्षा की गारंटी किया जाएं एवं सीयूजे में सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरा लगाने की गारंटी किया जाए सहित अन्य मांगे प्रमुख रूप से रहा है। वक्ताओं ने कहा कि अगर करवाई नहीं होती है तो आइसा जल्द राष्ट्रीय प्रतिरोध दर्ज करायेगी। कार्यक्रम में आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ, आइसा जिला अध्यक्ष गुड्डू भुइयां, रौशन कुमार, जितेंद्र कुमार, मनिता, बबीता, कविता, श्रृष्टि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# योजनाओं को मिशन मोड में पूर्ण करें : दुमका डीसी

## नीति आयोग की हुई समीक्षात्मक बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में नीति आयोग से संबंधित बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। बैठक में नीति आयोग द्वारा जिले में क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा किया गया। बैठक में डीसी ने कहा कि वर्ष 2023-24 के सभी योजनाओं को मिशन मोड में पूर्ण करें। जो योजनाओं पूर्ण हो चुकी है। उसे हैंडओवर करने का कार्य करें। वैसी सभी योजनाओं जिसके निविदा का कार्य हो चुका है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए कार्य को प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने नीति आयोग द्वारा जिले में हो रब्ब कार्य जैसे मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, महिला साक्षरता संवर्धन कार्यक्रम, प्री स्कूल किट,लाइब्रेरी डेवलपमेंट, बम्बू मेकिंग शेड आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा पूर्ण हो चुके कार्य का उपियोगिता प्रमाण पत्र जल्द से जल्द जमा करें। इस दौरान जानकारी देते हुए कहा कि जामा प्रखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं उसे हैंडओवर भी कर दिया गया है। बैठक में डीडीसी अभिजीत सिन्हा सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

इधर डीसी ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कृषि ऋण माफी योजना, बिरसा फसल राहत योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

## आइजी ने बेहतर करने वाले पुलिस पदाधिकारी को किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** पुलिस लाईन मैदान में मंगलवार को पुलिस विभाग के कार्यो का वार्षिक समीक्षा हुई। समीक्षा दुमका प्रक्षेत्र के आईजी क्रांति कुमार गड़ीदेश ने किया। इस अवसर पर आईजी ने पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों का परेड निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण में सलामी और गार्ड ऑफ ऑनर सार्जेट मेजर रमेश कुमार मंडल के नेतृत्व में जवानों ने दी। परेड निरीक्षण के बाद कार्यालय पहुंच आईजी सभी शाखाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। जिसमें त्रुटिपूर्ण कार्यो में सुधार और बेहतर कार्य के तरीके बताये। जिससे रिकॉर्ड संरक्षित रह सके। इस अवसर पर आईजी ने कहा कि दुमका जिला का पुलिस लाईन और एसपी कार्यालय का वार्षिक समीक्षा कार्य है। बेहतर पुलिसिंग के लिए जवानों एवं पुलिस पदाधिकारियो को अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इससे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के रिकॉर्डस अपडेट होते है और कार्य सुचारू रूप से संपादित होते है। इस अवसर पर एसपी पितांबर सिंह खेरवार, डीएसपी विजय कुमार महतो एवं इक्कुड़ डुंगडुंग, प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार रविदास, प्रशिक्षु आईपीएस डॉ सैयद मुस्तफा हासमी शामिल थे।

## साहिबगंज जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। उपायुक्त के द्वारा पिछले बैठक में दिए निर्देश की कार्रवाही एवं उसके अनुपालन की समीक्षा की गयी। अंचल पदाधिकारियो द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि चुनाव कार्य में व्यस्ता रहने के कारण अंचल अन्तर्गत सभी खनन पट्टो की प्रशाखीय नापी पूर्ण नहीं की जा सकी है। मापी पूर्ण होते ही प्रतिवदेन उपलब्ध करा दी जायेगी। साहेबगंज जिलान्तर्गत रेलवे रैक से हो रहे परिवहन की जांच की जा रही है। खनन पट्टा क्षेत्र में हो रहे विस्फोटकों का उपयोग की जांच जिला टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा की जा रही है एवं विस्फोटको की उपयोग का सूचना विस्फोटक आपूर्तिकर्ता द्वारा संबंधित थाना प्रभारी को दी जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज एवं राजमहल द्वारा साहेबगंज जिलान्तर्गत संचालित सभी चेकनाका पर प्रत्येक सप्ताह दण्डाधिकारी का बदलाव कर रहें है एवं नो इन्ट्री के समय खनिज से लदे वाहनों का परिचालन नहीं हो इस पर सशक्त निगरानी बनाये हुए है। अवैध खनन एवं परिवहन की जांच के क्रम में 01 प्राथमिकी जिला खनन पदाधिकारी द्वारा मिर्जाचौकी थाना में दर्ज की गयी है। अवैध परिवहन के मामले में 05 वाहनों से 1.75 लाख रुपये की वसूली की गयी। उपायुक्त ने बैठक में अहम निर्देश दिए जिनमें जिला में अवैध आर्म्स की जब्ती करने तथा अवैध आर्म्स रखने वाले पर कारवाई करने को कहा गया। उपायुक्त ने बताया कि प्रखंड बड़हरवा, तालझारी में खनन से संबंधित शिकायतें संज्ञान में आई है, अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी को शिकायतों कि जांच करने को कहा। अवैध परिवहन, ओवरलोड गाड़ियों की चालान एवं चेक नाकों पर गहनता पूर्वक जांच, चेक नाकों पर लगे सीसीटीवी कैमरा कि फीड की जांच करने हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवल गर्ग, अपर समाहर्ता गौतम भगत, एसडीपीओ साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, एसडीओ राजमहल कपिल कुमार, डीटीओ मिथलेश कुमार चौधरी, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### मधुसूदन पब्लिक स्कूल के शैक्षणिक वातावरण से प्रभावित हुए कोल्हान आयुक्त







चक्रधरपुर। मधुसूदन पब्लिक स्कूल का शैक्षणिक वातावरण ने मुझे व्यक्तिगत रूप से प्रभावित किया है। यह स्कूल ने केवल बच्चों बल्कि देश गढ़ने का भी काम कर रहा है। उक्त बातें कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त सह कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति हरी कुमार केशरी ने कही। आयुक्त मंगलवार को मधुसूदन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्कूल के चेयरमैन श्याम सुंदर महतो की प्रशंसा करते हुए कहा मुझे यह जानकर बेहद हर्ष का अहसास हुआ कि महतो सरकारी शिक्षक से सेवानिवृत होने के बाद भी ज्ञान की ज्योति जलाये हुए है। आयुक्त ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा जीवन में आगे बढ़ना है तो ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत करें। इससे पूर्व आयुक्त सहित अतिथियों ने मधुसूदन महतो एवं मंदोदरी देवी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर समारोह का उद्घाटन किया। स्वागत भाषण निदेशक बलराज हिंदवार एवं वार्षिक रिपोर्ट प्रिंसिपल के नागराजू ने प्रस्तुत किया। प्रिंसिपल ने स्कूल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया यहां के बच्चें ने केवल पढ़ाई बल्कि खेल एवं अन्य क्षेत्रों में भी सफलता का परचम लहरा रहे है। मौके पर सचिव डॉ सच्चिदानंद राम, पूर्व विधायक बहादुर उरांव, प्रो नागेश्वर प्रधान, फादर पंकर्स, खिरोद महतो, ओम प्रकाश महतो, लक्ष्मण महतो, प्रशांत तिवारी, बिनोद भगेरिया, विकास दोदराजका समेत काफी संख्या में बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### बालीडीह में सड़क दुर्घटना में निजी कंपनी में कार्यरत रवि वर्णवाल की मौत



बोकारो। जिला के बालीडीह पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में बियाडा क्षेत्र स्थित एक कंपनी में कार्यरत अशोक वर्णवाल के ज्येष्ठ पुत्र 26 वर्षीय रवि वर्णवाल की मौत से आक्रोशित लोग एनएच 23 पर उतर आए। एनएच 23 पर शव रखकर फोरलेन को जाम कर दिया। मुआवजा की मांग करते हुए करीब 6 घंटे एनएच जाम रहा। बालीडीह थाना इंस्पेक्टर नवीन कुमार सहित अन्य अधिकारियों के प्रयास से फॉर्च्यूनर कार मालिक से मृतक के परिजनों को एक लाख का चेक तथा नगद 35 हजार रुपए मुआवजा दिलवाया गया। जानकारी अनुसार जैनामोड़ निवासी प्रभात मिश्रा के फॉर्च्यूनर कार ने बाइक से ड्यूटी जा रहे रवि को रौंदते हुए एक ऑटो को भी टक्कर मार दी। रवि की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बोकारो विधायक श्वेता सिंह से बात होने के बाद परिजनों ने फॉर्च्यूनर कार मालिक द्वारा प्रदत्त एक लाख का चेक तथा नगद राशि स्वीकार कर लिया। सड़क से शव उठाने को तैयार हो गए। कार की रफ्तार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बाइक के साथ दुर्घटना के बाद भी कार फोरलेन के दूसरी तरफ सड़क पर जंप कर जा पहुंची जहां एक ऑटो को भी चपेट में ले लिया। हादसा के बाद फॉर्च्यूनर कार का चक्का ब्लास्ट कर गया।

### ऊपरघाट के कोठी गांव में मासूम की हत्या

बेरमो। नावाडीह प्रखण्ड के ऊपरघाट के कोठी गांव में एक 6 वर्षीय बालक डेविड राज की कुदाल से काट कर हत्या कर दिया गया। मृतक बालक अपने कोठी गांव में अपने ननिहाल में रहता था। घटना रविवार देर शाम की है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पेक नारायणपुर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेज दिया। साथ ही हत्या के शक में मृतक बालक के सगे चाचा जानकी महतो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संबन्ध में पेक थाना प्रभारी अजय लिंडा ने बताया कि हत्या में इस्तेमाल किया गया कुदाल को भी जब्त कर लिया गया है। घटना की गहराई से जांच भी किया जा रहा है। इस हत्याकांड का जल्द ही उद्भेदन कर हत्यारे को गिरफ्तार कर लेने की बात थाना प्रभारी ने कही। बता दे मृतक बालक की मां हारलाडीह गांव निवासी रुकवा देवी ने घटना के बाद पेक थाना में मामला दर्ज करवाया है। जिसमें मृत बालक की मां रुकवा देवी एवं उसके पति विनोद महतो ने जानकी महतो के ऊपर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि भैसुर जानकी बराबर डेविड के साथ मारपीट करता था और जान से मार देने की धमकी देता था।

### पिकअप व बाइक की टक्कर में एक की मौत

दुमका। घने कोहरे के बीच मंगलवार की सुबह दुमका-देवघर मुख्य पथ पर सहारा के समीप भेलवा मोड़ के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हुआ। जिले के तालझारी थाना क्षेत्र में बाइक और पिकअप के बीच घटित इस जोरदार भिड़ंत में घटनास्थल पर ही एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क हादसे में मौत का शिकार हुए व्यक्ति की पहचान 45 वर्षीय मोती मियां एवं घायल समसुल मंसूरी व फिरोज मंसूरी के रूप में हुई है। मृतक और घायल तालझारी थाना के गेंडी का निवासी बताया जाता है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 14 को साहिबगंज में

साहिबगंज। 14 दिसंबर को मुख्यमंत्री का साहिबगंज जिला अंतर्गत बरहेट प्रखण्ड के भोगनाडीह में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम निश्चित है। इसी क्रम में तैयारियों को लेकर उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित कर लें और आपसी सामंजस्य बनाते हुए तैयारियां शुरू कर दें। इस संबंध में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों का वितरण की जाने वाली सभी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। बैठक में परियोजना निदेशक संजय कुमार दास, डीडीसी सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरिशंकर झा, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस मार्टिन तारीक, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य देवीलाल हांसदा उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने मंत्री योगेंद्र महतो से सड़क निर्माण में घटिया सामग्री की शिकायत की

बोकारो। कसमार प्रखंड में ग्रामीण कार्य प्रमंडल बोकारो की ओर विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य में प्राक्कलन के विरुद्ध घटिया सामग्री का उपयोग करने की शिकायत ग्रामीणों ने सूबे के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो से की है। ग्रामीणों ने लिखित शिकायत करते हुए कहा है कि सड़क निर्माण कार्य से संबंधित संवेदकों द्वारा मनमानी करते हुए पीसीएस गार्डवाल पुलिया निर्माण निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। संवेदकों से बात करते पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। उलटे ही कुछ बिगाड़ नहीं पाने की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने बगियारी मोड़ से भाया मधुकरपुर दांतू पथ निर्माण रांगामाटी से डुंडाडीह पथ निर्माण चंडीपुर चौक से भगत बहवा तक पथ निर्माण राखहीर से सुईयडीह चैनपुर पथ सेवातीघाटी से रोरिया पथ आदि पथ निर्माण कार्य शामिल हैं। शिकायत करने वाले में पूर्व मुखिया नरेश महतो, हेमंत महतो आदि शामिल थे।

## क्षेत्र का सवार्गीण विकास मेरी प्राथमिकता : जयमंगल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो विधानसभा विधायक कुमार जयमंगल सिंह को क्षेत्रवासियो ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर विधायक सिंह ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इसके लिए कार्य शुरू कर दिए गए हैं। सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ बेरोजगार युवाओं को उपलब्ध करवाया जाएगा। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। इस दौरान समाजसेवी सह व्यवसाई मनोज कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह व अन्य लोग शामिल हुए।

## लंबित भूमि संबंधित मामलों को जल्द निष्पादित करें : बोकारो डीसी



**बोकारो(खबर मन्त्र संवाददाता)।** उपायुक्त विजया जाधव ने सभी अंचलाधिकारियों के साथ बैठक कर अंचल कार्यालयों में लंबित भूमि संबंधित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक सप्ताह सोमवार बुधवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर आमजनों के दाखिल-खारिज संबंधी मामलों के निष्पादन का निर्देश दिया। उपायुक्त ने इसके अलावा सभी सीओ को पंचायतों शिविर लगाकर लोगों की जमीन से जुड़े मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, भूमि सुधार उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता एवं सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

69वीं औपबंधिक सूची जिला-हजारीबाग (पार्ट-1)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड,राँची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :-आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के स्थानीय जांच शिविर में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जीतन मुण्डा एवं मोहन सोरेन द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0-3745/24<br>2. आवेदक-मटु माँझी, पिता-छतरू माँझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-41 वर्ष, पहचान चिन्ह-आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0-3746/24<br>2. आवेदक-लखनिया देवी, पति-जीतन मुण्डा<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-41 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नही है। | कंडिका-2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0-3747/24<br>2. आवेदक-सलू टुडू, पिता-छतरू माँझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-44 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नही है। | कंडिका-2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0-3748/24<br>2. आवेदक-मनुलाल मांझी, पिता-टटु माँझी<br>3. ग्राम-करमटीलहा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ में छः अंगुली। | कंडिका-2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0-3749/24<br>2. आवेदक-मती देवी, पति-स्व0 जानो मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-70 वर्ष, पहचान चिन्ह-पीठ पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0-3750/24<br>2. आवेदक-बजरी देवी, पति-जीपा मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-70 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0-3751/24<br>2. आवेदक-विश्राम मांझी, पिता-मंगरा माँझी<br>3. ग्राम-असवा तिलैया, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-छाती पर मस्सा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0-3752/24<br>2. आवेदक-लालमुनी देवी, पति-रामलाल मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा रसका टोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0-3753/24<br>2. आवेदक-हरिलाल मांझी, पिता-बुटका माँझी<br>3. ग्राम-असवा तिलैया, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-35 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0-3754/24<br>2. आवेदक-गिरधारी प्रजापति, पिता-स्व0 बामु प्रजापति<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने घुटने पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0-3755/24<br>2. आवेदक-मुकुल देवी, पति-रूपलाल मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने आंख के पास तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0-3756/24<br>2. आवेदक-पार्वती देवी, पति-त्रिलोक सोरेन<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-पिठ पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0-3757/24<br>2. आवेदक-मो0 हेनी देवी, पति-कन्दो माँझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0-3758/24<br>2. आवेदक-पाहन मांझी, पिता-स्व0 लेपा मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-73 वर्ष, पहचान चिन्ह-पिठ पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0-3759/24<br>2. आवेदक-कोका मांझी, पिता-स्व0 बुड़का मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0-3760/24<br>2. आवेदक-बुटन मांझी, पिता-स्व0 सावना मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0-3761/24<br>2. आवेदक-लेचा मांझी, पिता-स्व0 मांझो मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायां घुटने पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0-3762/24<br>2. आवेदक-बनैया देवी, पति-छोटेलाल मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायां हाथ पर ऐला का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0-3763/24<br>2. आवेदक-फुलचैन मांझी, पिता-स्व0 महा मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-41 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर का अंगुठा नही है। | कंडिका-2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0-3764/24<br>2. आवेदक-हरिनाथ मुण्डा, पिता-स्व0 गोविन्द मुण्डा<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां केहुनी में घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0-3765/24<br>2. आवेदक-सधनी देवी, पति-स्व0 बाबुलाल मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0-3766/24<br>2. आवेदक-बसंती देवी, पति-रमेश सोरेन<br>3. ग्राम-पोटंगा रसका टोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने सूपली पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0-3767/24<br>2. आवेदक-रमेश सोरेन, पिता-मोंगला मांझी<br>3. ग्राम-रसका टोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0-3768/24<br>2. आवेदक-लालमुनी देवी, पति-मनुलाल मांझी<br>3. ग्राम-करमटीलहा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-48 वर्ष, पहचान चिन्ह-पेट पर काला निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0-3769/24<br>2. आवेदक-त्रिलोक सोरेन, पिता-स्व0 दिनु मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां आंख के पास तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0-3770/24<br>2. आवेदक-मो0 सावमुनी, पति-खनुलाल मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-मुह के निचे निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0-3771/24<br>2. आवेदक-बुधनी देवी, पति-स्व0 दयाल मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर तिल निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0-3772/24<br>2. आवेदक-करमा मांझी, पिता-स्व0 झानो मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0-3773/24<br>2. आवेदक-सोनामुनी देवी, पति-करमा मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायां हाथ पर तिल निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0-3774/24<br>2. आवेदक-शालो देवी, पति-स्व0 सिकंदा मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने आंख के ऊपर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0-3775/24<br>2. आवेदक-सावमुनी देवी, पति-रेगा मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह-पिठ पर उगला का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0-3776/24<br>2. आवेदक-बब्लु मराण्डी, पिता-लेचा मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा रसका टोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0-3777/24<br>2. आवेदक-मनाराम मांझी, पिता-बोधदा मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-71 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0-3778/24<br>2. आवेदक-मझली देवी, पति-छदन मांझी<br>3. ग्राम-असवा तिलैया, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-चहरे पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0-3779/24<br>2. आवेदक-लालमुनी देवी, पति-स्व0 जानकी लाल मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पैर पर जले का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0-3780/24<br>2. आवेदक-तालोमुनी देवी, पति-मथुर मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0-3781/24<br>2. आवेदक-बिरसी देवी, पति-जतरू मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा रसका टोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-41 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0-3782/24<br>2. आवेदक-पानको देवी, पति-श्यामलाल मांझी<br>3. ग्राम-मरकुआ, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-56 वर्ष, पहचान चिन्ह-आँख के निचे तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0-3783/24<br>2. आवेदक-बसता सोरेन, पिता-स्व0 पति मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा रसका टोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0-3784/24<br>2. आवेदक-जिया मांझी, पिता-स्व0 दिनु मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-76 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरे पर चेचक का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0-3785/24<br>2. आवेदक-तलमी देवी, पति-लेचा मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन के पिछे तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0-3786/24<br>2. आवेदक-फुलकी देवी, पति-पाहन मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-70 वर्ष, पहचान चिन्ह-बांये गाल पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0-3787/24<br>2. आवेदक-सोमरा मांझी, पिता-लैंगा मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-40 वर्ष, पहचान चिन्ह-कान के पिछे तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0-3788/24<br>2. आवेदक-मुन्शी मांझी, पिता-स्व0 पतिया मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा रसका टोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-गर्दन पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0-3789/24<br>2. आवेदक-मुनीया देवी, पति-मानाराम मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-69 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0-3790/24<br>2. आवेदक-फगुनी देवी, पति-बैनीलाल मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा रसका टोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-आंख के निचे घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0-3791/24<br>2. आवेदक-मूर्ति देवी, पति-सुखलाल मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा रसका टोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0-3792/24<br>2. आवेदक-उदन मांझी, पिता-बाबुलाल मांझी<br>3. ग्राम-असवा तिलैया, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरे पर चेचक का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0-3793/24<br>2. आवेदक-फुलको देवी, पति-बसता सोरेन<br>3. ग्राम-पोटंगा रसका टोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0-3794/24<br>2. आवेदक-टेमने देवी, पति-मुन्शी मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा रसका टोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरे पर चेचक का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0-3795/24<br>2. आवेदक-मालती देवी, पति-कोका मांझी<br>3. ग्राम-पोटंगा बरटोला, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायां पैर पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0-3796/24<br>2. आवेदक-करमी मरांडी, पति-मोहन सोरेन<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-महिला, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-चेहरे पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0-3797/24<br>2. आवेदक-सुखलाल मांझी, पिता-कैला मांझी<br>3. ग्राम-रसका टोला पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0-3798/24<br>2. आवेदक-मकुल प्रजापति, पिता-स्व0 बिगन प्रजापति<br>3. ग्राम-पोटंगा, पोस्ट-गोसाई बलिया, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां घुटना पर घाव का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :-चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं चन्दनाथ भाई पटेल द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 55. | 1. आवेदन क्र0-3811/24<br>2. आवेदक-बालेश्वर प्रसाद मेहता, पिता-स्व0 प्रसादी मेहता<br>3. ग्राम-लुपुंग, पोस्ट-लुपुंग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें पैर में जले का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0-3812/24<br>2. आवेदक-नान्दो राम, पिता-बिगन राम<br>3. ग्राम-लुपुंग, पोस्ट-लुपुंग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0-3813/24<br>2. आवेदक-विजय राम, पिता-भागो राम<br>3. ग्राम-लुपुंग, पोस्ट-लुपुंग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें आंख के बगल में मासा। | कंडिका-2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0-3814/24<br>2. आवेदक-बिन्देश्वर मेहता, पिता-स्व0 रूपलाल महतो<br>3. ग्राम-लुपुंग, पोस्ट-लुपुंग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ का अनामिका अंगुली टेढा है। | कंडिका-2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0-3815/24<br>2. आवेदक-राजेन्द्र मेहता, पिता-जयलाल महतो<br>3. ग्राम-लुपुंग, पोस्ट-लुपुंग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0-3816/24<br>2. आवेदक-श्रीकान्त मेहता, पिता-स्व0 प्रसादी महतो<br>3. ग्राम-लुपुंग, पोस्ट-लुपुंग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-नाक में कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0-3817/24<br>2. आवेदक-माधो प्रजापति, पिता-टेक नारायण<br>3. ग्राम-लुपुंग, पोस्ट-लुपुंग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-68 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0-3818/24<br>2. आवेदक-मुरली प्रजापति, पिता-बासो प्रजापति<br>3. ग्राम-लुपुंग, पोस्ट-लुपुंग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |

नोट :-
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 341577 (Home)24-25*D

खबर मन्त्र

रांची. बुधवार . 11 दिसंबर 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# बाल विवाह एक कलंक

पिछले एक वर्ष में दो लाख बाल विवाह कानून की सख्ती से रोके गए। निश्चित रूप से बाल विवाह मानवाधिकारों का उल्लंघन ही है। जिससे बच्चियां ताउम्र पढ़ाई से वंचित हो जाती हैं और उनका शारीरिक व मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। सही मायनों में बाल विवाह कुपोषण एवं गरीबी का ऐसा चक्र पैदा करता है जिसकी कीमत राष्ट्र को चुकानी पड़ती है। चौंकाने वाले आंकड़े हैं कि पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड व त्रिपुरा में 40 फीसदी लड़कियों के विवाह 18 साल से पहले हो जाते हैं। यही वजह है कि केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्रालय ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की है। दरअसल, यह शुरूआत उन राज्यों को लेकर की गई है,जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। तथ्य यह भी कि समाज में गरीबी और बाल विवाह में सीधा रिश्ता है। एक अध्ययन के अनुसार 75 फीसदी बाल विवाह गरीब परिवारों में होते हैं। जो कालांतर गरीबी के नये दुश्चक्र को जन्म देते हैं। निश्चित रूप से हमारे समाज में गरीबी व रूढ़िवाद के चलते इस कुप्रथा को बल मिलता है। अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि संपन्न, शिक्षित और प्रगतिशील समाजों में बाल विवाह के मामले सामान्यतः नजर नहीं आते। वहीं दूसरी ओर लिंगभेद की सोच भी इन विवाहों को बढ़ावा देती है। अभिभावक विषम परिस्थितियों के चलते अल्पवयस्क लड़कियों का विवाह करके जल्दी अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहते हैं। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्वतंत्रता से पूर्व देश में वर्ष 1929 में बाल विवाह निषेध कानून बनने के बावजूद इस कुप्रथा पर अंकुश क्यों नहीं लग पाया। पहले धारणा थी कि असुरक्षाबोध के चलते बाल विवाह को बढ़ावा मिलता रहा है। कम से कम स्वतंत्र भारत में बाल विवाह की सोच नहीं रहनी चाहिए थी।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष :** योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9

**वृष :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यो का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

**कन्या :** बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यो में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7

**तुला :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8

**धनु :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

**मकर :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

**कुंभ :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मीन :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9

# प्रजनन दर बढ़ाये बिना कैसे हल हो आबादी का सवाल?



**हमें** गिरते जन्मदर की समस्या का हल तलाशना चाहिए मगर इसके लिए महिलाओं को ज्यादा बच्चे पैदा करने हेतु प्रोत्साहित करने के बजाय अन्य विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए। जब से राजनेताओं और बुद्धिजीवियों ने इस सत्य को समझा है कि जनांकिकी ही नियति है, तब से वे जनसंख्या को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे हैं। यूरोप और अमेरिका में उन्होंने अवैध प्रवासियों का आगमन रोककर ऐसा करने का प्रयास किया क्योंकि प्रवासियों के कारण उनकी जनांकिकी बिगड़ रही है। भारत में हम केवल कुल प्रजनन दर (टीएफआर) बढ़ाकर ऐसा करने पर विचार कर रहे हैं। प्रति महिला 2.1 की कुल प्रजनन दर को आबादी के स्तर को स्थिर रखने के लिए उचित माना जाता है।

अक्टूबर में आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के मुख्यमंत्रियों ने अपने राज्यों में घटती टीएफआर की बात कहते हुए संकेत दिया कि वे परिवारों को और बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे की ताजा रिपोर्ट तथा ऐसी ही अन्य रिपोर्ट के मुताबिक जहां तमिलनाडु की टीएफआर 1.8 और आंध्र प्रदेश की 1.7 है वहीं बिहार 3 की टीएफआर के साथ सबसे ऊपर है। उत्तर प्रदेश और झारखंड की टीएफआर क्रमशः 2.4 और 2.3 है।

इससे संकेत मिलता है कि बड़ी आबादी वाले हिंदी प्रदेशों में भी दर घट रही है। कुछ दिन पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने यह मुद्दा उठाया और कहा कि महिलाओं को तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। हालांकि उन्होंने खुलकर यह नहीं कहा, लेकिन वह शायद मुस्लिमों की तुलना में हिंदुओं की कम होती प्रजनन दर की बात कर रहे थे।

दक्षिण के राज्यों की बात करें तो अगली जनगणना और परिसीमन के बाद उन्हें लोक सभा में कुछ सीटें गंवानी होंगी और वहां जन्मदर बढ़ाना प्राथमिकता नजर आ रहा है। यह कारगर नहीं होने वाला। महिलाएं केवल कुछ लाभ पाने या राजनीतिक वजहों से अधिक बच्चे नहीं पैदा करना चाहेंगी। जन्म दर में कमी आनी तब शुरू होती है जब आर्थिक हालात सुधरते हैं और महिलाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार मिलते हैं। जैसे-जैसे आर्थिक स्थिति सुधरती है, बच्चों को पालने का खर्च भी बढ़ता है क्योंकि स्कूली शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं महंगी होती हैं। ऐसे में केवल नकदी या मातृत्व अवकाश से बात नहीं बनेगी।

राजनेता और समाज विज्ञानी सोचते हैं कि उनके पास मानवीय व्यवहार को निर्देशित करने या प्रोत्साहित करने के उपाय हैं लेकिन माओ के चीन या पोल पॉट के कंबोडिया जैसे दमनकारी शासकों की तरह उनके पास ऐसी ताकत नहीं होती। बात यह नहीं है कि आप प्रोत्साहनों और दंडों की उचित प्रणाली लागू करके निजी व्यवहार को प्रभावित नहीं कर सकते, बल्कि यह है कि केवल इसी पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करना अंततः विपरीत परिणाम देगा।



**- आर जगन्नाथ**

**महिलाएं केवल कुछ लाभ पाने या राजनीतिक वजहों से अधिक बच्चे नहीं पैदा करना चाहेंगी। जन्म दर में कमी आनी तब शुरू होती है जब आर्थिक हालात सुधरते हैं और महिलाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार मिलते हैं। जैसे-जैसे आर्थिक स्थिति सुधरती है, बच्चों को पालने का खर्च भी बढ़ता है क्योंकि स्कूली शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं महंगी होती हैं। ऐसे में केवल नकदी या मातृत्व अवकाश से बात नहीं बनेगी।**

पहली बात अगर सरकार ज्यादा बच्चों को पैदा करने को प्रोत्साहन देती है तो संभव है कि यह बात गरीबों या अवैध प्रवासियों को प्रोत्साहन दे।

दूसरी बात, किसी प्रदेश में लोक सभा सीटें कम होने के डर से टीएफआर को प्रभावित करने का विचार संविधान की इस भावना के विपरीत है कि जनसंख्या बढ़ने पर कुछ समूहों या श्रेणियों के लिए सीटें बढ़ा दी जाएं। 2001 की जनगणना में बढ़ी आबादी को देखते हुए लोक सभा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की सीटें क्रमश 79 से बढ़ाकर 84 और 41 से बढ़ाकर 47 कर दी गईं। अगर यह स्वीकार्य है तो इसी तर्क पर उत्तर प्रदेश, बिहार या झारखंड की हिस्सेदारी बढ़ने का विरोध करना बेतुका है। दक्षिण के राज्यों के हितों के बचाव के अन्य तरीके अपनाए जा सकते हैं। तीसरा, दक्षिण भारत के राज्य लंबे समय से यह कहते रहे हैं कि उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण करके राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप कदम उठाए हैं जबकि अब उनका लक्ष्य बदला हुआ नजर आता है। घटती प्रजनन दर की बात करें तो वे वास्तव में देश की जरूरत के अनुरूप काम नहीं कर रहे हैं। देश का प्रजनन दर आधारित जनांकिकीय लाभ हिंदी क्षेत्र से आ रहा है न कि दक्षिण से। ऐसे में पुरस्कृत तो उत्तर भारत को होना चाहिए।

चौथा, जनांकिकीय में बदलाव की असली समस्या सामाजिक तनाव की है। अगर किसी देश या समाज में जनसंख्या की कमी को प्रवासियों से पूरा किया जाता है तो एक सांस्कृतिक टकराव उत्पन्न होता है जिससे निपटने की जरूरत है। केवल परिवारों के निर्णय के स्तर पर जनांकिकी के रुझानों से उलझना मूर्खता होगी। जहां तक बाद अधिक लोक सभा सीटों की है, दक्षिण भारत को हिंदी क्षेत्र से अधिक से अधिक रहवासियों को अपने यहां स्थायी रूप से बसने को आमंत्रित करना चाहिए और उन्हें तमिल या तेलुगू सीखने को कहना चाहिए ताकि प्रवासी स्थानीय संस्कृति के साथ अच्छी तरह घुलमिल जाएं।

प्रजनन दर को प्रोत्साहित करने के बजाय यह अधिक वास्तविक लक्ष्य है। हालांकि प्रदेशों को महिलाओं और बच्चों के अनुकूल बनाने में कोई समस्या नहीं है, यह भी अच्छी बात है। घटती टीएफआर वाले देशों और राज्यों को उन तकनीक और कारोबार में निवेश करना चाहिए जो बुजर्ग आबादी की देखभाल में काम आए। वे सरकारी और निजी नौकरियों में सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने पर विचार कर सकते हैं। कामकाजी आयु में अधिक बचत को प्रोत्साहित किया जा सकता है। अब जबकि नए योगदान करने वाले लगातार कम हो रहे हैं तब पेंशन बहुत अधिक नहीं हो सकती। इसमें सरकारी कर्मचारियों और सशस्त्र बलों की पेंशन भी शामिल है। सरकार वरिष्ठ नागरिकों की मदद के लिए स्वचालित तकनीकों को भी प्रोत्साहन दे सकती है क्योंकि उनकी देखभाल के लिए ज्यादा बच्चे नहीं हैं।

खासतौर पर प्रवासियों के आगमन के साथ ऐसा होने पर सामाजिक अस्थिरता और अनचाहे तनाव आते हैं। राज्यों के लिए बेहतर होगा कि वे प्रवासियों को लेकर नियम सख्त करें। उन्हें जोर देना चाहिए कि दूसरी संस्कृतियों से आने वाले लोग स्थानीय संस्कृति सीखें और अपनाएं। डेनमार्क में अगर आपको नागरिकता चाहिए तो आपको स्थानीय भाषा और संस्कृति का ज्ञान होना जरूरी है। आपको डेनमार्क और वहां के समाज के साथ जुड़ाव जाहिर करना होगा। इसके साथ ही उन्हें डेनमार्क के लोकतांत्रिक मानकों सहित स्थानीय मूल्यों का पालन करना होगा।भारत में जहां बहुसंख्यक समुदाय धार्मिक समूहों द्वारा हिंदुओं का धर्म परिवर्तित किए जाने को लेकर भयभीत रहता है वहां प्रवासियों को आने देने की एक शर्त यह होनी चाहिए कि वे धर्म परिवर्तन की गतिविधि में नहीं शामिल होंगे और हिंदू संस्कृति और मूल्यों का सम्मान करेंगे। नए प्रवासियों को अलग सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करके रहने की इजाजत नहीं होनी चाहिए क्योंकि इससे अलगाववादी मानसिकता तैयार होती है। इसके साथ ही बिना नागरिकता अधिकार के वर्क परमिट के नियम उदार होने चाहिए ताकि कम वेतन वाले देशों से श्रमिक उच्च वेतन वाले देशों में जा सकें।

## लेटर टू एडिटर

### तकनीक का खतरा

**लेबनान** में पेजर और वॉकी-टॉकी में विस्फोटक रखकर किए गए धमाके दिल दहला देने वाले हैं। यह नई तकनीक का खतरनाक उपयोग दर्शाता है। पहले से ही लोग साइबर अटैक से चिंतित हैं, अब मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे गैजेट्स भी खतरा बन गए हैं। इस्राइल ने युद्ध में दुश्मनों को नुकसान पहुंचाने के लिए जो तरीका अपनाया है, वह न केवल नया है, बल्कि खतरनाक भी। विशेषज्ञों को मोबाइल फोन और अन्य उपकरणों से होने वाले संभावित खतरों के खिलाफ उपाय खोजने चाहिए।

**- रविन्द्र सिंह, रांची**

### संदेह के घेरे में

**प्राचीन** काल में विभिन्न शक्तियों का दुरुपयोग मानव जाति के लिए हानिकारक होता था। आज विज्ञान की सुविधाओं का भी दुरुपयोग हो रहा है। राष्ट्रविरोधी तत्व तकनीक का दुरुपयोग कर सकते हैं।यह स्थिति चिंता का विषय है।

**-प्रिया सिन्हा, हजारीबाग**

## X ट्वीट

पूंजीपतियों को छूट और आम लोगों से लूट का एक और उदाहरण देखिए। एक तरफ कॉरपोरेट टैक्स के मुकाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज्यादा वसूली की तैयारी कर रही है। सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है - आपकी जरूरत की चीजों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना है। जरा सोचिए - अभी, शादियों का सीजन चल रहा है। लोग कब से पाई-पाई जोड़कर पैसे इकट्ठा कर रहे होंगे और सरकार इसी बीच ?1500 से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी 12% से बढ़ाकर 18% करने जा रही है। यह घोर अन्याय है -

**- राहुल गांधी, सांसद**

# देवेंद्र फडणवीस : लो...लौट आया समुंदर.... !

## सामयिक

**गढ़चिरौली** के घने जंगलों से लेकर मुंबई के मलाबार हिल तक फैले महाराष्ट्र के सियासी फलक पर फिलहाल एक ही नाम गूंज रहा है- देवेन्द्र गंगाधरराव फडणवीस। तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले फडणवीस ने 2019 में विरोधियों को चेताया था, ह्लमैं समुंदर हूं, मेरे किनारों पे घर मत बनाना ह्व उस वक्त उनकी खूब हंसी उड़ाई गई थी। लेकिन 2024 के विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में लौटे फडणवीस ने इसे सच कर दिखाया।

महाराष्ट्र में कांग्रेस और एनसीपी ही सत्ता में रही है। फुले, शाहूजी और आंबेडकर का नाम लेकर राजनीति करने वाले इस राज्य में शरद पवार और स्व. बालासाहब ठाकरे राजनीति के दो प्रमुख केन्द्र माने जाते रहे हैं। बालासाहब के बाद राज्य में उनके जैसी राजनीतिक हैसियत रखने वाला दूसरा नेता नहीं उभरा। वहीं, जोड़-तोड़, शह-मात की सियासत करने वाले शरद पवार को चुनौती देने वाला कोई नहीं था। महाराष्ट्र कि राजनीति में अब तक वही होता रहा जो पवार चाहते थे। लेकिन पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के युवा स्वयंसेवक ने पवार को ललकारा, इतना ही नहीं पवार के सारे समीकरण ध्वस्त कर अपना परचम बुलंद किया। नतीजतन, कभी राज्य की सियासत को अपनी जेब में रखने वाले शरद पवार की पार्टी को महज 10 विधायकों से संतोष करना पड़ा।

सिर्फ 22 साल की उम्र में नागपुर में पार्षद बनने से जो सफर शुरू हुआ था अब वो महाराष्ट्र के तीसरी बार सीएम बनने तक पहुंच गया है। अपनी शर्तों पर राजनीति करने वाले फडणवीस महाराष्ट्र के दूसरे ऐसे सीएम हैं, जिन्होंने 5 साल का अपना कार्यकाल पूरा किया। उनसे पहले वसंतराव नाईक ने 1967-72 के बीच अपना मुख्यमंत्री का कार्यकाल पूरा किया था। इस रिकॉर्ड की बराबरी फडणवीस 2014-19 के बीच कर चुके हैं और अब तो कई नए रिकॉर्ड बनाने की बारी है।

फडणवीस की राजनीतिक यात्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से शुरू हुई। वह 1990 के दशक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) में शामिल हुए। 1992 में नागपुर के रामनगर वार्ड से पहला नगर निगम चुनाव जीते और 22 वर्ष की उम्र में सबसे युवा पार्षद बने। उसके बाद 1997 में फडणवीस नागपुर के सबसे युवा मेयर बने और भारत के दूसरे सबसे युवा मेयर बने। इसके बाद 1999 से 2024 तक लगातार 6 बार महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य चुने गए हैं। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा को 105 सीटें मिली थी लेकिन ऐन वक्त पर शिवसेना ने एनसीपी और कांग्रेस से हाथ मिलाया। नतीजतन फडणवीस को नेता प्रतिपक्ष बनना पड़ा। इस दौरान उन्होंने अपनी नई सियासी भूमिका बखूबी निभाई। कोरोना महामारी के समय राज्य में हो रही धांधलियों पर फडणवीस ने कड़ा प्रहार किया। इसी दौरान फडणवीस के चलते राज्य के तत्कालीन गृहमंत्री अनिल देशमुख को जेल जाना पड़ा था। बदले पर उतारू महाविकास आघाडी (मविआ) के नेताओं ने फडणवीस पर बड़े, गहरे और निजी प्रहार किए।

समय-समय पर अपमान का घूंट पीकर फडणवीस ने 2022 में शिवसेना को पहला झटका दिया। जब एकनाथ शिंदे की अगुवाई में शिवसेना का बड़ा कुनबा भाजपा से जा मिला। बगावत से बौखलाए उद्धव ठाकरे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद समय-समय पर फडणवीस की राह मे रोड़े अटकाने वाले शरद पवार का नंबर आया। फिर महाराष्ट्र की राजनीति में वह हुआ जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की होगी। शरद पवार के सगे भतीजे अजित और उनके 80 फीसदी सहयोगी फडणवीस से जा मिले। फडणवीस और मविआ नेताओं में शह और मात का यह खेल 2024 के लोकसभा चुनाव में बदल गया। मविआ को मिली जीत से भाजपा के खेमे में निराशा छाने लगी। भाजपा के समर्थक भी यह मानने लगे थे कि विधानसभा चुनाव बहुत मुश्किल होगा। वहीं, मविआ के नेता अपनी जीत के सपने देखने लगे थे। लेकिन फडणवीस ने दोबारा अपनी पार्टी को निराशा के अंधेरों से बाहर निकाला।

एक ओर लाडली-बहना योजना का आगाज किया, दूसरी ओर किसान, मजदूर, गांव, गरीब सबसे संपर्क बनाया, बढ़ाया और अपनी जीत सुनिश्चित की। जिसके दम पर अकेली भाजपा को 133 सीटे मिली, वहीं सहयोगियो को मिला कर 230 सीटों का मजबूत खेमा फडणवीस के पीछे खड़ा होकर हुंकार भर रहा है- लो...लौट आया समुंदर.... !

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों पर उठते सवाल

**-प्रियंका सौरभ**

## संस्थान

**भारतीय** संस्थानों से निकले एसटीईएम स्नातकों की एक बड़ी संख्या ऐसी है जिनमें आवश्यक कौशल का अभाव है। यह उद्योग और अनुसंधान प्रगति में बाधा डालता है। संस्थागत रैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान आउटपुट पर ध्यान केंद्रित करने से कई शिक्षण-केंद्रित संस्थानों ने अक्सर निम्न-गुणवत्ता वाले आउटलेट में प्रकाशन पत्र और पेटेंट को प्राथमिकता दी है, कई संस्थानों में संकाय पर अत्यधिक बोझ है, पेशेवर विकास के लिए बहुत कम समय या प्रोत्साहन है। संकाय भर्ती अक्सर स्थानीयकृत होती है, जिससे शैक्षणिक प्रदर्शन और दृष्टिकोण की विविधता सीमित हो जाती है। क्वांटम कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी पहलों के लिए कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होती है लेकिन सीमित योग्य कर्मियों और अपर्याप्त प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के कारण इन पहलों का उपयोग कम होने का खतरा है। वर्तमान संरचना संसाधनों, पाठ्यक्रम या संकाय के आदान-प्रदान की सुविधा नहीं देती है, जिससे शिक्षा और अनुसंधान के बीच विभाजन मजबूत होता है, विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में योगदान के अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारत अब एक ऐसे महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है जहाँ देश में (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश केवल चलन नहीं बल्कि एक आवश्यकता है।

प्रौद्योगिकी छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग को सुगम बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और उपकरण परियोजनाओं पर वास्तविक समय में सहयोग को सक्षम करते हैं, टीमवर्क और संचार कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। ये सहयोगात्मक अनुभव पेशेवर दुनिया में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की सहयोगात्मक प्रकृति को दशार्ते हैं। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरण कई लाभ लाता है, यह चुनौतियों को भी सामने लाता है जिन्हें व्यापक परिवर्तन के लिए सम्बोधित करने की आवश्यकता है। डिजिटल डिवाइड एक महत्त्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जिसमें प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच में असमानताएँ हैं। इस अंतर को पाटना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि सभी छात्रों को, उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, प्रौद्योगिकी के उपयोग से लाभ उठाने के समान अवसर मिलें। शिक्षकों को भी अपने शिक्षण विधियों में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना सुनिश्चित करता है कि वे प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षा में प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग, जिसमें डेटा गोपनीयता और सुरक्षा शामिल है, जिसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

शिक्षण-केंद्रित संस्थानों के मूल्यांकन को अनुसंधान मेट्रिक्स से अलग करके, रैंकिंग अनुसंधान आउटपुट पर शिक्षण गुणवत्ता को प्रतिबिंबित कर सकती है, जिससे इन संस्थानों पर निम्न-गुणवत्ता वाले अनुसंधान को आगे बढ़ाने का दबाव कम हो सकता है। शिक्षण संस्थानों को मूलभूत कौशल को मजबूत करने के लिए विशेष रूप से प्रारंभिक वर्षों में, अनुसंधान पर शिक्षाशास्त्र को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक समर्पित ₹शिक्षण ट्रैक₹ शुरू किया जा सकता है, जिससे शिक्षाशास्त्र में रुचि रखने वाले संकाय सदस्यों को अकेले अनुसंधान आउटपुट के बजाय अपने शिक्षण कौशल के आधार पर आगे बढ़ने की अनुमति मिल सके। अनुसंधान संस्थान संयुक्त डिग्री कार्यक्रम बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी कर सकते हैं, जिससे उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अपना काम पूरा करने में मदद मिलेगी अनुसंधान-केंद्रित संस्थानों में अध्ययन। इस दृष्टिकोण का एक उदाहरण एनआईटी सूरत और आईआईटी बॉम्बे के बीच सहयोग है, जो छात्रों को एक प्रमुख संस्थान में उन्नत अध्ययन पूरा करने की अनुमति देता है। सरकारी फंडिंग को शिक्षण संस्थानों के भीतर शिक्षाशास्त्र में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की दिशा में निर्देशित किया जाना चाहिए। ये केंद्र शिक्षक प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास और एसटीईएम शिक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं के केंद्र के रूप में काम करेंगे, जिससे बड़े अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता के बिना प्रणालीगत सुधार होंगे।

भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों के सामने आने वाली चुनौतियाँ एक बहुआयामी दृष्टिकोण की मांग करती हैं जिसमें पाठ्यक्रम आधुनिकीकरण, अनुसंधान वित्त पोषण, संकाय विकास और विविधता पहल शामिल हैं। सरकार और उद्योग के सहयोग में वृद्धि से समर्थित नीतिगत सुधार, अधिक गतिशील, उद्योग-संरेखित और समावेशी एसटीईएम पारिस्थितिकी तंत्र बना सकते हैं।

भारत में शिक्षा प्रणाली को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें शिक्षा तक असमान पहुँच, पुराना पाठ्यक्रम और अपर्याप्त धन शामिल है। हालाँकि, इन चुनौतियों के बावजूद, देश में सम्मानित विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की संख्या बढ़ रही है और सरकार ने शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है। शिक्षा में निरंतर निवेश के साथ भारत में सीखने और ज्ञान का एक अग्रणी केंद्र बनने और अपने सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की क्षमता है।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## स्पीड न्यूज

### झामुमो युवा मोर्चा ने बांटा कंबल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए झामुमो युवा मोर्चा ने मंगलवार को बलकुदरा पंचायत में दर्जनों गरीब-जरूरतमदों के बीच कंबल का वितरण किया। झामुमो युवा मोर्चा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष योगेंद्र यादव ने अपने समर्थकों के साथ पंचायत के दर्जनों गरीब-जरूरतमंद वृद्ध महिला-पुरूषों के बीच कंबल का वितरण कर आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा के लिए झामुमो हर सार्थक कदम उठाता रहेगा। झामुमो का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की हर संभव मदद और सेवा करना है। मौके पर संजय यादव, सुनील मुंडा, सन्नी मुंडा, आनंद मुंडा, अजय यादव, रवि महली, सतीश मुंडा, बंधन मुंडा, संजय मुंडा, आनंद मुंडा, ईश्वर प्रसाद, पिंटू कुमार, विजय मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### भाजपा का कार्यशाला 15 दिसंबर से



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला की बैठक मंगलवार को जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में हाथमारा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में सदस्यता अभियान को गति देने को लेकर जिला और मंडल में आयोजित होने वाले कार्यशाला पर चर्चा की गई । भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने में सदस्यता अभियान की अहम भूमिका होती है। सदस्यता अभियान को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन जिला में 15 दिसंबर से 16 दिसंबर तक और मंडल स्तर पर 18 दिसंबर से 19 दिसंबर तक करने का निर्देश प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिया गया है। उन्होंने बताया कि भाजपा रामगढ़ जिला कार्यशाला का आयोजन 15 दिसंबर को होना तय हुआ।22 दिसम्बर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान को बूथ स्तर तक अंजाम देने को लेकर जिलाध्यक्ष ने जिला सदस्यता संयोजक तथा सह संयोजक की घोषणा की। जिला सदस्यता संयोजक राजेन्द्र कुशवाहा को वहीं, सह संयोजक विजय जायसवाल, किरण देवी तथा अखिलेश प्रसाद को बनाया गया।बैठक में जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन फौजी ,राजेन्द्र कुशवाहा, बलराम महतो, महेन्द्र प्रजापति,राजू चतुवेर्दी,विजय जायसवाल,दिलीप सिंह ,सरदार अनमोल सिंह , लक्ष्मी देवी, युगेश दांगी,सतीश मोहन मिश्रा, श्यामनंदन साह आदि उपस्थित थे।

### गिरधारी गोप बने सदस्यता प्रभारी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप और अनीता देवी को झारखंड प्रदेश सदस्यता अभियान का प्रभारी बनाया है। सदस्यता अभियान प्रभारी बनाये जाने से राजद कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। इनके मनोनयन पर राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि गिरधारी गोप के प्रभारी बनने से राज्य में राष्ट्रीय जनता दल और मजबूत होगी। साथ ही सदस्यता अभियान को बल मिलेगा। गिरधारी गोप ने कहा कि सौंपे गये दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। गिरधारी गोप के मनोनयन पर राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, प्रेम साहू, संतोष मिश्रा, संजय यादव, अलाउद्दीन मंसूरी, वाहिद अंसारी, बबन पांडेय, जानकी ठाकुर, सुभाष तिवारी, शौकत खान आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### जलापूर्ति को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद के वार्ड नंबर 9 निवासी कामदेव मिश्रा ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने बताया है कि नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 9 में जलापूर्ति बंद कर दी गई है। जलापूर्ति बंद करने से पूर्व लोगों को सूचना भी नही दी गई। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कामदेव मिश्रा ने उपायुक्त से मामले को संज्ञान में लेते हुए वार्ड नंबर 9 में जलापूर्ति आरंभ करवाने का अनुरोध किया है।

### रास्ता बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**कुजू।** रांची रोड स्थित एसआरयू (इफिको) प्रबंधन द्वारा सर्वे रास्ता को बंद किये जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा रहा है। रास्ता के बंद हो जाने से ग्रामीणों को कई किलो मीटर दूरी तय करने अपने गंतव्य तक पहुंच पा रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि पांच दशक पूर्व फैक्ट्री की स्थापना हुई थी। साथ ही फैक्ट्री के बगल में सर्वे रास्ते भी छोड़ा गया था। जिससे हेसला, मरार, मनुवा, फुलसराय आदि गांव के लोग आने-जाने के लिए उपयोग करते आ रहे है। उक्त रास्ता को कंपनी द्वारा अधिग्रहण किया गया है। इससे पहले फैक्ट्री के गेट से प्रबंधन द्वारा कभी भी रोका नहीं गया। लेकिन कुछ दिनों से मेन गेट को बंद कर दिया गया है। इधर मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने कंपनी के महाप्रबंधक के अलावे उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ विधायक को रास्ता खुलवाने को लेकर मांग पत्र सौंपा गया है। इस संबंध में कंपनी के मैनेजर आनंद सिन्हा से संपर्क साधने पर उनका मोबाइल बंद बताया गया।

### पावर सेल बंद करे सीसीएल : समिति

भुरकुंडा (रामगढ़) ।सौन्दा बस्ती सेल संचालन समिति ने मंगलवार को सीसीएल सयाल डी परियोजना पदाधिकारी को पत्र सौंपकर सयाल डी परियोजना में चल रहे पावर सेल बंद करवाने की मांग की हैं। पत्र में कहा गया है की सेल संचालन समिति रैयत खतियानी विस्थापित एसी/एसटी ग्रामीणों एवं सयाल डी परियोजना प्रबंधक के बीच रोड सेल में प्रतिमाह 20 हजार टन कोयला आवंटन करने का वादा किया गया था। जिससे गांव के लोगो को रोजगार मिल सके। लेकिन बार-बार सेल चालू करने के लिए प्रबंधन से मांग करने के बाबजुद प्रबंधन का रैवया उदासीन है। सेल समिति ने प्रबंधन से अग्राह करते हुए कहा की सयाल डी परियोजना में जल्द से जल्द ग्रामीणों को रोजगार के लिए सेल चालू किया जाये। अन्यथा सेल संचालन समिति के द्वारा सयाल डी परियोजना में चल रहे पावर सेल को बंद करा दिया जायेगा। कहा गया की पावर सेल से गांव के कुछ गिने-चुने लोगों को ही लाभ मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। कभी भी गांव में कोई अप्रिय घटना घट सकती है। अगर कुछ घटना घटती है तो इसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी।

# सीजीएल परीक्षा रद्द करने को ले छात्रों ने हजारीबाग किया बंद

## छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : प्रदीप प्रसाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी द्वारा आयोजित सीजीएल परीक्षा में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं और झारखंड की विभिन्न भर्तियों में हो रही धांधली के खिलाफ विद्यार्थियों ने मंगलवार को हजारीबाग बंद किया। इस बंद के दौरान विद्यार्थियों ने भारत माता चौक पर धरना प्रदर्शन कर कई घंटों तक यातायात बाधित रखा। उनकी मांगें साफ थीं परीक्षा में हो रही धांधलियों पर रोक लगाई जाए और जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को रद्द कर एक पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों का आक्रोश झलक रहा था, लेकिन उनके साथ समर्थन में हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी सीधे भारत माता चौक पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ धरना स्थल पर



बैठकर संवाद किया और उनकी मांगों को गंभीरता से सुना।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि झारखंड के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं सदन में भी इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाने के लिए तैयार हूं। आज मुझे सदन में बोलने का मौका नहीं दिया गया, लेकिन मैं वहां एम-सील लेकर गया था, ताकि यह बता सकूं कि परीक्षा लीक की समस्या को रोकने के लिए हमें और मजबूत और प्रभावी कदम उठाने होंगे। उन्होंने आगे कहा हेमंत सरकार और संबंधित विभागों को इस बात को समझना होगा कि इन धांधलियों के चलते लाखों युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। मैं विद्यार्थियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हूं और उनकी हर जायज मांग का समर्थन करता हूं। प्रदीप प्रसाद ने छात्रों के साथ सड़क पर बैठकर उनकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आंदोलनरत युवाओं को यह भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से यह अपील भी की कि आंदोलन को जल्द से जल्द समाप्त करें, उन्होंने कहा आपकी लड़ाई आपकी मेहनत और धैर्य से ही जीती जाएगी। हम आपके साथ हैं, और आपकी हर मांग को सरकार तक पहुंचाने और उस पर अमल कराने का काम करेंगे। प्रदीप प्रसाद ने सरकार और संबंधित विभागों पर निशाना साधते हुए कहा, परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक जैसी घटनाएं हमारे राज्य की छवि को खराब कर रही हैं। विद्यार्थियों की मेहनत और भविष्य को सुरक्षित रखना सरकार की जिम्मेदारी है। अगर सरकार इन मुद्दों पर तुरंत संज्ञान नहीं लेती है, तो आंदोलन और तेज होगा। मैं सदन और सड़क दोनों जगह विद्यार्थियों की आवाज उठाने से पीछे नहीं हटूंगा।

# चरही घाटी में बस पलटी, दो दर्जन से अधिक लोग घायल

## छपरा जिले के दिघवारा से शादी समारोह में रांची आ रहे थे 75 लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चरही। थाना क्षेत्र के चरही स्थित यूपी मोड़ तेज घुमावदार सड़क एनएच-33 पर मंगलवार सुबह एक बस की सड़क दुर्घटना हो गई।उस बस पर करीब 75 लोग सवार थे। जिसमें लोग करीब दो दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चरही पुलिस को घटना की जानकारी मिलते हीं सभी घायलों को एंबुलेंस से बेहतर ईलाज के लिए सदर सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया।

जानकारी के अनुसार विक्रम बस नंबर जेएच 09 बीडी/2221 छपरा जिले के दिघवारा महिटानी से एक ही परिवार के लगभग 75 लोग उक्त बस पर सवार होकर रात 10 बजे शादी के समारोह में रांची जा रहे थे। बस का चालक नींद आने के कारण सो गया।और बस को चलाने के लिये उपचालक के हाथों सौंप दिया गया।चरही यूपी मोड़ में तेज घुमावदार सड़क होने के कारण उपचालक ने





अपना संतुलन खो दिया और डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरे लेन में बस जाकर पलट गई। उस पर सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।चरही पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही स्थल पर पहुंचकर बस में दबे लोगों को निकालकर एम्बुलेंस से ईलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया।पुलिस ने सड़क जाम होने से पहले पलटी हुई बस को क्रेन के माध्यम से ऊठाकर थाने ले आई। चरही थाना क्षेत्र के घाटी यूपी मोड के दशोकों से खूनी सड़क बनकर रह गया है।इस घाटी में सैकड़ों लोगों की जान चली गयी और दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं।ग्रामीणों का कहना है कि एनएच 33 के यूपी मोड़ खून के प्यासा बनकर रह गया है।एनएचएआई के द्वारा जबसे चरही के यूपी मोड़ में घुमावदार घाटी में सड़क का निर्माण की है ,तब से सड़क दुर्घटना में वृद्धि हुई।इस घटना को रोकने के लिये सरकार और जिला प्रशासन को कदम उठाने की जरूरत है।ताकि चरही घाटी में हो रहे दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### चुटूपालू घाटी में ट्रेलर पलटा, चालक और खलासी की मौत



**रामगढ़।** रांची-पटना फोरलेन मार्ग के चुट्टूपालू घाटी में मंगलवार को सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। इसकी सूचना पर रामगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे मृतकों के शव को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सरिया लदा ट्रेलर रांची की ओर से आ रहा था। ट्रेलर चुट्टूपालू घाटी पहुंचते ही असंतुलित हो गया और सड़क के किनारे खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में ट्रेलर के चालक और खलासी की मौके पर मौत हो गई। रामगढ़ थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची और ट्रेलर के केबिन में फंसे चालक और खलासी के शव को काफी प्रयास के बाद निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।पुलिस ने बताया कि घाटी में ट्रेलर खाई में गिर गया।

## रामगढ़ जिले में शामिल हो डाड़ी प्रखंड : तिवारी महतो

**विधायक ने सोनडीहा व करमा को प्रखंड बनाने की मांग की**

**कुजू।** मांडू विधानसभा विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो शपथ ग्रहण के बाद मंगलवार को पहली बार विधानसभा सदन में अपनी बातों को रखा। जहां उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि मांडू विधानसभा चुनाव के दौरान मैंने जनता से वायदा किया था कि जब भी विधानसभा सदन पहुंचेंगे, सबसे पहले डाड़ी प्रखंड को रामगढ़ जिला में शामिल करने का मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिला से महज 10 किलो दूर डाड़ी प्रखंड के ग्रामीणों को वर्तमान में 64 किलो मीटर की दूरी तय कर हजारीबाग जाना पड़ता है। अगर डाड़ी प्रखंड को रामगढ़ जिला में शामिल किया गया तो यहां के ग्रामीणों को कम दूरी तय करने के साथ काफी सुविधा होगी। वहीं



उन्होंने मांडू प्रखंड के 36 पंचायतों में से सोनडीहा व करमा को अलग प्रखंड का दर्जा देने का भी मांग किया। उन्होंने कहा कि मांडू विधानसभा खनिज संपदा से परिपूर्ण है। इस लिए सभी क्षेत्र के ग्रामीणों को सुविधा हो इसके लिए मैं हमेशा उनके आवाज बनकर सदन में उठाने काम करूंगा।

## राजस्व बढ़ाने के लिए आयुक्त ने दिये निर्देश

**हजारीबाग।** आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिला आंतरिक संसाधन समिति तथा जिला टास्क फोर्स की समीक्षा की। उन्होंने खनन, कमर्शियल टैक्सेस, निबंधन, परिवहन, वन विभाग, मत्स्य विभाग तथा नगर निगम सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने सभी विभागों को शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करने और राजस्व बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिए। खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने खनिज संपदा के अवैध कारोबार पर त्वरित कार्रवाई करने और विभिन्न कोलियरी में कोयले के भंडारण का औचक वॉल्यूमैट्रिक जांच करने के निर्देश दिए। एक्साइज विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने अवैध शराब निमार्ता पर कड़ी कार्रवाई करने और लाइसेंसी बार में औचक जांच करने के निर्देश दिए। साथ



ही कमर्शियल टैक्सेस की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने डिफॉल्टरों के विरुद्ध कार्रवाई करने और मोबाइल चेकिंग कर राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक के बाद आयुक्त ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की बैठक कर विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने उप विकास आयुक्त से विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी परियोजनाओं का कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त एसके अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# श्री अग्रसेन स्कूल में मना मानवाधिकार दिवस

## कर्तव्यों का भी ज्ञान रखें छात्रः विवेक प्रधान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एकाडमिक निदेशक एसके चौधरी व प्राचार्य विवेक प्रधान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने मानवाधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। विद्यार्थियों के साथ इस वर्ष के थीम हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी पर विशेष सत्र का आयोजन हुआ। एसके चौधरी ने कहा कि मानव अधिकार सरकार द्वारा दिया गया विशेषाधिकार नहीं है, बल्कि यह हर इंसान को उसकी मानवता के आधार पर प्राप्त होने वाले अधिकार हैं। प्राचार्य विवेक प्रधान ने



कहा कि प्रत्येक जन को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। हमें प्राप्त मानवाधिकार के प्रयोग के लिए हम पूर्ण रूप से स्वतंत्र हैं। लेकिन मानव का कर्तव्य है कि वह अपने अधिकारों का प्रयोग सीमा में रह कर करे और दूसरों के अधिकारों का हनन न करे। साथ ही हमें अपने अधिकारों के अलावा अपने कर्तव्यों का भी ज्ञान होना चाहिए।

## ए ला एंग्लाइज विद्यालय में योग शिविर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में मंगलवार को एकदिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इसमें प्रशिक्षण कंचन दास ने छात्राओं को विभिन्न योगों का अभ्यास कराया। साथ बच्चों के योग से होने फायदों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। शिविर में कुरसे निवासी सुमित देवंत एक्का और सलोनी एक्का की पुत्री सह ए ला एंग्लाइज विद्यालय के तीसरी की छात्रा 11 वर्षीय छात्रा श्रद्धा महिमा एक्का का योगासन और प्रणायम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। सफल छात्रा श्रद्धा महिमा एक्का को प्राचार्य विजयंत कुमार ने पुरस्कृत कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य विजयंत कुमार



ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य लिए योग, जूडो-कराटे, ताइक्वांडो, एथलेटिक्स आदि खेल-कूद का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल बन सके। उन्होंने बताया कि विद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में कई पदक प्राप्त कर चुके हैं।

## एक नजर में

### एसएमसी अध्यक्ष बने बिनोद व उपाध्यक्ष प्रमिला



बरकट्ठा। उच्च मध्य विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी)का पुनर्गठन हुआ। इसकी अध्यक्षता रीतलाल प्रसाद एवं संचालन पर्यवेक्षक सह सहायक शिक्षक साधन कुमार रवानी ने की।इसमें विद्यालय के विभिन्न पोषक क्षेत्रो से बच्चों के माता-पिता भाग लिए।बच्चों के माता-पिता के बीच से 12 सदस्यों का चयन किया गया।चयनित सदस्यों में से नरेश ठाकुर एवं बिनोद प्रसाद दो सदस्यों ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की।बिनोद प्रसाद 11 मत और नरेश प्रसाद को एक मत प्राप्त हुआ।सबसे अधिक मत आने पर बिनोद प्रसाद को अध्यक्ष पद के लिए बिजय घोषित किया गया।वहीं प्रमिला देवी उपाध्यक्ष एवं ललिता देवी सयोंजिका के पद पर चयनित हुयी।इस अवसर पर ज्ञानी प्रसाद,उपमुखिया रेखा देवी,खगेन्द्र प्रसाद,प्रमिला देवी,सुनीता देवी,बेबी देवी,रामकुमार प्रसाद,इंद्रावती देवी,नारायण प्रसाद, पप्पू कुमार,पिंकी देवी,नरेश ठाकुर,बिनोद प्रसाद,गोपी प्रसाद,तस्लीम अंसारी,विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार, सहायक अध्यापक अरुण मंडल समेत दर्जनो लोग उपस्थित थे।

### नवागंतुक प्रशिक्षकों की फ्रेशर पार्टी आयोजित



**पदमा।** मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में मंगलवार को फ्रेशर पार्टी दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें कुलसचिव विभावि, डॉ. सादिक रजाक तथा प्राचार्य, बरकट्ठा कॉलेज, डॉ. बलदेव राम ने अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के अतिरिक्त महाविद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष डॉ अनूप कुमार मेहता, प्राचार्य डॉ चेतलाल प्रसाद, प्राध्यापक तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के 150 से ज्यादा प्रशिक्षु उपस्थित थे। डॉ. राजाक ने कहा कि शिक्षक का उद्देश्य समाज का उत्थान हो ना की डिग्री प्राप्त करना। डॉ बलदेव राम ने महाविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम के महत्व को बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. तनुज गुप्ता, प्रो. जितेंद्र झा, डॉ. वर्मा, डॉ. प्रियंका कुमारी, प्रो. शनिदेव कुमार, डॉ. नीतू उपाध्याय प्रो. सरिका मेहता, प्रो. अंशु रोजलीन लकड़ा, प्रो.सी.एस. प्रसाद, प्रो. राजेश कुमार, प्रो. अजीत कुशवाहा प्रो. राजीव रंजन कुमार तथा मून कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

### बाइक से धान चोरी करते युवक धराया

**दारु।** हरली के खलियान से युवक चोरी की बाइक से धान की चोरी करते हुए रंगे हाँथ पकड़ाया। पकड़ा गया युवक पेटो निवासी प्रकाश महतो का पुत्र कुलदीप कुमार है। युवक को धान की बोझा कि चोरी करते हुए ग्रामीणों ने पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। इस बारे में थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि युवक नशे का आदि है और संभवतः इस कारण चोरी करने की इसकी आदत है। वह इससे पूर्व दिगवार पंचायत के नानो ओरिया में खस्सी चोरी करते हुवे पकड़ा चुका है। एक के पास से एक हौंडा लीवो बाइक भी बरामद हुआ है जो कि चोरी की ही बाइक बताया जा रहा है। इस मामले में दारु थाना पुलिस ने दारु थाना में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

### गला कटने से युवक घायल, हजारीबाग रेफर

**बरही।** डपोक पंचायत निवासी उमेश दुसाद पिता अयोध्या पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार, उनका गला कट गया था। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के सदस्य उन्हें तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया। फिलहाल, उमेश दुसाद का इलाज हजारीबाग में जारी है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कुलसचिव से मिले बरही डिग्री कॉलेज के प्राचार्य



बरही। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के नवनियुक्त प्रभारी कुलसचिव डॉ. सादिक रज्जाक से डिग्री कॉलेज बरही के प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश आनंद ने मंगलवार को औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश आनंद ने कहा कि डॉ. सादिक रज्जाक के कुलसचिव बनने से विश्वविद्यालय के कार्यों में तेजी आएगी और नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि कुलसचिव के मार्गदर्शन से कॉलेज की गतिविधियों को और बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। इस मुलाकात के दौरान डॉ. जयप्रकाश आनंद ने डिग्री कॉलेज बरही से संबंधित विषयों पर चर्चा की और कॉलेज में सुविधाओं को बहाल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कुलसचिव को उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं भी दीं। विश्वविद्यालय और कॉलेज के बेहतर समन्वय और विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

### बरही के गडलाही मोड़ पर लगा स्पीड ब्रेकर

बरही। गडलाही मोड़ पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने सुरक्षा उपायों की मांग की थी। हाल ही में प्रतिबंधित मछली से लदी एक गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने और इस घटना की खबरें अखबारों में प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया। एनएचएआई भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने गडलाही मोड़ पर पहुंचकर सुधारात्मक कदम उठाए। उन्होंने सड़क पर ब्रेकर और दिशा सूचक पट्ट लगाए, सड़क किनारे की झाड़ियां साफ कराई, और बीच चौक पर संकेतक बत्ती की व्यवस्था की। यह कदम ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग का परिणाम है। बरिया पंचायत के पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप ने अधिकारियों से संपर्क कर इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया था। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों में सुभाष पंडित, राजेश पंडित, सिकंदर कुमार, पुरन राम, मनोज कुमार दुबे, मनोज पंडित, हरि प्रजापति, धीरेन्द्र कुमार यादव, कैलाश यादव, रामसेवक प्रजापति, और छोटू प्रजापति सहित अन्य शामिल थे। सभी ने मिलकर सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी आवाज उठाई थी। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इन सुधारात्मक उपायों से गारलाही मोड़ पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

स्पीड न्यूज

## मुखिया ने निजी खर्च से बुजुर्गों के बीच बाटा कंबल



गिद्धौर। पहरा पंचायत की मुखिया बेबी देवी ने मंगलवार को केन्दुआ गांव में दस जरूरतमंद बुजुर्गों के बीच निजी खर्च से कंबल वितरित किए। पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव भी मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित



गिद्धौर। मध्य विद्यालय में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 87 में 40 बच्चों को दो सेट गर्म कपड़े झामुमो प्रखंड प्रभारी यदुनंदन पांडेय ने वितरित किए। यह वितरण झारखंड सरकार द्वारा ठंड के मद्देनजर 3 से 6 साल के बच्चों के लिए किया गया था। वार्ड नंबर 7 की सदस्या ममता देवी, सेविका कांति देवी और बच्चों के अभिभावक भी मौजूद थे।

## पंचायत समिति कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक आयोजित



गिद्धौर। प्रखंड कार्यालय में पंचायत समिति की समीक्षा बैठक प्रमुख अनीता यादव की अध्यक्षता में हुई। बीडीओ राहुल देव और उप प्रमुख प्रीतम यादव भी उपस्थित थे। बैठक में कई योजनाएं पारित की गईं और पूर्ण योजनाओं के भुगतान का निर्णय लिया गया। सरिता देवी सहित अन्य सदस्य भी बैठक में मौजूद थे।

## मनरेगा लोकपाल ने किया योजनाओं का निरीक्षण



चतरा। जिले के लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के मांधनिया पंचायत और लावालौंग पंचायत में मंगलवार को मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं का निरीक्षण मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान के द्वारा किया गया। जिसमें मनरेगा के तहत संचालित मिश्रित बागवानी योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, डोभा इत्यादि योजना का भौतिक निरीक्षण किया गया। जिसमें लगभग सभी योजनाएं संतोषजनक पाई गईं। वहीं अधूरी पड़ी योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया और साथ ही अन्य कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये गये। इस दौरान लावालौंग बीपीओ निरंजन कुमार सिंह,रोजगार सेवक मनोरंजन कुमार, नौशाद आलम, राजेश कुमार समेत कई ब्लॉक कर्मी और लाभुक मौजूद थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में मना मानवाधिकार दिवस



कोडरमा। राज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। जिसे छात्रों को मानवाधिकारों के महत्व को समझने और सराहने में संलग्न करने के लिए रचित किया गया है। यह कार्यक्रम उस दिन के महत्व के संक्षिप्त परिचय के साथ शुरू हुआ, जिसमें मानव अकिारों की सार्वभौमिक घोषणा और सभी के लिए समानता, गरिमा और सम्मान को बढ़ावा देने में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया गया। वहीं प्रिंसिपल राहुल घोष ने बताया कि 10 दिसंबर का दिन संपूर्ण राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसकी शुरुआत 10 दिसंबर 1948 को हुई थी। जब सयुंक्त राष्ट्र महासभा ने सार्वभौमिक मताधिकार घोषणा-पत्र को अधिकारिक रूप से मान्यता दी। वहीं आयशा नोमानी ने बताया कि मानव को मुख्य रूप से समानता का अधिकार धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार भेदभाव से आजादी का अधिकार सामाजिक सुरक्षा का अधिकार अभिव्यक्ति की आजादी कानूनी सहायता लेने का अधिकार जीवन और आजाद रहने का अधिकार सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का अधिकार है। वहीं विद्यालय के शिक्षक आशीष भुजेल सभी विद्यार्थियों को मानव के जीवन में मौलिक अधिकारों का महत्व समझाया तथा कहा की इस वर्ष का 2024 की थीम हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी है। यह इस बात पर गौर करता है कि मानवाधिकार हमारे रोजमर्रा के जीवन को कैसे प्रभावित करते हैं। मौके पर इकबाल, रिजवान, सैफुद्दीन, अनीता, उजाला, सुष्मिता, इंदु, ज्योत्सना, ज्योति, आशीष, आदित्य, काजल, चम्पा समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### उपायुक्त ने की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक

# कई योजनाओं के प्रस्ताव पर लगी मुहर




खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों, प्रखंड, अंचल, स्वास्थ्य विभाग समेत आमजनों से प्राप्त योजना के प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल केंद्र में तब्दील करने, लाइब्रेरी निर्माण, विद्यालय बाउंड्रीवाल निर्माण, स्ट्रीट लाइट, चेकनाका पर शेड निर्माण, पीसीसी सड़क व नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था को लेकर डीप बोरिंग, सड़क निर्माण, मरम्मती, सांस्कृतिक भवन का जीर्णोद्धार, दीदी किचन, ओपन जिम व पार्क समेत अन्य योजनाओं के प्रस्ताव पर विचार करते हुए स्वीकृति प्रदान किया गया। उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का चयन करें, साथ ही प्रमुख चौक चौराहों के सौंदर्यीकरण पर भी दिशा निर्देश दिया। मौके पर डीसी के अलावे डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, सीएस डॉ. अनिल कुमार, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीईओ अविनाश राम, डीएसई अजय कुमार, डीपीओ अनूप कुजूर आदि मौजूद थे।

## लक्ष्य के अनुरूप शौचालय निर्माण करवाएं : मेघा भारद्वाज

- जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश



कोडरमा। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई। जिसमें जल जीवन मिशन से सम्बंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने चालू वितीय वर्ष में स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रखंडवार घरेलू शौचालय निर्माण, सर्वे, शौचालय निर्माण के पोर्टल पर इंट्री आदि की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप शौचालय निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सेप्टी टैंक के साथ शौचालय निर्माण और सोक पीट भी बनाने का निर्देश दिया। इसके अलावे ओडीएफ प्लस गांवों का स्टार रेटिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रखंडों के बीडीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बीडीओ अपने अपने क्षेत्रों के मुखियाओं के साथ बैठक कर, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा करें। बैठक में डीसी ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट शुरू करने व इसके उचित प्रबंधन करने, सामुदायिक शौचालय के संचालन को लेकर टेंडर आयोजित कर एजेंसी का चयन करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, सीएस डॉ.अनिल कुमार, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीईओ अविनाश राम, डीएसई अजय कुमार आदि मौजूद थे।

## उत्तरी छोटानागपुर पत्थर उद्योग संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

डोमचांच (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत रायडीह मोड़ के समीप उत्तरी छोटानागपुर पत्थर उद्योग संघ की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में खनन व्यवसाय में आ रही विभिन्न समस्याओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। मुख्य रूप से सरकार द्वारा पूर्व में बढ़ाए गए खनन रॉयल्टी तथा क्रेशर के लाइसेंस में आ रही दिक्कतों तथा बेहिसाब दंड निर्धारण किए जाने की चर्चा की गई। उक्त परिस्थितियों के कारण लोगों को अपनी-अपनी गाड़ियों को बेचने की स्थिति में आ चुके हैं। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 22 दिसम्बर को एक आपातकालीन बैठक खदान, क्रेशर तथा ट्रक व्यवसाईयों के साथ की जाएगी, जिसमें उपरोक्त बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर ठोस निर्णय लिए जाएंगे। साथ ही साथ उत्तरी छोटानागपुर पत्थर उद्योग संघ तथा कोडरमा ट्रक ओनर्स एसोसिएशन का एक जॉइंट शिष्टमंडल मुख्यमंत्री के पास जाकर अपनी मांगों के समर्थन में मिलेगा तथा उनसे खनन राजस्व को कम करने, बंद हो गए खनन पट्टों के रिनुअल, वन सीमा की दूरी को कम करने तथा क्रेशर में पांच किमी. के दायरे में वैध खदानों के रहने पर ही सीटीओ का रिनुअल आदि मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष खा जाएगा। बैठक में जिप अध्यक्ष रामधन यादव, उत्तरी छोटानागपुर पत्थर उद्योग संघ के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता, रुपक सिंह, विनोद मुन्ना, ट्रक ऑनर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विजय सिंह, त्रिलोकी सुंडी, गुड्डू यादव, लाटो मेहता, किशोर गुप्ता, सुरेंद्र मेहता, मनोज स्वर्णकार, विकास कुमार, महेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## सतगावां में विवाहिता की रहस्यमय मौत

- परिजनों ने सास, ससुर, पति व देवर पर लगाया हत्या करने का आरोप
- मृतका के चार वर्षीय पुत्री सृष्टि, दादी व पिता ने डंडा से मारने की बात कही



खबर मन्त्र संवाददाता

सतगावां (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदडीह में मंगलवार की सुबह एक 25 वर्षीय विवाहिता की रहस्यमय मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी विजय गुप्ता दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर पूरी घटना की जानकारी ली। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर थाना लाया गया, जहां से पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं घटना को लेकर मृतका के पिता गावां थाना क्षेत्र अंतर्गत पीहरा बाजार निवासी राजकुमार गुप्ता ने थाने में आवेदन देकर सास ललीता देवी, ससुर कौलेश्वर साव, पति शंकर साव व देवर छोटन साव पर रहस्यमय तरीके से हत्या करने आरोप लगाया है। आवेदन में उन्होंने कहा कि अपनी पुत्री प्रियंका कुमारी का विवाह चांदडीह निवासी कौलेश्वर साव के पुत्र शंकर साव के साथ वर्ष 2019 में हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद बाकी रहे दहेज की रकम की मांग की गयी, जिसे हम देने में असमर्थ थे। इसी को लेकर मेरी पुत्री को मानसिक तनाव के साथ-साथ मारपीट कर असहनीय पीड़ा परिजनों के द्वारा दिया जाने लगा। मामले को लेकर मौखिक रूप से कई बार समझौता किया गया। समझौता के तीन महीने बाद मेरी पुत्री की रहस्यमय तरीके से हत्या कर दी गयी।

आवेदन में मृतका के पिता ने डेढ़ वर्षीय नाती सिदार्थ कुमार व नतनी सृष्टि कुमारी की रहस्यमय तरीके से हत्या की आशंका जताई है। वहीं घटना को लेकर मृतका की 4 वर्षीय पुत्री से पूछे जाने पर दादी व पिता के द्वारा डंडा से मां को मारने की बात कही। पुलिस घटना की हर पहलुओं पर गहन जांच में जुटी है।

## पेज 1 का शेष

## सर्वांगीण विकास के लिए पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका भी अहम: मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कोई भी विधायक सदन में मामला उठाये तो उसका समाधान हो। सदन के कस्टोडियन के नाते सभी को अवसर दें। इससे नये विधायकों में आत्मविश्वास पैदा होगा। राजद के सुरेश पासवान, सीपीआई एमएल के अरूप चटर्जी, जदयू के सरयू राय, लोजपा रामविलास के जनार्दन पासवान, आजसू पार्टी के निर्मल महतो और जेएलकेएम के जयराम महतो ने नवनिर्वाचित स्पीकर को शुभकामनाएं दी। सभी ने रवींद्र नाथ महतो के व्यक्तित्व की सराहना की। स्पीकर के प्रति आभार व्यक्त करते हुये झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के विधायक जयराम महतो ने विधानसभा में पहले ही भाषण सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। उन्होंने जेएसएससी-सीजीएल का मुद्दा उठाते हुये सरकार से मांग की है कि वे इस पर बातचीत कर छात्रों को संतुष्ट करें। प्रतिपक्षी दलों के नेताओं ने उम्मीद जताई कि स्पीकर पक्ष-विपक्ष सभी दलों को समान दृष्टि से देखेंगे। स्पीकर ने भी अपने निर्वाचन और सदन के सदस्यों द्वारा उन्हें दिये गये समर्थन के लिए आभार जताया। श्री महतो ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों, सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने जिन सपनों को लेकर आंदोलन की लंबी लड़ाई लड़ी, उसे पूरा करने के लिये सभी का सहयोग जरूरी है। इसके साथ ही, स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को बुधवार पूर्वा? 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी।

## रास के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वस प्रस्ताव का नोटिस

उप राष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं और उनको हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव के राज्यसभा में सामान्य बहुमत से पारित होने के साथ साथ लोकसभा में भी सामान्य बहुमत के साथ सहमति जरूरी होती है। सभापति पद से तभी हटाया जा सकता है, जब उन्हें उपराष्ट्रपति पद से हटा दिया जाये। उपराष्ट्रपति को पद से हटाने का प्रावधान अनुच्छेद 67 में है। दोनों सदनों से प्रस्ताव पारित होने के बाद ही सड्डापति को हटाया जा सकता है। फिलहाल यह संभव नहीं दिखता। एनडीए के पास फिलहाल दोनों सदनों में बहुमत है।

### कोई विकल्प नहीं था : कांग्रेस

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि गठबंधन ने सभापति के खिलाफ राज्यसभा सचिववालय को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस उन्होंने विपक्ष की पार्टियों ने राज्यसभा में चेयरमैन के खिलाफ पहली बार अविश्वास प्रस्ताव दिया है। ये दर्शाता है कि हालात कितने खराब हैं। हमें अविश्वास प्रस्ताव के लिए मजबूर होना पड़ा। यह विवशता में लिया गया अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है। राज्यसभा के सभापति का सदन में व्यवहार बहुत ही पक्षपातपूर्ण रहा है। माननीय सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। यह बेहद ही कष्टकारी निर्णय रहा है लेकिन संसदीय लोकतंत्र के हित में यह अभूतपूर्व कदम उठाना पड़ा है। यह प्रस्ताव अभी राज्यसभा के महासचिव को सौंपा गया है।

## पीडीजे ने मारपीट के दो अभियुक्तों को सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई

- 20 हजार का आर्थिक जुर्माना भी लगाया




खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाीश बाल कृष्ण तिवारी की अदालत ने जयनगर थाना कांड संख्या 45/21 व एसटी संख्या 34/22 और 35/22 मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त सहदेव दास पिता लालधारी यादव और सिकन्दर यादव पिता सहदेव यादव दोनों सुगासाख जयनगर निवासी को 7 वर्ष सश्रम कारावास और 20 हजार का आर्थिक जुर्माना लगाया। बताते चलें कि अभियुक्तों के द्वारा बीते 24 फरवरी 2021 को हरवे हथियार से लैश होकर बनवारी महतो को टांगी से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था, मामले को घायल के पुत्र सुनील यादव ने जयनगर थाना में मामला दर्ज कराया था, यहां यह भी गौरतलब हो कि दोनों अभियुक्त पिता पुत्र हैं, जबकि एक अन्य आरोपी महेंद्र यादव को साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने रिहा कर दिया।

वहीं अदालत ने सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक शिव शंकर राम ने सभी गवाहों का परीक्षण कराया और माननीय अदालत से दोनों अभियुक्तों को कड़ी से कड़ी सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष से अधिवक्ता मुकेश यादव ने अपनी दलीलें पेश किया। वहीं माननीय अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने और अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए दोनों अभियुक्तों को 7 वर्ष सश्रम कारावास और 20 हजार का आर्थिक जुर्माना लगाया।

## मदनगुंडी टोल प्लाजा पर स्थानीय लोगों के रोजगार व टोल टैक्स में छूट को लेकर प्रबंधक को सौंपा मांग पत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

चन्दवारा (कोडरमा)। प्रखंड अन्तर्गत मदनगुंडी टोल प्लाजा में स्थानीय लोगों के रोजगार में प्राथमिकता एवं स्थानीय वाहन को टोल टैक्स में छूट को लेकर मंगलवार को सर्वदलीय बैठक का आयोजन कर टोल प्लाजा के प्रबंधक को मांग पत्र सौंपा। जिसमें झारखंड सरकार के नियमानुसार 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए, कोडरमा जिला जेएच12 नंबर सहित बरही विधानसभा के फोर व्हीलर को टोल टैक्स फ्री किया जाए, चंदवारा प्रखंड के 15 पंचायत के ट्रक ट्रेलर हाईवा पानी टैंकर सवारी गाड़ी समेत विभिन्न प्रकार के वाहनों को टोल से मुक्त किया जाए। मौके पर जेएलकेएमके नेता कृष्ण यादव ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो के जरिए दावा किया था कि अब से टोल प्लाजा 60 किलोमीटर के भीतर रहने वाले लोगों को टोल का पैसा नहीं देना होगा। लोग अपना आधार कार्ड दिखाकर टोल क्रॉस कर सकते हैं। आधार कार्ड देखकर उसे तुरंत पास निर्गत किया जाए। उन्होंने कहा कि रांची-पटना मुख्य मार्ग मदनगुंडी में टोल टैक्स नियमों के खिलाफ टोल प्लाजा बना है। हजारीबाग के नगवा की दूरी लगभग 40 किलोमीटर व बिहार के रजौली टोल की दूरी लगभग 50 किलोमीटर है। जबकि लगभग स्थानीय लोगों के वाहन में फास्टैग लगा है और अपने घर जा रहे हैं फिर भी टोल टैक्स काटा जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता व संचालन उदयचन्द्र पंडित ने किया। मौके पर अरमान अंसारी, चंदन कुमार, अशोक सिंह, मो. अनवर, बिरेन्द्र पासवन, शितल कुमार यादव, अशोक यादव, टेकलाल साव, काली यादव, राहुल कुमार, विरेन्द्र यादव, अरविंद मोदी, रवि कुमार, रघु यादव, संतोष कुमार, द्वारिका पासवान, राजू पासवन, राम कुमार, ऋषिकेश कुमार समेत कई लोग मौजुद थे।

## होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने वालों का अकाउंट होगा फ्रिज : अंकित गुप्ता

- नगर परिषद् के नगर प्रशासक की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण को लेकर हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। नगर परिषद् के नगर प्रशासक अंकित गुप्ता की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण को लेकर बैठक हुई। बैठक के दौरान होल्डिंग टैक्स समेत अन्य राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए नगर प्रशासक ने होल्डिंग टैक्स की वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं नगर वासियों से जल्द से जल्द बकाया होल्डिंग टैक्स को अविलंब जमा करने की अपील की गई। वहीं नगर प्रशासक ने कहा कि होल्डिंग टैक्स बकायेदारों को कई बार नोटिस देकर टैक्स जमा करने की अपील की गई, परंतु टैक्स जमा करने में सुस्ती बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि होल्डिंग टैक्स के बड़े बकायदारों का नाम समाचार पत्र में एक सप्ताह का समय देते हुए प्रकाशित किया गया है, यदि वे ससमय अपना होल्डिंग टैक्स भुगतान नहीं करते हैं, तो उनके अकाउंट को फ्रिज करते हुए टैक्स की वसूली की जाएगी, साथ ही जिन्होंने अभी तक अपना सैफ फॉर्म के द्वारा संपत्ति का असेसमेंट नहीं कराया है या जिन्होंने अपने मकान भवन का क्षेत्र विस्तार किया है या कोई नया कंस्ट्रक्शन किए हैं। उन्हें 15 दिनों के अंदर अपने संपत्ति का असेसमेंट करते हुए होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें।

**ट्रेड लाइसेंस :** साथ ही वैसे व्यवसायिक फर्म, ट्रेडर, दुकानदार जिन्होंने अभी तक ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया है अथवा जिनका ट्रेड लाइसेंस एक्सपायर हो गया है, वह 7 दिनों के अंदर अपना लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करें अन्यथा स्थल जांच के क्रम में लाइसेंस नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित सभी कर्मी मौजूद थे।

### चिराग के स्वागत की तैयारी तेज, चतरा कॉलेज मैदान में कराया जा रहा भव्य पंडाल का निर्माण

# जनसभा सह सदस्यता कार्यक्रम 14 दिसंबर को

- कार्यक्रम में चतरा के समाजसेवी सह पूर्व मुखिया प्रेम सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ लोजपा में शामिल होंगे



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। आगामी 14 दिसंबर को होने वाले लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जनसभा सह सदस्यता कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद आयोजित होने वाले पार्टी के पहले कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पार्टी नेता और कार्यकर्ता जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हैं। केंद्रीय मंत्री सह लोजपा रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की आहूत जनसभा और कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा चतरा कॉलेज मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। जहां पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों की जीत पर आभार व्यक्त करेंगे। वहीं विभिन्न दलों को छोड़कर लोजपा (रा) में शामिल हो रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए स्वागत करेंगे।

मौके पर चतरा के चर्चित समाजसेवी सह पूर्व मुखिया, हंटरगंज के पिंडराकला गांव निवासी प्रेम सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ लोजपा में शामिल होंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं के अनुसार प्रेम सिंह के नेतृत्व में जिले के विभिन्न प्रखंडों के दर्जनों मुखिया, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकर्ता भी चिराग की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रेम सिंह के नेतृत्व में लोजपा (रा) में शामिल हो रहे नेताओं व कार्यकर्ताओं के स्वागत की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष गौरी यादव के नेतृत्व में लगातार तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इतना ही नहीं, विभिन्न प्रखंडों में लगातार सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित भी किया जा रहा है। ताकि चतरा में पहली बार आयोजित हो रहे केंद्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को न सिर्फ. ऐतिहासिक बनाया जा सके, बल्कि संगठन को भी मजबूती प्रदान करने की दिशा में कारगर पहल हो सके।

लोजपा कार्यकर्ताओं के अनुसार, प्रेम सिंह के समर्थकों सहित संगठन में शामिल होने से हम हर मोर्चे पर मजबूत होंगे।

## भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड सदस्य राम रघुवंशी का हुआ चतरा आगमन

- जिला स्तरीय सभी संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक
- पशुओं के तस्करी पर रोक लगाने की कही बात



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड सदस्य भारत सरकार राम रघुवंशी का सोमवार को चतरा परिसदन में आगमन हुआ। उनके आगमन पर जिले के उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिले के सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में गौशाला के संचालन, गौवंश के उपचार देखरेख, रोड पर बैठे गौवंश के लिए क्या उचित कदम उठाए जाए इसपर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही उन्होंने पशुओं की हो रही तस्करी को लेकर अभियान मोड में कार्रवाई करने की बात कही। आगे उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी जमाल उद्दीन को निर्देशित करते हुए कहा केंद्र सरकार द्वारा पशुओं के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही है इसका लाभ पात्रता अनुसार शत प्रतिशत लाभुकों को मिले यह सुनिश्चित करें। वहीं चतरा जिले में संचालित गौशाला के पंजीकरण एवं अन्य कई बिंदुओं की क्रमवार जानकारी लेते हुए गौशाला के प्रतिनिधि व पशुपालन पदाधिकारी को कई महत्वपूर्ण बातें बताते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीडीएम नाबार्ड से जिले में पशुपालन के लिए कुछ एफपीओ बनाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के पश्चात श्री राम रघुवंशी ने जिले में संचलित एक मातृ गौशाला का भी भ्रमण किया। साथ ही गौशाला संचालन को पशु कल्याण बोर्ड के माध्यम से लाभ लेने के लिए जानकारी दी गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता, समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### महिला हिंसा के विरुद्ध घाघरा में निकाली गयी जागरूकता रैली



घाघरा। जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत मंगलवार को महिला विकास मंडल, बाल विकास विभाग और प्रदान संस्था के संयुक्त तत्वाधान में महिला हिंसा के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली घाघरा ब्लॉक परिसर से सीओ आशीष कुमार मंडल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहे से होते हुए पुनः ब्लॉक परिसर पहुंचा। जहां बनाए गए रंगोली के समक्ष शपथ दिलाया गया और कार्यक्रम की समाप्ति की गई। इस क्रम में रैली में मानसिक और शारीरिक हिंसा करना बंद करो, महिला और पुरुष एक सम्मान, सबको एक अधिकार सहित कई अन्य नारे लगाए। मौके पर सीओ आशीष कुमार मंडल ने कहा कि आज की परिवेश में महिलाएं पुरुषों से काम नहीं है। कंधे से कंधा मिलाकर सभी क्षेत्रों में महिलाएं काम कर रही है। महिलाएं अबला नहीं सबला है। मौके पर आईसीडीएस विभाग से एलएस श्वेता कुमारी, बीपीएम अभिनंदन घोष, अमरिंदर कुमार, सीआरपी, सहित कई आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

### ठंड के व्यापक प्रभाव के बाद भी शहर में नहीं हुआ अलाव की व्यवस्था : दामोदर

गुमला। चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा है कि ठंड के व्यापक प्रभाव के बाद भी नगर परिषद के उदासीनता के कारण अलाव का व्यवस्था शहरी क्षेत्र में नहीं हो पायी है। दिसंबर आधा माह बीतने को है पर आज तक गुमला में अलाव की व्यवस्था नहीं हो पाया है। अतिक्रमण को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई थी उस बैठक में नगर परिषद के सिटी मैनेजर भी मौजूद थे। बैठक में मैंने अलाव जलाने का आग्रह किया था पर आज तक व्यवस्था नहीं हुआ है। जबकि आपदा प्रबंधन से अलाव के लिए फंड भी उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में मुझे नहीं लगता है किसी तरह का दिक्कत होनी चाहिए। मैं नगर परिषद के प्रशासक से मांग करता हूं कल से अलाव का व्यवस्था कर आम लोगो को ठंडा से राहत दिलाएं।

### राज्यपाल से मिलकर गुमला को रेलवे लाइन से जोड़ने की रखी मांग



गुमला। शहर के सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार सिंह एवं आनंद कुमार गुप्ता ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को रखा एवं उसके निराकरण के लिए उनसे आग्रह किया। जिसमें प्रमुख रूप से गुमला को रेलवे लाइन से जोड़ने एवं गुमला के बिशुनपुर क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में बॉक्साइट पाए जाते हैं। जिसके लिए गुमला में बॉक्साइट आधारित कारखाने को स्थापित करने के लिए उनसे उचित पहल की मांग की। गुमला में रेलवे आने एवं बॉक्साइट आधारित कारखाना खुल जाने से लोगों के लिए रोजगार के मार्ग प्रशस्त होंगे एवं दूसरे प्रदेशों में रोजी रोटी के लिए पलायन से निजात मिलेगा। साथ ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। सारे समस्याओं को सुनने के बाद राज्यपाल ने उसे गंभीरता से लेते हुए उचित पहल करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालों में राजेश सिंह आनंद गुप्ता एवं भूमि शामिल थी।

### युवक ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

बसिया। बसिया प्रखंड के कुरकुरा थाना अंतर्गत टाटी गाँव निवासी खतिरन डांग (35) ने सोमवार देर शाम कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार खतिरन कीटनाशक का सेवन कर अपने कमरे में ही सो गया था। जब उसकी पत्नी ने खाना खाने के लिए उसे उठाने की कोशिश कि तो उसके मुँह से बदबू आने लगी तभी उसने आसपड़ोस के लोगों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद आनन फानन में उसे रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही खतिरन ने दम थोड़ दिया था। समाचार लिखें जाने तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया था। ईधर घटना कि सुचना मिलते ही मंगलवार सुबह कुरकुरा थाने कि पुलिस रेफरल अस्पताल बसिया पहुंच कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेजते हुए मामले कि तहकीकात में जुटी हैं। मृतक खतिरन अपनी पत्नी एवं एक बेटे के साथ घर में रहकर खेती बारी का काम करता था।

### कुत्ता के काटने से बच्चा घायल



घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के छोटा अजियातु गांव में दो साल के बच्चा आकांसु उरांव को कुत्ते ने काट लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व उपप्रमुख कृष्ण कुमार लोहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज हेतु उक्त बच्चे को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घायल आकांक्षा की माता जय श्री देवी ने बताया कि वह घर के समीप भैंस बांधने के लिए आकांसु के साथ जा रही थी इसी क्रम में एक कुत्ते ने आकर उसके बच्चे के गाल को काट लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया।

## सीजीएल व जेएसएससी परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं ने निकाला विरोध रैली, विधानसभा घेराव की दी चेतावनी

**सरकार से परीक्षा रद्द कर सीबीआइ जांच की मांग की**





**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** सीजीएल जेएसएससी परीक्षा को लेकर मंगलवार को छात्रों ने शहर मुख्यालय में रैली निकालाकर विरोध प्रदर्शन किया और सभी परीक्षाओं को रद्द कर सीबीआई जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महारैली अल्बर्ट एक्का स्टेडियम परिसर से आरंभ हुई जो शहर के सभी मुख्य मार्गों में घूमी। रैली के दौरान सरकार को घेरने का छात्रों ने प्रयास करते हुए कहा कि जेएसएससी व सीजीएल की परीक्षा में सरकारी विभाग भ्रष्टाचार में अकांड डूबा हुआ है। सरकार तत्काल इन परीक्षाओं को रद्द करें। परीक्षा रद्द नहीं होने पर गुमला के छात्र रांची विधानसभा का जोरदार तरीके से घेराव करेंगे। छात्रा शिखा प्रिया, छात्र सानू कुमार सहित कई छात्रों ने कहा कि झारखंड में जब भी जेएसएससी की परीक्षा हुई वह भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गयी। आज तक झारखंड में हुआ कोई भी परीक्षा क्लियर नहीं हो पाया। विद्यार्थी सालों भर मेहनत कर परीक्षाएं लिखतें हैं और सरकार उनके भविष्य के साथ परीक्षा रद्द कर खिलवाड़ करती है। विद्यार्थियों ने कहा कि सीजीएल परीक्षा में तो घोटाला ही घोटाला हुआ है। पहली पारी बिना पढ़े ही आप परीक्षा लिख सकते हैं और दूसरी पाली का प्रश्न पत्र बदल दिया जाता है या सीधे तौर पर विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। छात्रों ने कहा कि सरकार उनकी मांगे नहीं मानती है तो वह विधानसभा का घेराव करेंगे। महारैली में भारी संख्या में युवक-युवती शामिल हुए।

## जिला सहकारिता विकास समिति की हुई बैठक

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सहकारिता विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में नौ बिंदुओं पर चर्चा की गई और निर्देश दिये गये।

लैंप्स और पैक्स के कंम्प्युटराइजेशन का केंद्र प्रायोजित योजना की समीक्षा में चयनित लैंप्स का गो-लाईव करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। सभी पंचायतों में लैंप्स कार्यालय-सह-गोदाम के स्थिति की चर्चा की गई जिसमें 66 पंचायतों में से 38 पंचायतों में लैंप्स का अपना कार्यालय-सह-गोदाम उपलब्ध पाया गया। शेष जो भी छूटे हुए हैं उन्हें अंचल अधिकारी से संपर्क कर भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

सभी लैंप्स व पैक्स एवं व्यापार मंडल में कॉमन सर्विस सेंटर की सेवा एवं झारसेवा पर चर्चा की गई। इसी प्रकार सभी लैम्पस व पैक्स को पीएम किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित करने, नेशनल कॉपरेटिव डेटा बेस प्रविष्टि एवं उन्नयन करने, जिला के सभी पंचायतों में दुग्ध उत्पादन समिति व मत्स्यजीवी सहयोग समिति के गठन के स्थिति की समीक्षा की गई और निर्देश दिये गये। बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड समिति अन्य उपस्थित थे।

## जन शिकायत निवारण दिवस पर डीसी ने सुनी लोगों की समस्या, समाधान का दिया अश्वासन

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस पर लोगों की समस्या सुनी आर उसके हर संभव समाधान का अश्वासन दिया। जन शिकायत निवरण दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले के नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदकों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एक आवेदिका ने अपने आवेदन में बताया कि उनके पिता जो सदर अस्पताल में कार्यरत थे। उनकी मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र को नौकरी दी गई। परंतु पुत्र परिवार की आर्थिक मदद करने से इंकार कर रहा है। इस पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन गुमला को इस मुद्दे पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान, राशन, पेंशन, शिक्षा, रोजगार, अबुआ आवास योजना, ई-ट्राय साइकिल व अन्य योजनाओं से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। डीसी ने संबंधित विभागों को आवेदकों की समस्याओं का समाधान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस का उद्देश्य नागरिकों को प्रशासन के प्रति विश्वास दिलाना है। प्रत्येक समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# हिंडाल्को कंपनी की मनमानी के खिलाफ एकजुट हुए ट्रक मालिक

**ट्रिप सहित अन्य चीजों पर समझौता के तहत सुविधा दें अन्यथा आंदोलन के लिए होंगे बाध्य**

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला की एक संयुक्त बैठक पतराटोली बिजली ऑफिस के समीप संपन्न हुई। बैठक में सभी एसोसिएशन ने एक स्वर से कंपनी की मनमानी रोकने के लिए संयुक्त प्रयास करने की बात कही गई एवं सरकार के द्वारा बिना वजह 15 वर्ष पुराने ट्रकों को परमिट नहीं दिया जा रहा है। जिसको लेकर परिवहन मंत्री, परिवहन सचिव एवं अन्य अधिकारियों से एसोसिएशन के पदाधिकारी मुलाकात करेंगे एवं लातेहार एमवीआई के द्वारा फिटनेस नहीं दिया जा रहा है उस संबंध में भी आला अधिकारियों को इसकी शिकायत की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से चर्चा के दौरान कंपनी द्वारा समझौते के मुताबिक ट्रीप नहीं मिल रहा है एवं कंपनी कागजात के नाम पर बेवजह ट्रक मालिकों को परेशान कर रही है और एसोसिएशन का साफ कहना है कि जितने ट्रिप पर समझौता हुआ उतना ट्रिप कंपनी दे अन्यथा हम लोगों को कम ट्रिप मिलने की एवज में हजार्ना का भुगतान करें। मालिकों का पैसा काटा जा रहा है। विमरला माइंस में अतिरिक्त ट्रिप की भरपाई की जाए। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए यह स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में ट्रकों का परिचालन (ट्रांसपोर्टिंग) बंद नहीं होगी। इसके लिए सभी ऑनर एकजुट है और सभी ने एक स्वर से कहा कि किसी भी परिस्थिति में ट्रकों का परिचालन ठप नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में कवलजीत सिंह, धर्मेंद्र कुमार, रोहित अग्रवाल, मुंद्रिका यादव, संतोष साहू, अभय सिंह, बरज सिंह, महताब आलम, मो बबलू, रहमत अंसारी आदि मौजूद थे।

### डीडीसी ने घाघरा के शिवराजपुर पंचायत में किया योजनाओं का निरीक्षण



घाघरा। डीडीसी दिलमेश्वर महतो ने मंगलवार को घाघरा प्रखंड के शिवराजपुर पंचायत का भ्रमण किया। इस दौरान आम बागवानी, आवास योजना, कूप निर्माण सहित चल रहे कई योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान कई आवश्यक दिशा निर्देश भी उन्होंने दिए। आम बागवानी में किए गए मिश्रित खेती को देख काफी खुश हुए और उन्होंने कहा सिंचाई को लेकर यदि किसी भी तरह की समस्या होती है तो त्वरित जानकारी मुझे दे सीसी कतरी डैम से निकलने वाले नहर से सिंचाई की व्यवस्था तत्काल किया जाएगा। साथ ही कूप निर्माण में जिस कुआं का मुंडेरा नहीं बना है उसे जल्द से जल्द बनाने का निर्देश दिया। साथ ही विकास के काम में तेजी लाने की बात कही। इस मौके पर बीडियो दिनेश कुमार, बीपीओ बेबी कुमारी, सत्येंद्र उरांव, सतीश बंसल, श्याम साहू, विनोद उरांव, दिलबंधु मांझी सहित कई लोग मौजूद थे।

## घाघरा में वाहन जलाने की घटना का अब तक पुलिस को नहीं मिला सुराग

**खबर मंत्र संवाददाता**

**जगदंबा ज्वेलर्स पर लाखों की चोरी कर अपराधियों ने फिर दे दी पुलिस को चुनौती**

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के चपका और रन्हे गांव में मारुति ट्रैक्टर और बोलोरो वाहन को विगत 21 नवंबर की मध्यरात्रि को अज्ञात अपराधियों द्वारा आग के हवाले कर दिया गया था। जहां लगभग 18 दिन बीत जाने के बाद भी आगजनी की घटना में शामिल अपराधियों का पुलिस सुराग नहीं लगा पायी। खास बात तो यह है कि पुलिस मामले को लेकर कुछ दिनों तक एक्टिव दिखी। जिसके बाद मामला ठंडा होते ही जांच भी ठंडी बस्ते में चला गया। पुलिस की कार्यशैली से लोग अचंभित है और अपराधियों के खौफ से ग्रामीण डरे दिख रहे हैं। अब यह मामला शांत भी नहीं हुआ था कि फिर से अपराधियों ने पुलिस को खुली चुनौती देती हुए थाना से महज कुछ दूरी पर स्थित जगदंबा ज्वेलर्स का शटर तोड़कर लाखों की चोरी कर ली। आखिर रात में अपराधी कैसे बेखौफ घटनाओं को अंजाम दे रहें हैं जबकि गश्ती वाहन भी सड़क पर सरपट दौड़ती रहती है। घाघरा प्रखंड में अपराधियों के हौसले सांतवें आसमान पर है क्योंकि ज्वेलर्स दुकान के सीसीटीवी में कैद अपराधी घंटों दुकान में उत्पात मचाते रहे हैं और पुलिस के खुफिया तंत्र को भनक तक नहीं लग पायी। इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले की जांच हो रही है। जल्द अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता पंजीकरण अपार को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कार्यक्रम को संबोधित करते डीएसई।


लोहरदगा। स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता पंजीकरण अपार को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर ने कहा कि स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता पंजीकरण यानी अपार में पंजीकरण के लिए युद्धस्तर पर कार्य चल रहा है। जिला के सरकारी व निजी सभी विद्यालयों में अपार में छात्र-छात्राओं के पंजीकरण किया जाना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 द्वारा अनुशंसित शैक्षणिक क्रेडिट स्थानान्तरण प्रणाली ने शैक्षणिक क्रेडिट बैंक की शुरुआत की है, जो छात्रों द्वारा उच्च शिक्षा के दौरान अर्जित शैक्षणिक क्रेडिट्स को संग्रहीत करेगा। अपार इन क्रेडिट्स का उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) के बीच निर्बाध एकीकरण और स्थानान्तरण सक्षम करेगा, जिससे सीखने की अधिक लचीलापन और निरंतर निगरानी सुनिश्चित होगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो ने कहा कि अपार आईडी प्रत्येक छात्र के शैक्षणिक इतिहास का एक विस्तृत और स्थायी अभिलेख बनाए रखने में मदद करेगा, जिसमें लिए गए पाठ्यक्रम, अंक, प्रमाणपत्र, और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में प्राप्त उपलब्धियाँ शामिल होंगी, और यह सब डिजी लॉकर के साथ इसके एकीकरण के माध्यम से संभव होगा। छात्र कहीं से भी, किसी भी समय अपने शैक्षणिक अभिलेख तक पहुँच सकते हैं, जिससे शैक्षणिक संस्थानों के बीच स्थानांतरण, कौशल, नौकरी या उच्च शिक्षा के लिए आवेदन करते समय आसान संक्रमण की सुविधा मिलती है। यह प्रणाली छात्रों के शैक्षणिक अभिलेख को वास्तविक समय में अपडेट प्रदान करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि उनकी जानकारी हमेशा नवीनतम और सटीक हो। 15 दिसंबर तक पूर्ण किया जाना है। किसी भी जानकारी के लिए नजदीकी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक से संपर्क किया जा सकता है।

### जिला कांग्रेस की बैठक 12 को

लोहरदगा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में 12 दिसंबर को पूर्वाह्न 11.00 बजे से कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र भवन में एक आवश्यक बैठक रखी गई है। जिसमें एआईसीसी द्वारा निर्देशित 26 नवंबर से 26 जनवरी 2025 तक संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम जिला के सभी प्रखण्ड में आयोजित करना है साथ ही अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी का स्थापना दिवस समारोह 28 दिसंबर कोधूमधाम से मनाने हेतु आवश्यक विचार विमर्श किया जाना है। उक्त विशेष बैठक में प्रदेश से नियुक्त पर्यवेक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने जिला कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई,सेवा दल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, ओबीसी प्रकोष्ठ, एससी प्रकोष्ठ, एसटी प्रकोष्ठ, सभी प्रखण्ड अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेताओं से निवेदन किया है कि समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## फिया फाउंडेशन ने सामुहिक व व्यक्तिगत वनाधिकार के दावे की दी जानकारी

**खबर मंत्र संवाददाता**



**चैनपुर।** फिया फाउंडेशन के तत्वावधान में चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के कौशल विकास भवन में मंगलवार को वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत स्वयंसेवकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वन अधिकार अधिनियम के तहत अधिकारों की जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रत्येक राजस्व गांव में जहाँ वन क्षेत्र है। वहां वन अधिकार समिति का गठन किया जाएगा। इसके तहत विभिन्न प्रकार के अधिकारों को विस्तृत रूप से समझाया गया। इसमें व्यक्तिगत आवेदन, सामुदायिक आवेदन, वन संसाधनों के अधिकार और विकास के अधिकार शामिल थे। यह कार्यक्रम वन अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समुदाय में सहभागिता को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर 15 गांवों के 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिसमें रामपुर मुखिया दीपक खलखो, प्रियंका असुर, कमल केरकेट्टा और फिया फाउंडेशन की ऊषा मिंज, सृष्टि खलखो, संजय टोप्पो, संजीत असुर, अंतू भगत, राकेश टोप्पो, और ललिता देवी शामिल थे।

### नारी सम्मान ग्रुप ने किया कंबल वितरण



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहर के नारी सम्मान ग्रुप ने अपने नाम को सार्थक करते हुए असहाय और जरूरतमंद महिलाओं को सम्मानित जीवन व्यतीत करने में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में इस ग्रुप ने सदर प्रखंड के कुटमू जेलखाना गांव में जाकर गरीब और अशक्त महिलाओं के बीच कम्बल और मोजों का वितरण किया। साथ ही उनके साथ समय बिताकर उनके दर्द को दुख को साझा किया और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। ग्रुप की अध्यक्षा रचना राय ने कहा कि इस तरह के कार्य से आंतरिक सुकून मिलता है तथा इन महिलाओं का आशीर्वाद भी मिलता है। इस अवसर पर ग्रुप की सदस्याएं अर्चना सेनगुप्ता, पद्मा, नीलम, संगीता गुप्ता, मुम्ता पाण्डेय सहित सदस्य उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों : डीडीसी शेखावत

**लिंग आधारित हिंसा कार्यक्रम अभियान का हुआ समापन**

**खबर मंत्र संवाददाता**





**कार्यक्रम में सम्मानित हुए लोग**

कार्यक्रम में विनोद खेरवार, पूर्व जिप सदस्य, पेशरार, कामिल टोपनो मुखिया देवदारिया, पेशरार आरपी यादव, अनिता डांग, बालकृष्ण सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल साहू, हेंजला, कुडू, प्रेमी उरांव, उदरंगी भंडरा, प्रिंसिला, कैरो अमित चंद्रवंशी, टंगराटोली, लोहरदगा राजकुमार लोहरा मैना बगीचा, लोहरदगा अक्षिता खत्री, खिलाड़ी, लोहरदगा को को मानव अधिकार महिला सशक्तिकरण खेल इत्यादि क्षेत्रों में सराहनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

**लोहरदगा।** लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन के लिए 25 नवंबर से चले रहे अभियान का विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नगर भवन में समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डालसा सचिव राजेश कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, सभी जिला परिषद सदस्य, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने किया। इस मौके पर डीडीसी शेखावत ने कहा कि बच्चों व महिला हिंसा के खिलाफ सभी को आवाज उठाना चाहिए। विशेषकर जो पीड़िता है वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो। आज कानून द्वारा कई प्रावधान किये गये हैं। जिन बच्चों पर हिंसा हो रही है उनके आस-पास रहने वाले लोग जिला प्रशासन को सूचित करें ताकि उन्हें उनका अधिकार दिलाया जा सके। आज हमारे पास घरेलू हिंसा में महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 जैसा कानून है जिसमें किसी प्रकार की हिंसा की रोकथाम के लिए पुलिस अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, सेवा प्रदाता या मजिस्ट्रेट से संपर्क किया जा सकता है। हेल्पलाईन नंबर 112 डायल कर कोई भी घटना की जानकारी दे सकते हैं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सी-बॉक्स जरिये कोई भी महिला अपने ऊपर हो रही हिंसा की शिकायत कहीं से भी कर सकती है। महिला को ऐसी हिंसा पर कार्रवाई के लिए बनाये कानून की जानकारी रहनी चाहिए ताकि वो अपना अधिकार पा सकें। कार्यक्रम में डीइओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी डीपीएम जेएसएलपीएस एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं सखी मंडल की दीदी शिक्षा विभाग के सीआरपी, बीआरपी, पीएलबी मेंबर्स एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## जेंडर आधारित हिंसा को समाप्त करने का लिया गया शपथ, विभिन्न कानूनों की दी गई जानकारी

**जेंडर आधारित हिंसा पर जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन**

**खबर मंत्र संवाददाता**



जेंडर आधारित हिंसा को समाप्त करने का संकल्प लेते अधिकारी।

**गुमला।** विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान नई चेतना के तहत मंगलवार को नगर भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला समाज कल्याण विभाग और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यशाला का उदघाटन परियोजना निदेशक आर्अटीडीए, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला शिक्षा पदाधिकारी, सचिव डालसा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस और प्रभारी महिला थाना के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की दीदियां और आंगनबाड़ी सेविकाएं भी उपस्थित रहीं। कार्यशाला में उपस्थित अतिथियों ने महिला हिंसा के कारणों और इसके निवारण के उपायों पर अपने विचार साझा किया। कार्यक्रम के दौरान सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने प्रतिज्ञा जेंडर आधारित लिंग हिंसा को समाप्त करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चले जेंडर हिंसा के खिलाफ अभियान पखवाड़ा के समापन के रूप में किया गया। कार्यशाला में बच्चों को मोबाइल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग पर जागरूक किया गया। यह कार्यशाला महिलाओं और बच्चों के अधिकारों को संरक्षित करने और समाज में लैंगिक समानता और हिंसा मुक्त वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# 14 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर पीडीजे ने की बैठक

- आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला प्रशासन सक्रिय भूमिका निभाये : मनोज कुमार सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते अधिकारी।

**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के निदेशानुसार 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना है। इसकी तैयारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में चल रही है। इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला के जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए निदेशित किया। उन्होंने पूर्व के राष्ट्रीय लोक अदालत में हुए वादों का निपटारा के आंकड़ों का जिक्र करते हुए इस बार और ज्यादा वादों के निष्पादन का लक्ष्य दिया। श्री सिंह ने कहा कि प्री-लिटिगेशन वादों के निपटारा में सक्रियता दिखायें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे वाद में आम जनता परेशान रहती है। जानकारी के अभाव में उन्हें वादों के निष्पादन में दिक्कतें आती है। ऐसे में जिला अधिकारी लोगों को सही जानकारी देकर एवं उनके वादों का निष्पादन करके रहत देने का काम करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा वादों में वादकारियों को नोटिस कर बुलाएं एवं आपसी बातचीत के माध्यम से सुलह कराने का प्रयास करें, तभी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकता है। बैठक में जिला के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चैरसिया, डीएफओ, एसडीएम, डीटीओ, उत्पाद निरीक्षक, डीएसपी हेडक्वॉटर, लातेहार सदर ब्लॉक के बीडीओ, डीएसडब्ल्यूओ, सिविल सर्जन, समान्य शाखा के पदाधिकारी सहित जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## चंदवा ब्लॉक परिसर में महिलाओं के लिए जागरूकता शिविर विधान से समाधान का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**लातेहार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नयी दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार मनोज कुमार सिंह के आदेशानुसार जिला के चंदवा ब्लॉक, परिसर में राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम विधान से समाधान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया ने नालसा द्वारा जारी टॉल फ्री नंबर 15100 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अब घर बैठे भी अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। इसके लिए नालसा के टॉल फ्री नंबर 15100 का इस्तेमाल करें। कहा कि इस नंबर पर मैसेज करके भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसपर कॉल या मैसेज आने पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगों, कारखाना कामगारों, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, तस्करी की शिकार महिलाओं/बच्चियों, एसिड अटैक की पिड़िता, रेप की पीड़िता सहित वैसे व्यक्ति जिसकी वार्षिक आमदनी तीन लाख से कम है, उन्हें फ्री में लीगल सेवा प्रदान करता है। श्री चौरसिया ने उपस्थित जनों को जागरूक करते हुए कहा कि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी हो, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के कार्यालय में आवेदन दें, उसपर त्वरित कार्रवाई किया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने अपने आस पड़ोस के लोगों को भी नालसा के टॉल फ्री नंबर 15100 के बारे में बताने का आग्रह किया। इस अवसर पर श्री चौरसिया ने विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों एवं स्कीम के बारे में जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार महिलाओं के उत्थान एवं समाज में आगे ले जाने के लिए प्रतिबध है। उन्होंने महिलाओं को प्राधिकार के पास अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर चंदवा ब्लॉक के बीडीओ चंदन प्रसाद ने भी उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। श्री प्रसाद ने कहा कि महिलाओं के उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ उठायें एवं दूसरों को भी लाभ लेने में मदद करें। कार्यक्रम में आंगबाड़ी की सहिया-सेविका, राजेश प्रसाद, रंधीर कुमार, रविन्द्र कुमार, हिमांशु कुमार सदस्य सहित सैकड़ो की संख्या में स्थानीय महिलाएं उपस्थित थी।

## राशन कार्डधारियों के आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, ग्रीन कार्ड को लेकर शिविर की हुई शुरूआत


शिविर में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के चंदवा पूर्वी व पश्चिमी पंचायत सचिवालय प्रांगण में मंगलवार को राशन कार्डधारियों के आधार सीडिंग, आयुषमान कार्ड, ग्रीन कार्ड को लेकर विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार की मौजूदगी में राशन कार्डधारकों के आधार सीडिंग कराया गया, साथ ही छूटे हुए दर्जनों लाभुकों ने हरा राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड को लेकर आवेदन किया, जिस पर जांच व अग्रतर कार्रवाई की गई। बता दें कि बीते दिनों आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा संचालित योजना के सुचारू रूप से संचालन करने को लेकर निर्देशित करते हुए प्रखंड में पंचायतवार शिवर लगाकर राशन कार्ड धारी के आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, छूटे हुए योग्य लाभुको का ग्रीन राशन कार्ड निर्गत करने व आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर निर्देश दिया गया है। जिसके आलोक में 10 दिसंबर से लेकर 19 दिसंबर तक चंदवा प्रखंड में पंचायत वार शिविर आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम के दूसरे दिन 11 को अलौदिया व बारी में कैम्प आयोजित होगी। शिविर के मौके पर मुखिया रंजीत उरांव, संगीता लकड़ा, प्रज्ञा केंद्र संचालक, जन वितरण प्रणाली दुकानदार विनय कुमार, गौरव दुबे, सुरेश गुप्ता, दिलीप कुमार, विजय प्रसाद समेत कई अन्य मौजूद थे।

## लातेहार के पांच खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में देश का बढ़ाया मान

# एक गोल्ड समेत कुल छह पदक किया हासिल

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रतियोगिता में विजेता हुए खिलाड़ी व सम्मानित करते अतिथि।

**लातेहार।** लातेहार जिले के पांच खिलाड़ियों ने वाराणसी स्थित भदोही कालीन नगरी के प्रेम बहादुर सिंह भदोही पब्लिक स्कूल में 6 से 8 दिसंबर को आयोजित गोजुरियो इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए। खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और एक गोल्ड समेत पांच कांस्य पदक हासिल कर देश का मान बढ़ाया है। वहीं पुरुष वर्ग में भाग ले रहे लातेहार जिला स्थित मनिका प्रखंड के मनजीत कुमार सिंह ने अपने कुमते स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश का झंडा ऊपर किया। साथ ही इस प्रतियोगिता में पांच खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया इस दौरान खिलाड़ियों में भरपूर जोश देखने को मिला और पदक जीतने का जो सिलसिला शुरू हुआ तो पांच के आंकड़े तक पहुंच गया। वहीं मनिका प्रखंड के अक्षय कुमार सिंह ने दो कांस्य पदक, मनिका के शौर्य राज कांस्य पदक, चंदवा के काजल कुमारी कांस्य पदक एवं चंदवा के अमिष कुमार वर्मा ने अपने स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं इंडियन गोजुरियो स्पोर्ट्स कराटे डो एसोसिएशन के टीम को शिहान धर्मेंद्र कुमार (झारखंड) के द्वारा नेतृत्व किया जा रहा था। इस अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मलेशिया, कजाकिस्तान और कुवैत देश के लगभग 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश सरकार के खेल मंत्री गिरीश यादव, बिहार सरकार के कैबिनेट मिनिस्टर सरवन कुमार, भदोही सांसद बिनोद बिंद, उत्तर प्रदेश के राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष चारु चौधरी ने पदक देकर सम्मानित किया।

## एक नजर में

### आग से झुलसकर महिला घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में मंगलवार को आग से झुलस कर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अकली मसोमात 85 वर्ष पति स्व.सोदर साव ग्राम गणेशपुर थाना बालूमाथ निवासी ठंड में आग सेक रही थी। इसी दौरान आग उसके कपड़ों में पकड़ लिया। जिससे महिला झुलस गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनो द्वारा महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### राजद जिला महासचिव ने मंत्री से की मुलाकात


मंत्री से मुलाकात करते महा सचिव।

**बालूमाथ।** राष्ट्रीय जनता दल के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक यादव एवं जिला महासचिव दिलीप यादव ने रांची में राजद कोटे से श्रम नियोजन मंत्री बने संजय प्रसाद यादव एवं राजद से हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव से मुलाकात किया और उन्हें गुलदस्ता देकर बधाई दिया। इस दौरान जिला महासचिव एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने लातेहार जिले के बालूमाथ में विभिन्न कोलियरी में हुए विस्थापितों के साथ सीसीएल द्वारा किए जा रहे दोहन के बारे में मंत्री को जानकारी दिया। कहा तेतरियाखांड एवं मगध कोलियरी से निरंतर कोयला ढुलाई हो रहा है। लेकिन सीसीएल ने स्थानीय लोगों को अब तक ना तो बीच विस्थापन नीति, मुआवजा एवं बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा का लाभ उपलब्ध कराया है। क्षेत्र में एक भी डिग्री कॉलेज एवं डीएवी स्कूल नहीं है। जिस पर दोनों मंत्री ने मामले को संज्ञान में लेने की बात कहा। मौके पर राजद कार्यकर्ता प्रयाग यादव भी मौजूद थे।

### जिप उपाध्यक्ष ने स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग किया

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने बालूमाथ पांकी की मुख्य पथ पर कोमर मोड़ के पास एवं घनी आबादी वाले इलाकों में स्पीड ब्रेकर लगने का मांग किया है। जिला परिषद उपाध्यक्ष ने बताया कि बालूमाथ पांकी मुख्य सड़क के दोनों तरफ मल्टीप्ल स्पीड ब्रेकर लगाया जाए। वहीं कोमर गांव के तरफ से आने वाले मोटरसाइकिल एवं अन्य गाड़ियां मोड़ के पास अतिक्रमण के कारण मुख्य पथ से आने-जाने वाले वाहनों को नहीं देख पाती जिसके कारण हादसा हो जाता है जिसको लेकर बैरिकेटिंग लगाई जाए।

### अपराध को लेकर चला ऐंटी क्राइम चेकिंग अभियान

**चंदवा।** जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं लगाम लगाने को लेकर जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देशानुसार चंदवा में प्रशासन द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान को तेज कर दिया गया है। सोमवार की देर शाम लगातार दूसरे एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित इंदिरा गांधी चौक पर बाइक, कार समेत अन्य वाहनों की जांच काफी गहनता से की गई। जांच में क्रम में खास तौर पर कार व चार पहिया वाहनों के डिक्की, कागजात आदि की जांच की गई। जांच में शामिल अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान अभी अनवरत जारी रहेगा।

## जीटीपीएस में चार दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


स्वागत करते लोग।

**चंदवा।** चंदवा के ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चार दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है। खेल महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह, अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक व विद्यालय की निर्देशिका कादंबरी सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि समय-समय पर खेल प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में छुपी प्रतिभा को बढ़ावा मिलता है। खेलकूद के माध्यम से भी बच्चे अपना भविष्य निखार सकते हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओं में अब के समय में असीम संभावनाएं दिखाई देती है। इधर विद्यालय की निर्देशिका कादंबरी सिंह ने अपने संबोधन में कहा की विद्यालय प्रबंधन हर वर्ष खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करता है खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्टेट लेवल तक तैयारी कराने का लक्ष्य विद्यालय प्रबंधन का होता है। ताकि बच्चे अपने गांव शहर, राज्य का नाम रोशन कर सके। इधर विद्यालय के प्रधानाचार्य हिमांशु सिंह ने बताया कि खेल महोत्सव के दौरान 70 प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 3000 मीटर तक की रेस ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक गोला फेंक, चक्का फेंक, कबड्डी खो-खो, क्रिकेट जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शिक्षक सुमंत सिंह, अभिजीत, कृष्ण, संतोष शिक्षिका कीर्ति, हिना, शाहिना समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## बरवाडीह अनियंत्रित ट्रेक्टर और स्कार्पियों में जोरदार टक्कर, चार घायल

# ब्रेक फेल होने से हुई दुर्घटना, गड्ढे में गिरा दोनों वाहन

खबर मन्त्र संवाददाता


हादसे में गड्ढे में गिरा दोनों वाहन।

**बरवाडीह।** मंगलवार को बरवाडीह थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत अंतर्गत अमडीहा ग्राम में एक ट्रेक्टर और स्कार्पियों में आमने- सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। इस टक्कर के बाद दोनों वाहन लगभग दस फीट नीचे खेत में जा गिरी। इस घटना में जानमाल की कोई हानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सभी घायलों को घर भेज दिया है। उधर घटना की सूचना मिलते ही बरवाडीह पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। जहां पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों वाहनों को क्रेन के द्वारा बाहर निकाला। वहीं ट्रेक्टर चालक दीपक कुमार सिंह के अनुसार वह भट्ठा में बालू गिराकर वापस लौट रहा था। इसी क्रम में चंद्रदाहा स्कूल मोड़ के समीप ट्रेक्टर का ब्रेक फेल हो गया। उसने कंट्रोल करने की पूरी कौशिश की लेकिन नहीं हो सका। इस दौरान ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर सामने से आ रही स्कार्पियों के साथ टकरा गई और दोनों वाहन गड्ढे में गिर गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त ट्रैक्टर अमडीहा निवासी मनोज कुमार सिंह और स्कॉर्पियो मंगरा निवासी राजू राम का बताया जा रहा है। राहत की बात है यह की इस हादसे में किसी प्रकार की कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई। पुलिस ट्रेक्टर चालक को गिरफ्तार कर अग्रेतर कारवाई में जुट गई है।

## बारियातू पुलिस ने अवैध पोस्ते की फसल नष्ट की

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत (कलहीटांड), झिरमतकोमा सहित बारियातू सिमरिया थाना सीमांत मे लगे अवैध पोस्ता खेती को लाठी डंडे व ट्रेक्टर से जुताई कर पुलिस ने विनीष्टिकरण किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी की मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम गठन किया गया। जहाँ अभियान मे शामिल पुअनि जितेंद्र कुमार एएसआई सुरेश सिंह, नीरज दुबे, छोटू पांडा, रवि किशोर तिवारी सहित थाना के सशस्त्र बल चौकीदार ने बारियातू सीमावर्ती सिमरिया थाना क्षेत्र से सटे कई जगहों में लगभग चार एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर के माध्यम से जुतवाकर और लाठी डंडे से पीटकर विनष्ट किया गया। लगातार आगे भी इस तरह की मादक पदार्थों के विरुद्ध करवाई की जाती रहेगी। आगे थानेदार ने कहा की पोस्ता, गांजा की खेती करने वाले सुधर जाएं अन्यथा जेल जाने के लिए तैयार रहें। क्षेत्र मे अवैध पोस्ता गांजा उत्पादन करने मे सहयोग करने वाले या बढ़ावा देने वाले दलाल तथा व्यापार करने वाले को भी भी चेतावनी देते हुए कहा की वैसे लोगों को भी पुलिस वारीकी ढंग से चिन्हित कर रही है बख्शा नहीं जायेगा। बारियातू पुलिस ने इसके पूर्व की कई जगहों मे गांजा की खेती को भी नस्ट किया था।

## गढ़वा में विधिक जागरूकता शिविर



**गढ़वा।** मानवाधिकार दिवस के मौके पर रंका प्रखंड दफ्तर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाए जा रहे मानव अधिकार से जुड़े सभी योजनाएं, 14 दिसंबर को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत, एलएडीसी की महता पर प्रकाश डाला गया। मौके पर एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार साहू ने मानव के अधिकार पर प्रकाश डाला। बीडीओ शुभम बेला टोपनो ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मंईयां सम्मान योजना के बारे में जानकारी दी। रंका सीओ ने साइबर क्राइम तथा मानव के अधिकार पर प्रकाश डाला। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्ग माता-पिता के अधिकार, पालन पोषण देख रेख अधिनियम, बाल ट्रैफिकिंग आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## नवजात शिशु को फेंक कर ममता को किया शर्मसार

**सगमा।** संतान के लिए लोग दूर-दर मन्नते मांगते फिरते हैं। बच्चे की एक आह पर मां-बाप का कलेजा निकल आता है, लेकिन दूसरी ओर कुछ ऐसे भी होते है, जो ममता को शर्मसार करने में नहीं हिचकते हैं। सगमा प्रखंड के घघरी गांव के तेली टोला में स्थित पीपल के पेड़ के 100 मीटर के दूरी पर नवजात शिशु का शव बरामद किया गया है। मां की ममता एक बार फिर कलंकित हुई है। ग्रामीणों ने मंगलवार को नवजात का शव देखने के बाद धुरकी पुलिस को खबर दी। शव बरामद कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। मौके पर राजेश यादव, रविन्द्र बैठा, लोकेंद्र यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सोशल वर्कर संस्था की ओर से भंडारा



**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी व बुंदिया का वितरण किया गया। इस दौरान पिंटू जायसवाल ने अपने पुत्र शौर्य राज व प्रतिक राज के मुंडन संस्कार के उपलक्ष्य पर संस्था के सप्ताहिक भंडारा मे सहयोग किया। मौके पर पिंटू जायसवाल ने कहा कि इससे पूर्व में भी मैंने संस्था के द्वारा आयोजित फूड फॉर हंगर के इस कार्यक्रम में सम्मलित हुआ था। अपने किसी विशेष दिन पर कुछ अच्छा और विशेष करना चाहते है उनके लिए यह सोशल वर्कर संस्था का प्लेटफॉम सबसे कुशल है। जिसमें लोगो का पेट भरने का कार्य किया जाता है। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फूड फॉर हंगर का प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं। मौके पर सदस्य शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, उमंग सोनी, लक्की मधेसिया यश गुप्ता, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

## छेड़छाड़ मामले में मुखिया सहित अन्य पर केस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के एक महिला ने थाना में लिखित आवेदन देकर पंचायत मुखिया एवं अन्य दो के खिलाफ प्राथमिक के लिए आवेदन दिया। आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 120/2024 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई। घुरुआ खुर्द निवासी महिला हसीना खातून पति अगोश खां ने लिखित आवेदन देते हुए बताया है कि 9 दिसंबर को समय करीब 7:00 बजे रात्रि में मैं घर पर अकेली थी उसी समय मेरे ही गांव के महताब मुखिया आलम पिता तौजिद आलम खान के द्वारा मेरे घर में घुसकर मेरे साथ बदतमीजी भाषा का प्रयोग करने लगा और बोला कि जैसा मैं कहता हूं वैसा तुम करो नहीं तो गोली मार दूंगा और मेरे साथ इज्जत के साथ खिलवाड़ किया। जब मैं चिल्लाने लगी तो देखा कि मेरे घर के दरवाजे पर तमीज खान पिता स्वर्गीय क्यामू सेख, सोनू खान पिता साबिर खान एवं अजुब सेख पिता स्वर्गीय रेयाजू शेख के द्वारा महताब मुखिया को बुलाकर ले जाने लगे थे सभी व्यक्ति जाने के क्रम में यह सभी व्यक्ति के द्वारा बोला गया कि किसी को यह बात बताओगी तो तुझे तथा तेरे पति को गोली मार दूंगा। साथ ही महिला ने उल्लेख किया है कि मुझे डर है कि वह सभी व्यक्ति दबंग हैं कभी भी मेरे साथ घटना घट सकती है। इसलिए मैं थाना प्रभारी एवं आप सबों से निवेदन करता हूं की जांच पड़ताल कर उक्त सभी व्यक्ति पर उचित कानूनी कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

इधर इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि महिला के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 120/2024 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच किया जा रहा है। दोषी पाए जाने पर सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## पूर्व बीडीओ के निधन पर शोकसभा आयोजित



**मझिआंव।** पूर्व बीडीओ दीपू कुमार के आकस्मिक निधन पर मंगलवार की शाम प्रखंड कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में बीडीओ श्रीमति कनक एवं सीओ प्रमोद कुमार सहित उपस्थित पदाधिकारी एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय कर्मियों ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रहकर भगवान से प्रार्थना की। मौके पर बीडीओ ने बताई कि दीपू कुमार मझिआंव प्रखंड कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2007-08 में बीडीओ के पद पर कार्यरत थे। शोक सभा के पश्चात सीओ प्रमोद कुमार एवं नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि बीडीओ दीपू कुमार के निधन से विभाग में अपूर्णीय क्षति हुई है। वे काफी मृदु भाषी एवं उदार प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। शोकसभा में जितेंद्र सिंह, संतोष दुबे, सुषमा तिर्की, प्रेम शंकर पाठक,

## उपायुक्त के निर्देश पर डीएमओ ने अवैध परिवहन करते तीन वाहनों को किया जब्त, प्राथमिक दर्ज



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी के नेतृत्व में मंगलवार को चंदवा व बालूमाथ थाना क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर खान निरीक्षक के साथ खनिज लदे वाहनों की चेकिंग अभियान चलाई गई। जिसमें चंदवा थाना क्षेत्र से दो व बालूमाथ थाना क्षेत्र से एक वाहन को अवैध खनिज परिवहन करते हुए जब्त किया गया है। कोयला खनिज लदा एक हाईवा (ओडी 09 पी-6923) को बालूमाथ थाना क्षेत्र एवं एक बॉक्साइट खनिज लदा ट्रक (बीआर 14ए- 8793) व एक अवैध बालू का परिवहन करते ट्रैक्टर को चंदवा थाना क्षेत्र से जब्त किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाई गई। जिसमें तीन वाहनो को जब्त किया गया है। जब्त कोयला लदा हाईवा व बॉक्साइट लदा ट्रक का चलान अवधि समाप्त होने के बाद भी परिवहन किया जा रहा था। जबकि जब्त बालू ट्रैक्टर बिना चालान के परिवहन कर रहा था। जब्त तीनों वाहनों को चंदवा व बालूमाथ थाना अंतर्गत सुरक्षार्थ लगा दिया गया है। डीएमओ ने आगे बताया कि जब्त ट्रक व हाईवा मालिक व चालक पर प्राथमिक की दर्ज कर दी गई है। जबकि बालू लदा ट्रैक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। डीएमओ ने आगे बताया कि जिले में अवैध खनन या परिवहन बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर ऐसा करते पकड़े जाते हैं, तो कार्रवाई की जाएगी। वाहन चेकिंग अभियान में खान निरीक्षक पदमलोचन ओहदार भी शामिल थे।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

बुधवार 11.12.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 230

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ



## प्रमंडलीय आयुक्त ने की धनबाद जिले में समीक्षा बैठक

# न्यायालय में पेंडिंग वादों को शीघ्र निबटाने का निर्देश

### ऑनलाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम, भू-अर्जन, भूमि हस्तांतरण एवं लीज बंदोबस्ती के मामलों की हुई समीक्षा

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** प्रमंडलीय आयुक्त पावन कुमार ने न्यायलय में लंबित वादों को त्वरित गति से निष्पादित करने का निर्देश दिया है। साथ ही दाखिल खारिज के पेड़ों मामले भी शुद्ध निबटाएं। उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की आज समाहरणालय सभागार कक्ष में आयोजित समीक्षात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व समाहरणालय पहुँचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्र के अलावा संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रमंडलीय आयुक्त ने आनलाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम मामलों, भू-अर्जन, भूमि हस्तांतरण एवं लीज बंदोबस्ती मामले समेत विभिन्न मामलों के निष्पादन वं लंबित मामलों की समीक्षा की।

उन्होंने राजस्व संग्रहण से संबंधित विभागों के प्रतिनिधि तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला के सभी भू-अर्जन, भूमि हस्तांतरण एवं लीज बंदोबस्ती संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की। इस दौरान धनबाद में संचालित कोल खनन परियोजना, रेलवे के प्रोजेक्ट, गोमो फ्लाईओवर समेत अन्य परियोजना के भू-अर्जन एवं अधिग्रहित की गई भूमि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निदेश दिए।

प्रमंडलीय आयुक्त ने भूमि हस्तांतरण और लीज संबंधी मामलों में पारदर्शिता, समयबद्धता और प्रक्रिया के सुचारु संचालन पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रासंगिक दस्तावेजों और प्रक्रियाओं की उचित जांच की जाए ताकि भूमि विवादों और शिकायतों से बचा जा सके।



**खास बातें :** श्री कुमार ने ऑनलाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम द्वारा न्यायालय वादों के निष्पादन एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अंचल अधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अवर निबंधक से न्यायालय वादों के निष्पादन की प्रक्रिया और लंबित मामलों की जानकारी ली। साथ ही लंबे समय से लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा सभी अंचल के म्यूटेशन के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने संबंधित अंचलाधिकारियों को तय समय सीमा के अंतर्गत निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**बैठक में मौजूद लोग**

बैठक में धनबाद की उपायुक्त सुश्री मिश्र के अलावा अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, निबंधन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, भू-अर्जन से संबंधित सभी संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## केंद्रीय मंत्री से बैंक की बंद शाखा को खोलने की मांग

# ढुलू महतो ने की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**विशेष संवाददाता**



धनबाद। धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो ने आज दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर धनबाद जिले के टुण्डू क्षेत्र में बंद की गई स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर की शाखा को पुनः खोलने का आग्रह किया। है। इस बात उन्हें ज्ञापन भी सौंपा है। सांसद श्री महतो ने बताया कि टुण्डू क्षेत्र में एसबीबीजे शाखा बंद होने से स्थानीय निवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में स्थित कोलियरियों के हजारों कर्मचारियों, पेंशनधारकों, विधवा पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं, और छात्रों को बैंकिंग सेवाओं के लिए चार किलोमीटर दूर एसबीआई बिलबेरा शाखा जाना पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि बुजुर्ग और महिलाओं को विशेष रूप से आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। श्री महतो ने वित्त मंत्री से आग्रह किया कि टुण्डू में पुनः एसबीबीजे शाखा और एटीएम की सुविधा बहाल की जाए ताकि स्थानीय जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यह निर्णय क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा और बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच को सरल बनाएगा।

## कोलांचल में कोहरे से पटा शहर घरों से निकलना हुआ मुश्किल



**पारा 17 डिग्री तक पहुंचा**
**सड़क पर सन्नाटा सा दृश्य**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** बंगाल की खाड़ी से आये पश्चिमी विक्षोभ का असर कोलांचल धनबाद में देखा जा रहा है। सुबह से ही धुंध कोहरा के कारण जनजीवन भी प्रभावित रहा। सड़को पर कम वाहन का परिचालन हो रहा है धुंध के कारण लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे है वही बुधवार तक मौसम साफ होने का पूवार्नुमान बताया जा रहा है। दिसंबर के पहले हफ्ते में इस तरह का ठंड और कोहरा को लेकर कहा कि लगातार प्राकृतिक से छेड़छाड़ किया जा रहा है। इसके कारण इस तरह की परस्थिति देखने को मिल रहा है जिसके कारण तरह तरह की बीमारी लोगो को हो रहा है धनबाद में पारा 17 डिग्री तक पहुंच गया है जो पहले कभी नहीं देखा था।

## छात्राओं से अभद्र व्यवहार और स्कूल से निकाल देने की शिकायत सुन डीडीसी सन्न

# जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया जांच का आदेश

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सादात अनवर मंगलवार को जनता दरबार में यह शिकायत सुन सन्न रह गए कि कतरास के एक विद्यालय में प्रधानाध्यापक ने छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसे स्कूल से निकाल दिया।श्री अनवर ने तुरत जिला शिक्षा पदाधिकारी से बात कर मामले की जांच करने का निर्देश दिया। दरबार में श्री अनवर ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतों को सुना। दरबार में विभिन्न विभागोंके मामले आए और लोगों ने फरियाद की।

जनता दरबार में उदलबनी कांकोमठ से आई छात्राओं ने उप विकास आयुक्त को बताया कि वे बाघमारा प्रखंड के कतरास अंचल स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जमुआटांड में पढ़ाई करती है। 2 दिसंबर को वहां के प्रभारी प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षक ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए स्कूल से निकाल दिया। इसके बाद दोनों ने छात्राओं का स्कूल आना भी बंद कर दिया। इस कारण उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। जबकि परीक्षाएं भी नजदीक है। छात्राओं की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उप विकास आयुक्त ने तत्काल जिला शिक्षा पदाधिकारी को फोन कर मामले की जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में अवैध निर्माण कार्य रुकवाने, न्यायालय में मुकदमा लंबित होने के बावजूद जमीन पर जबरन जेसीबी चलाकर उसका नेचर बदलने, गुरुजी क्रेडिट कार्ड निर्गत कराने, जबरन चाहर दिवारी तोड़कर जमीन पर अवैध कब्जा करने, बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 अंतर्गत सेन्द्रा बांसजोड़ा साइडिंग में नियोजक द्वारा हाई पावर कमेटी के अनुसार वेतन का भुगतान नहीं करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। डीडीसी श्री अनवर ने सभी शिकायतों का निवारण करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज अहमद भी मौजूद थे।

**जनता दरबार में निबटाए गए कई मामले**



**एक नजर में**

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध मार्च




**मैथन।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में मंगलवार को सनातन धर्म जागरण समिति के बैनर तले विरोध मार्च निकाला गया। विरोध मार्च सिनेमा हॉल मोड़ से निकलकर जीटी रोड होते हुए टेलीफोन एक्सचेंज होकर निरसा चौक तक पहुंचा। यहां पारंपरिक बांग्लादेशी जामदानी साड़ियों के साथ साथ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस खान का पुतला जलाया गया। इस दौरान बांग्ला देश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गयी। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक श्रीमती सेनगुप्ता ने कहा कि बांग्लादेश की 17 करोड़ आबादी में करीब 8 फीसदी हिंदू हैं। 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के गिरने के बाद से बांग्लादेश के 50 से ज्यादा जिलों में हिंदुओं पर 200 से ज्यादा हिंसक हमले हो चुके हैं। अब समय आ गया है इसका मुंहतोड़ जवाब देने की। रैली में समाजसेवी गुरमीत सिंह डॉग, मनोज सिंह, मंडल अध्यक्ष बृहस्पति पासवान, मुखिया रीता देवी, मुखिया संजय महतो, आरएसएस के स्वयंसेवक सदस्य अमरेंद्र मिश्रा, झूलन मिश्रा समेत काफी संख्या में लोग शमिल थे।

**स्पीड न्यूज**

### सांसद ढुल्लू महतो मामले में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** नाजायज मजमा बनाकर गाली गलौज मारपीट करने व ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन बुलाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने के मामले में धनबाद भाजपा सांसद ढुल्लू महतो अदालत में मंगलवार को हाजिर नहीं हुए। एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत ने उभय पक्ष की बहस सुनने के बाद अभियोजन को साक्ष्य पेश करने हेतु अंतिम मौका दिया है। 24 सितंबर को सांसद ढुल्लू महतो का बयान दर्ज होने के तुरंत बाद सहायक लोक अभियोजक ने अदालत में आवेदन दायर कर कैसे को रिओपन करने की प्रार्थना की थी। वहीं नाजायज मजमा बनाकर सड़क यातायात को बाधित करने व सरकारी काम मे बाधा पहुंचाने के अन्य मामले में अदालत मे सुनवाई हुई पुलिस ने सांसद ढुलू महतो, बबलू अंसारी, राज शंकर राय, बलराम महतो, सुरेश कुमार साहू, शरद महतो, अजय गोराई, बबलू महतो, किरण महतो के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था

### धनबाद-अलेप्पी एक्सप्रेस के मार्ग में परिवर्तन

**धनबाद।** विजयवाड़ा मंडल के विजयवाड़ा–दुव्वाडा रेलखंड में टीआरटी कार्य एवं ब्लॉक के कारण गाड़ी संख्या 13351, धनबाद–अलेप्पी एक्सप्रेस के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। यह गाड़ी 10, 16, 17, 20, 21, 23 और 24 दिसंबर को निदादावोलु–भामावरम टाउन, गुड़ीवादा–विजयवाड़ा होकर जाएगी। उक्त तिथि को इस गाड़ी का ठहराव को टाडेपल्लीगुडम और इलुरू स्टेशनों पर नहीं होगा।

## लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध विषय पर कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** डीआरडीए सभागार में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रीमती स्नेह कश्यप की अध्यक्षता में आज लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बालिकाओं के लिए अधिक अवसरों का समर्थन करने, शिक्षा, कानूनी अधिकार, चिकित्सा, देखभाल, महिलाओं के प्रति हिंसा और बाल विवाह, गुड टच-बैड टच, जेंडर समानता, यौन उत्पीडन एवं बालक-बालिकाओं से संबंधित अन्य कानून तथा साइबर सुरक्षा आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने लिंग आधारित हिंसा से मुक्ति हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर गिरिडीह द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की, जिसमें उन्होंने बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं से संबंधित घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, बाल हिंसा, यौन शोषण, आदि विभिन्न समस्याओं से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के अंदर सभी तरह की सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। इसमें आपसी सुलह-समझौते से लेकर कानूनी सहायता और स्वास्थ्य से संबंधित सहायता के साथ-साथ रहने की भी सुविधा उपलब्ध रहती है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' के माध्यम से लिंग आधारित भेदभाव को कम करने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बालिकाओं के अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करने का कार्य किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के द्वारा सभी महिलाओं और गांव की सभी किशोरियों और युवतियों को इसका लाभ लेने के लिए सभी सेविकाओं को निर्देशित किया है। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित को समन्वय बनाकर कार्य करते हुए महिलाओं को घरेलू हिंसा व शोषण से निजात दिलाना है। सखी वन स्टॉप सेंटर की अन्य कर्मियों ने भी इस चर्चा में शामिल होते हुए कानूनी सहायता टोल फ्री नंबर 181 आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 के बारे में बतलाया गया। कार्यशाला में विपिन यादव, पैनल लॉयर, श्रीमती श्यामा प्रसाद, केंद्रीय प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल संरक्षण पदाधिकारी, जीतू कुमार, डीसीपीयू काउंसलर, श्रीमती नीलम कुमारी, सभी पी एल ए, सभी पी एल भी समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान ने निजी स्वास्थ्य संस्थानों को दी चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जामताड़ा।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने निजी नर्सिंग होम, निजी अस्पतालों और जांच केंद्रों द्वारा की जा रही मनमानी पर चिंता व्यक्त करते हुए सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। राज्य भर से आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने व्यापक स्तर पर जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने घोषणा की है कि निजी नर्सिंग होम, अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों पर नियंत्रण रखने के लिए राज्य स्तर पर एक नियामक संस्था का गठन किया जाएगा। यह संस्था इन स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी करेगी और आम नागरिकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। मंत्री महोदय ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से निजी अस्पतालों की निगरानी के लिए सक्षम अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। यह अधिकारी निजी स्वास्थ्य संस्थानों की सेवाओं की देखरेख करेंगे ताकि गरीब और जरूरतमंद मरीजों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय और लापरवाही न हो। डॉ इरफान अंसारी ने अपने वक्तव्य में कहा, झारखंड राज्य को पहली बार एक डॉक्टर स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर मिला है, और इसका लाभ पूरे राज्य को मिलना चाहिए। अब गरीब मरीजों को इलाज के अभाव में जान गंवानी नहीं पड़ेगी। स्वास्थ्य विभाग आम लोगों के हितों के साथ किसी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगा। इस निर्णय से झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखा जाएगा, जहां सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### सिंदरी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत निबंध प्रतियोगिता



सिंदरी। सिंदरी कॉलेज सिंदरी में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 1 एवं 2 के अंतर्गत 10 से 14 दिसंबर तक फिट इंडिया वीक का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को सिंदरी कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ के के पाठक ने की। कार्यक्रम अधिकारी यूनिट 1 से डॉ नीतू गौरव कुमार और यूनिट 2 से डॉ सनत कुमार ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। शिक्षकों में डॉ मनोज कुमार तिवारी, प्रो मनमोहन सिंह, डॉ ममता कुमारी, डॉ आरती, प्रो निशांत दुबे, प्रो पूजा कुमारी, डॉ अनुराधा दास मौजूद थे। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### थाना की चहारदीवारी निर्माण के लिए की गई मापी

**सिंदरी/बलियापुर।** बलियापुर अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के निर्देश पर अंचल अमीन के द्वारा थाना परिसर की मापी कराई गई। मापी के बाद थाना परिसर में चहारदिवारी का निर्माण कराया जाएगा। बताते चलें कि कुछ दिन पहले थाना प्रभारी बलियापुर ने अंचलाधिकारी प्रवीण सिंह को मौखिक सूचना देकर थाना परिसर में जारी निर्माण कार्य में कुछ व्यक्तियों के द्वारा व्यवधान उत्पन्न किए जाने की बात की थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अंचलाधिकारी थाना परिसर का निरीक्षण कर अंचल अमीन को मापी करने का निर्देश दिया था। आज मापी के दौरान थाना प्रभारी बलियापुर, थाना कर्मी, चौकीदार सहित कुछ ग्रामीण मौजूद थे।

## बीडीओ ने की अबूआ आवास को लेकर समीक्षात्मक बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव की अध्यक्षता में अबूआ आवास को लेकर समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में विभिन्न पंचायत के पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया की अबूआ आवास के प्रथम किस्त प्रखंड के दो हजार लाभुकों के खाते में गई है। सभी के कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करवाएं।वही वित्तीय वर्ष 23-24 पारस 1299 लाभुकों के आवास कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायत सचिव अमरेंद्र झा, सुबोध कुमार, पूजा माझी, पम्पा माझी, गीता लागोरी, भरत डेहरी, अनिकेत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## राजस्व बढ़ाने के लिए प्रमंडलीय आयुक्त ने दिए अतिरिक्त प्रयास का निर्देश

# अवैध शराब कारोबारियों पर नकेल कसने का आदेश

**विशेष संवाददाता**




**धनबाद।** प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने अवैध शराब के कारोबारियों पर नकेल कसने और लाइसेंसी बार का औचक निरीक्षण करने का आदेश दिया है। श्री कुमार मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिला आंतरिक संसाधन समिति तथा जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने खनन, कमर्शियल टैक्सेस, निबंधन, परिवहन, वन विभाग, मत्स्य विभाग तथा नगर निगम सहित अन्य विभागों की समीक्षा की।

समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने सभी विभागों को शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करने तथा राजस्व बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिए। खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने खनिज संपदा के अवैध कारोबार पर त्वरित कार्रवाई करने तथा विभिन्न कोलियरी में कोयले के भंडारण का औचक वॉल्यूमैट्रिक जांच करने के निर्देश दिए।उत्पाद विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने अवैध शराब निमार्ता पर कड़ी कार्रवाई करने तथा लाइसेंसी बार में औचक जांच करने के निर्देश दिए। कमर्शियल टैक्सेस की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने डिफॉल्टरों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा मोबाइल चेकिंग कर राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया।

बैठक में उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त श्री पवन कुमार के अलावा अपर समाहर्ता विनोद कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा सहित सभी अंचल अधिकारी व अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। इस बैठक के बाद आयुक्त ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की बैठक कर विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने उप विकास आयुक्त से विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी परियोजनाओं का कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए श्री राजीव रंजन के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

# इजराइल ने सीरिया के 250 से अधिक सैन्य ठिकानों को किया ध्वस्त

## अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद सपरिवार रूस पहुंचे

एजेंसी



**दमिश्क।** सीरिया में सत्ता परिवर्तन होने के बाद से इजरायली वायु सेना ने पिछले दो दिनों में 250 से अधिक सैन्य ठिकानों पर हमला किया है, जिनमें सैन्य अड्डे, दर्जनों लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर, विमान भेदी मिसाइल प्रणाली और मिसाइलों वाले गोदाम शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि यह इजरायली वायु सेना के इतिहास में सबसे बड़े आक्रामक अभियानों में से एक था। सीरियाई सशस्त्र विपक्षी समूहों ने रविवार को दमिश्क पर कब्जा कर लिया। सीरिया के प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी अल-जलाली ने कहा कि उन्होंने और 18 अन्य मंत्रियों ने राजधानी में रहने का निर्णय लिया है। जलाली ने यह भी कहा कि वह शहर में प्रवेश कर चुके उग्रवादी समूहों के नेताओं के संपर्क में हैं।

रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि सीरियाई संघर्ष में कुछ प्रतिभागियों के साथ बातचीत के बाद सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद ने पद और देश छोड़ दिया। सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे के बाद अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद सपरिवार देश छोड़कर रूस भाग चुके हैं। अरबी इजराइली सेना ने देश के दक्षिण-पश्चिम में कुनीत्रा ग्रामीण इलाकों में जमीनी घुसपैठ के बाद सोमवार को पूर्व सीरियाई सरकार से संबंधित कई सैन्य स्थलों पर हवाई हमले किए। राजधानी दमिश्क के बरजेह क्षेत्र में रासायनिक हथियारों के उत्पादन से जुड़े एक पूर्व सरकारी स्थल के पास कम से कम दो विस्फोट किए। साथ ही दक्षिणी दमिश्क के सैय्यदा जैनब क्षेत्र के आसपास ईरानी समर्थक गुटों से संबंधित सैन्य गोदामों और मुख्यालयों को भी निशाना बनाया।वेबसाइट ने एक स्थानीय सूत्र के हवाले से कहा कि इजराइली सैन्य विमानों ने मध्य सीरिया के होम्स ग्रामीण इलाके में शायरात सैन्य हवाई अड्डे पर हमला कर बड़े हिस्से को नष्ट कर दिया। इस क्षेत्र में हयात तहरीर अल-शाम के लड़ाके तैनात हैं। इजराइली सेना ने उन्हें कोई क्षति नहीं पहुंचाई। इजराइल ने उत्तर-पूर्व में हसाकाह ग्रामीण इलाके में कामिश्ली हवाई अड्डे और टारटाब रेजिमेंट को भी निशाना बनाया। इसके बाद यहां कई विस्फोट हुए। देश के पूर्व में दीर एज-जोर में अल-मयादीन रेगिस्तान में ऐन अली श्राइन के पास ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक पूर्व मुख्यालय को हवाई हमला कर जमींदोज कर दिया। यहां तोपखाना स्थापित किया गया था। हमले के बाद टैंक, गोला-बारूद और खदानों में आग लग गई।इसके अलावा इजराइली लड़ाकू विमानों ने मुल्क के पश्चिम में लताकिया के बंदरगाह पर तैनात सैन्य नौकाओं और रास शामरा क्षेत्र के पास अल-बायदा के बंदरगाह में वायु रक्षा ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इजराइली समाचार पत्र मारीव के अनुसार, सीरियाई बलों के वहां से हटने के बाद इजराइली बलों ने माउंट हर्मन सैन्य स्थल पर नियंत्रण कर लिया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि बफर जोन पर नियंत्रण कर लिया गया है।

### अल बशीर बने सीरिया के अंतरिम प्रधानमंत्री

मोहम्मद अल-बशीर को मंगलवार को एक मार्च, 2025 तक संक्रमणकालीन सीरियाई सरकार का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। दमिश्क में 12 दिनों तक चले बिजली के हमले से पहले श्री अल-बशीर ने विद्रोहियों के नेतृत्व वाली साल्वेशन सरकार चलाई थी।

### इधर तुर्किये ने अलेप्पो में की बमबारी, पांच बच्चों की मौत

**दमिश्क।** विद्रोहियों के नियंत्रण और राष्ट्रपति के भाग जाने के बाद भी सीरिया में बमों के धमाके गूंज रहे हैं। ताजा बमबारी में पांच बच्चे मारे गए हैं।

यह बमबारी तुर्किये और उससे संबद्ध गुटों ने की है। देश के उत्तर में अलेप्पो गवर्नमेंट के कोबानी शहर के ग्रामीण इलाके में तुर्किये सेना और उससे संबद्ध गुटों ने सोमवार को ड्रोन से बमबारी की। इस बमबारी में पांच बच्चे मारे गए। अफदको गांव को निशाना बनाने वाले तुर्किये ड्रोन के हमले में तीन बच्चे मारे गए। कोबानी के दक्षिण-पश्चिमी ग्रामीण इलाके में स्थित कोन अफतार गांव पर तोप के गोले गिरने से दो अन्य बच्चों की मौत हो गई। रविवार को भी तुर्किये ड्रोन ने रक्का गवर्नरेट के उत्तरी ग्रामीण इलाके में ऐन इस्सा शहर के पश्चिम में स्थित अल-मुस्तरेहा गांव को निशाना बनाया।

### फिलीपींस में ज्वालामुखी फटने से 54 हजार प्रभावित


**मनीला।** फिलीपींस के कनलाओन ज्वालामुखी फटने से नेग्रोस द्वीप समूह के हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। वैज्ञानिकों ने कनलाओन ज्वालामुखी के छह किलोमीटर दायरे में रह रहे लगभग 54 हजार लोगों को फौरन अन्यत्र चले जाने को कहा है। सोमवार अपराह्न 3:03 बजे इस ज्वालामुखी के शिखर पर शक्तिशाली विस्फोट होने से यह नौबत आई। पलक झपकते ही राख का गुबार 3,000 मीटर ऊपर उठ गया। यह राख का गुबार पश्चिम और दक्षिण पश्चिम दिशा पर फैल गया। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के प्रमुख टेरेसिटो बैकोलकोल ने सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि खतरा अभी टला नहीं है। इसमें दोबारा और शक्तिशाली विस्फोट हो सकता है। फिवोलक्स ने कहा कि ज्वालामुखी के शिखर से छह किलोमीटर के क्षेत्र को फौरन खाली करा लेना चाहिए। यहां के लोगों को तुरंत सुरक्षित निकालना होगा।

### फतेहपुर में नूरी मस्जिद पर चला बुलडोजर



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के ललौली कस्बे में नूरी मस्जिद के अवैध निर्माण को मंगलवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। जिला प्रशासन ने नोटिस के बाद यह कार्रवाई की। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि नूरी मस्जिद के अतिक्रमण वाले हिस्से को जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की मदद से हटा दिया गया है।

### फिल्म बागी 4 में नजर आयेंगी सोनम बाजवा



**मुंबई।** पंजाबी फिल्मों की जानीमानी अभिनेती सोनम बाजवा फिल्म बागी 4 में नजर आयेंगी। सोनम बाजवा ने हाल ही में फिल्म निमार्ता साजिद नाडियाडवाला की फिल्म हाउसफुल 5 और उसके बाद एक्शन से भरपूर फ्रैंचाइजी बागी 4 साइन की है। हाउसफुल 5 के बाद बागी 4 सोनम बाजवा की साजिद नाडियाडवाला के साथ दूसरी फिल्म होगी।

### हाथरस में दो वाहनों में टक्कर, सात मरे

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मंगलवार दोपहर एक कंटेनर और टाटा मैजिक की आमने-सामने की टक्कर में सात लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि 13 अन्य घायल हो गये। मृतकों में तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।घायलों में छह की हालत नाजुक बताई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में दुख जताते हुये शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल अस्पताल पहुंच कर घायलों को समुचित उपचार दिलाने के निर्देश दिए हैं और उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है।

### सोनमर्ग और गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे



श्रीनगर। कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया है। सोनमर्ग में शून्य से नीचे 9.7 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। स्की-रिसॉर्ट गुलमर्ग दूसरा सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां पारा शून्य से नीचे 9.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### जॉय बांग्ला अब बांग्लादेश का राष्ट्रीय नारा नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जॉय बांग्ला को राष्ट्रीय नारा घोषित करने के हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद गठित अंतरिम सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सैयद रेफअत अहमद की अध्यक्षता वाली अपीलीय प्रभाग की पीठ ने अंतरिम सरकार की याचिका पर सुनवाई की।

# किसी भी विषय में सीयूइटी यूजी परीक्षा दे सकेंगे छात्र

## अगले साल से होगा बड़ा बदलाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सीयूईटी यूजी 2025 प्रवेश परीक्षा बड़े बदलावों के साथ होगी। अब छात्र किसी भी विषय में सीयूईटी यूजी परीक्षा दे सकेंगे चाहे उन्होंने 12वीं में वह विषय पढ़ा हो या नहीं। इसके अलावा सीयूईटी यूजी केवल कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड (सीबीटी) में आयोजित की जाएगी। यूजीसी के चेयरमैन जगदीश कुमार ने मंगलवार को इन बदलावों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा गठित एक विशेषज्ञ पैनल ने परीक्षा की समीक्षा कर कई बदलावों की सिफारिश की थी। कुमार ने कहा कि पिछले साल हाइब्रिड मोड के उलट 2025 से परीक्षा केवल सीबीटी मोड में आयोजित की जाएगी। हमने विषयों की संख्या भी 63 से घटाकर 37 कर दी है और हटाए गए विषयों के लिए प्रवेश सामान्य योग्यता परीक्षा के अंकों के आधार पर होगी। बता

**12 वीं में वह विषय पढ़ा हो या नहीं, सीबीटी मोड में होगी परीक्षा**



दें कि सीयूईटी यूजी स्कोर से डीयू, बीएचयू, जामिया, जेएनयू समेत देश के 250 से भी ज्यादा विश्वविद्यालयों में दाखिला मिलता है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों को सीयूईटी-यूजी में उन विषयों को चुनने की भी अनुमति दी जाएगी, जिन्हें उन्होंने कक्षा 12 में नहीं पढ़ा है, ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा में कठोर अनुशासनात्मक सीमाओं को पार करने की अनुमति मिल सके। स्टूडेंट अंडर ग्रेजुएशन में किसी भी कोर्स में दाखिला ले सकता है चाहे वह विषय 12वीं में पढ़ा हो या न पढ़ा हो, उसे एक परीक्षा पास कर एडमिशन के जरूरी कटऑफ पर खरा उतरना होगा।

### ये हुए बदलाव

1. किसी भी विषय से दें सीयूईटी, 12वीं की स्ट्रीम या विषय मायने नहीं रखेंगे।
2. सभी सीयूईटी यूजी परीक्षाओं के लिए 60 मिनट की समान अवधि होगी।
3. वैकल्पिक प्रश्नों का सिस्टम खत्म होगा। सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे।
4. विषयों की संख्या भी 63 से घटाकर 37 होगी।
5. पिछले साल सीयूईटी हाईब्रिड मोड (पेन पेपर और कंप्यूटर बेस्ड दोनों) में हुआ था।
6. अब 6 की बजाय अधिकतम 5 विषयों में उपस्थित हो सकेंगे।

### कर्नाटक के पूर्व सीएम एसएम कृष्णा का निधन



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के पूर्व विदेशमंत्री एसएम कृष्णा का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने 92 साल में घर पर आखिरी सांस ली।। वह लंबे समय से बीमार थे। केंद्र सरकार ने पिछले साल उन्हें पद्म विभूषण से अलंकृत किया था। वो इस समय भाजपा से जुड़े थे। उनके निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत भाजपा और कांग्रेस के अनेक नेताओं ने शोक जताया है। कृष्णा ने 1999 से 2004 तक कर्नाटक की बागडोर संभाली। वो मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में विदेश मंत्री भी रहे। मार्च 2017 में वो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। पूर्व मुख्यमंत्री कृष्णा ने 1960 के आसपास राजनीतिक पारी की शुरूआत की थी। 1962 में उन्होंने मद्दुर विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा और कांग्रेस को हराया। इसके बाद वो प्रजा सोशलिस्ट पार्टी में शामिल हो गए।



सांसद के बाहर अडानी-मोदी की तस्वीर वाला बैग लेकर प्रदर्शन करते राहुल गांधी और प्रियंका गांधी

# साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नये खतरेः मुर्मू

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन को मानवाधिकारों के लिए नए खतरे करार देते हुए ऐसे सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल माहौल के महत्व पर बल दिया है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा हो। मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में कहा कि मानवाधिकार दिवस पर, हमें न्याय, समानता और सम्मान के मूल्यों के प्रति नये सिरे से अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता करनी चाहिए जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करते हैं। हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे। एक साथ, निरंतर प्रयास और एकजुटता के माध्यम से, हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जिसमें हर व्यक्ति, चाहे उसकी



उम्र, पृष्ठभूमि या परिस्थिति कुछ भी हो, सम्मान, अवसर और पूर्णता का जीवन जीने के लिए सशक्त हो। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सभी नागरिकों को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। सरकार सभी के लिए आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वच्छता, बिजली, रसोई गैस और वित्तीय सेवाओं से लेकर स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक कई सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों की गारंटी भी देती है।

### संजय मल्होत्रा आज संभालेंगे आरबीआइ के गवर्नर का पदभार



**नयी दिल्ली।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को कहा कि 11 दिसंबर को आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने के बाद वह सभी नजरियों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करने की कोशिश करेंगे। नव नियुक्त गवर्नर राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने वित्त मंत्रालय के बाहर पत्रकारों के पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि किसी को भी क्षेत्र, सभी दृष्टिकोणों को समझना होगा और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य करना होगा। संजय मल्होत्रा ने कहा कि 11 दिसंबर को आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने के बाद वह सभी दृष्टिकोणों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम कार्य करने का प्रयास करेंगे।

# बिहार : वंशावली में दर्ज करना होगा बहन और बेटियों का नाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जमीन के स्वामित्व को लेकर होने वाले विवादों को सुलझाने के लिए दिशा निर्देश जारी किया है। इसमें स्वामित्व कायम करने के कई विकल्प दिए गए हैं। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने मंगलवार को दिशा निर्देश जारी किया। अधिसूचना भी जारी हो गई है। महिलाएं अगर अपने पिता की जमीन में स्वामित्व का त्याग शपथ पत्र के माध्यम से नहीं करती हैं तो उनका अधिकार कायम रहेगा।

**महिलाएं अगर पिता की जमीन में स्वामित्व का त्याग शपथ पत्र के माध्यम से नहीं करती हैं तो उनका अधिकार कायम रहेगा**

रैयतों को वंशावली की घोषणा में बहन-बेटियों का नाम दर्ज करना ही होगा। किसी रैयत का जमीन पर शांतिपूर्ण दखल-कब्जा है। स्वामित्व के नाम पर सिर्फ लगान रसीद है। भूमि सर्वेक्षण में ऐसे भूखंडों के चौहद्दीदारों के बयान पर एक निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। चौहद्दी की किसी जमीन में उस खेसरा के स्वामी के रूप में रैयत का नाम हो तो उनके नाम से खाता खुल सकता है। रैयत के नाम पर खेसरा पर दखल कब्जा है। न जमाबंदी कायम है और न रसीद कट रही है। ऐसी जमीन के मामले में कहा गया है कि इसका खाता बिहार सरकार के नाम से खुलेगा। अभियुक्ति कालम में अवैध दखलकार का नाम दर्ज होगा। कुछ ऐसी भी जमीन है, जो सर्वे-खतियान में अनाबाद बिहार सरकार के खाते में दर्ज है। उस पर मकान बना हुआ है। अभियुक्ति के कालम में दखलकार का नाम दर्ज है। इन मामलों में दखल के उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर रैयती खाता खोला जाएगा।

# गगनयान मिशन के लिए वेल डेक रिकवरी ऑपरेशन

एजेंसी

- क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को भारतीय नौसेना के गोताखोरों और समुद्री कमांडो ने किया प्रशिक्षित
- 2025 तक 400 किमी. ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजेगा भारत

**नयी दिल्ली।** गगनयान मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय नौसेना के साथ वेल डेक रिकवरी ऑपरेशन ट्रायल किये हैं। क्रू मॉड्यूल के वेल डेक रिकवरी ट्रायल पूर्वी नौसेना कमान में विशाखापत्तनम के तट पर वेल डेक शिप का उपयोग करके किए गए। गगनयान के लिए चल रही तैयारियों के तहत अभी और रिकवरी ट्रायल होंगे। इस ट्रायल में रिकवरी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो मिशन के सुरक्षा प्रोटोकॉल का महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत का लक्ष्य 2025 तक 400 किमी. ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है। इसरो के मिशन गगनयान की क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में नौसेना के गोताखोरों और समुद्री कमांडो की एक टीम ने विभिन्न समुद्री परिस्थितियों में प्रशिक्षित किया है। इसरो के अनुसार गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी. की कक्षा में लॉन्च करके और भारतीय समुद्री जल में उतरा जाएगा। इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है।

यह प्रशिक्षित टीम इसरो के 'मिशन गगनयान' की लॉन्चिंग टीम में शामिल होगी। इसरो ने मंगलवार को बताया कि भारतीय नौसेना के साथ मिलकर गगनयान के लिए महत्वपूर्ण वेल डेक रिकवरी ट्रायल 06 दिसंबर को किये गए, जो भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में एक मील का पत्थर है। इसरो के अनुसार एक



अच्छी डेक वाला जहाज अपने डेक पर पानी भरने की सुविधा देता है, जिससे नावों, लैंडिंग क्राफ्ट और अंतरिक्ष यान की सुरक्षित डॉकिंग और रिकवरी संभव हो जाती है। इस व्यापक प्रक्रिया में रिकवरी बॉय को जोड़ने, क्रू मॉड्यूल को खींचने, वेल डेक जहाज में प्रवेश करने, क्रू मॉड्यूल की सटीक स्थिति निर्धारित करने तथा वेल डेक से पानी निकालने के परीक्षण शामिल थे। इसरो ने कहा कि इस ट्रायल का प्राथमिक उद्देश्य रिकवरी समय को कम करना और क्रू मॉड्यूल के समुद्र में उतरने के बाद चालक दल के लिए कम से कम परेशानी न होने देना है। इन जटिल युद्धाभ्यासों का अभ्यास करके इसरो और भारतीय नौसेना का लक्ष्य सामान्य और अप्रत्याशित दोनों स्थितियों के लिए अपने मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को ठीक करना है। इसरो ने कहा कि गगनयान के लिए चल रही तैयारियों के तहत रिकवरी ट्रायल जारी रहेंगे। इसरो और नौसेना ने मई, 2023 में कोच्चि के वाटर सर्वाइवल ट्रेनिंग फैसिलिटी आईएनएस गरुड़ में गगनयान रिकवरी ट्रेनिंग प्लान जारी किया था। ऑपरेशन में वेल डेक शिप का उपयोग करके क्रू मॉड्यूल के लिए रिकवरी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो मिशन के सुरक्षा प्रोटोकॉल का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### तेजी गंवाकर शेयर बाजार सपाट हुआ बंद

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, यूटिलिटीज, पावर और सर्विसेज समेत दस समूहों में बिकवाली जबकि अन्य ग्यारह में लिवाली होने की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार शुरूआती तेजी गंवाकर कारोबार के अंत में सपाट बंद हुआ। सेंसेक्स 1.59 अंक बढ़कर 81,510.05 अंक जबकि निफ्टी 8.95 अंक फिसलकर 24,610.05 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.30 प्रतिशत बढ़कर 47,967.15 अंक और स्मॉलकैप 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,503.12 अंक हो गया। बीएसई में कुल 4093 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2019 में लिवाली जबकि 1945 में बिकवाली हुई , 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि अन्य 23 में तेजी का रुख रहा।

बीएसई के दस समूहों का रुझान नकारात्मक रहा।

